

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 सरफराज की इनिंग से इम्प्रैस...

सैन्य ऑपरेशन को लेकर फिर... 12



वर्ष : 14 | अंक : 275 | नई दिल्ली, शनिवार, 17 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 20°C

न्यूनतम तापमान 16°C

**बाजार**

सोना 63,575

चांदी 74,900

सेंसेक्स 72,426

निफ्टी 22,040

## संक्षिप्त खबरें

### बीकेएस ने किसान आंदोलन से बनाई दूरी

नई दिल्ली। भारतीय किसान संघ (बीकेएस) ने किसान आंदोलन से दूरी बनाई है। इस संबंध में बीकेएस के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने शुक्रवार को कहा कि किसान आंदोलन हिंसक हो चुका है। ऐसे में संगठन इस आंदोलन को अपना समर्थन नहीं दे रहा है। मिश्र ने कहा कि जब राजनैतिक मंशा के साथ किसानों के कंधे का प्रयोग कुछ लोग अपना राजनैतिक हित साधने के लिए करते हैं तो पीड़ा होती है। उन्होंने कहा कि जब किसान के नाम राजनैतिक आंदोलन चलता है तो सबसे अधिक नुकसान किसानों को होता है। ऐसे में संगठन का आग्रह है कि किसानों के नाम पर राजनैतिक चुनावी पैंतरेबाजी बंद होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, ऋण माफी सहित अन्य मुद्दों को लेकर पंजाब के कुछ किसान संगठन दिल्ली में आकर प्रदर्शन करना चाहते हैं। इन्हें हरियाणा की सीमा पर रोका गया है। इस दौरान किसानों और पुलिस प्रशासन से झड़प के कई मामले सामने आए हैं। मुद्दों को सुलझाने के लिए केन्द्र सरकार के तीन मंत्रियों ने किसान संगठनों से तीन दौर की वार्ता की है।

### एनसीआर में खाद्य संरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों के भवनों और सरकारी कार्यालयों के जलपान गृहों में संरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के उद्देश्य से कैंटीन संचालकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि प्राधिकरण खाद्य संरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (एफओएसटीएसी) कार्यक्रम के जरिए पूरे देश में खाद्य संरक्षा के संवर्द्धन के लिए अभियान चला रहा है। मंत्रालय के अनुसार प्राधिकरण ने चार राज्य- बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र और सिक्किम के भवनों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए हैं। इन भवनों के सभी खाद्य संचालकों को जरूरी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) एवं नॉर्थ ब्लॉक में भी यह प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों के भवनों और सरकारी कार्यालय भवनों के जलपान गृहों में खाद्य संरक्षा मानकों में सुधार करना है। अगले कुछ दिनों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मणिपुर भवनों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा खाद्य संरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (एफओएसटीएसी) कार्यक्रम के तहत सरकारी कार्यालयों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर अगले तीन वर्षों में एफएसएसएआई की ओर से 25 लाख खाद्य व्यवसाय संचालकों को प्रशिक्षण देने की घोषणा की गयी थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान पूरे देश में एफओएसटीएसी कार्यक्रम में कुल तीन लाख 58 हजार 224 कैंटीन संचालकों को प्रशिक्षित किया गया है।

## मोदी ने राजस्थान के विकास के लिए करीब 17 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

# राजस्थान में डबल इंजन की सरकार तेजी से काम कर रही है: पीएम

प्रात: किरण/एजेंसी







जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान के विकास के लिए करीब 17 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का वर्चुअली शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि सभी ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया और डबल इंजन की सरकार बनाई और राजस्थान की डबल इंजन सरकार ने कितनी तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। आज राजस्थान के विकास के लिए करीब 17 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। ये प्रोजेक्ट, रेल, रोड, सौर ऊर्जा, पानी और एलपीजी जैसे विकास कार्यक्रमों से जुड़े हैं। ये परियोजनाएं राजस्थान के हजारों युवाओं को रोजगार देने वाली हैं। उन्होंने इन प्रोजेक्ट्स के लिए राजस्थान के सभी साथियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान महत्वपूर्ण इस कार्यक्रम में राजस्थान की हर विधानसभा से लाखों साथी जुड़े और वह सभी का अभिनंदन करते हैं और मुख्यमंत्री को भी बधाई देते है कि उन्होंने टेक्नोलॉजी का इतना शानदार उपयोग करके जन-जन तक पहुंचाने का उन्हें अवसर दिया है। कुछ दिन पहले फ्रांस के राष्ट्रपति का जयपुर में जो स्वागत सत्कार किया गया, उसकी गूंज पूरे भारत में, इतना ही नहीं पूरे फ्रांस में भी उसकी गूंज रही है और यही तो राजस्थान के लोगों की खासियत है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के भाई-बहन जिस पर प्रेम लुटाते हैं, कोई कसर बाकी नहीं छोड़ते। उन्हें याद है, जब विधानसभा चुनाव के समय वह राजस्थान आते थे, तो लोग किस तरह हमें आशीर्वाद देने के लिए उमड़ पड़ते थे। उन्होंने कहा आपको याद होगा, लाल किले से मैंने कहा था- यही समय है, सही समय है। आजादी के बाद आज भारत के पास ये स्वर्णिम कालखंड आया है। भारत के पास वो अवसर आया है, जब वो दस साल पहले की निराशा को छोड़कर अब पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है।

आप याद कीजिए, 2014 से पहले देश में क्या बातें चल रही थीं। क्या सुनाई दे रहा था। अखबारों में क्या पढ़ने को मिलता था। तब पूरे देश में होने वाले बड़े-बड़े घोटालों की चर्चा ही रहती थी। तब आए दिन होने वाले बम धमाकों की चर्चा होती थी। श्री मोदी ने कहा देश के लोग सोचते थे कि हमारा क्या होगा, देश का क्या होगा। जैसे-तैसे जीवन निकल जाए, जैसे-तैसे नौकरी बच जाए, कांग्रेस के राज में चारों तरफ तब यही माहौल था। और आज हम क्या बात कर रहे हैं। किस लक्ष्य की बात कर रहे हैं। आज हम विकसित भारत की, विकसित राजस्थान की बात कर रहे हैं। आज हम बड़े सपने देख रहे हैं, बड़े संकल्प ले रहे हैं और उन्हें पाने के लिए तन-मन से जुटे हैं। जब मैं विकसित भारत की बात करता हूं, तो ये केवल शब्द भर नहीं है, ये केवल भाव भर नहीं है। ये हर परिवार का जीवन समृद्ध बनाने का अभियान है। ये गरीबी को जड़ से मिटाने का अभियान है। ये युवाओं के लिए अच्छे रोजगार बनाने का अभियान है। ये देश में आधुनिक सुविधाएं बनाने का अभियान है। मैं कल रात में ही विदेश यात्रा से लौटा हूं। यूएई और कतर के बड़े-बड़े नेताओं से मेरी मुलाकात हुई है। आज वे भी भारत में हो रही प्रगति को लेकर चकित हैं। आज उनको भी भरोसा हो रहा है कि भारत जैसा विशाल देश बड़े सपने देख सकता है, इतना ही नहीं, उन्हें पूरा भी कर सकता है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है। और विकसित राजस्थान के लिए रेल, रोड, बिजली, पानी, जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं का तेज विकास होना जरूरी है। जब ये सुविधाएं बनेंगी, तब किसान-पशुपालक को लाभ होगा। राजस्थान में उद्योग आएंगे, फैक्ट्रियां लगेंगी, पर्यटन बढ़ेगा। अधिक निवेश आएगा, तो स्वाभाविक है, ज्यादा से ज्यादा नौकरियां भी आएंगी। जब सड़कें बनती हैं, रेल लाइन बिछती है, रेलवे स्टेशन बनते हैं, जब गरीबों के घर बनते हैं, जब पानी और गैस की पाइपलाइन बिछती है, तब निर्माण से जुड़े हर बिजनेस में रोजगार बढ़ता है। तब ट्रांसपोर्ट से जुड़े साथियों को रोजगार मिलता है। इसलिए इस वर्ष के केंद्रीय बजट में भी हमने ऐतिहासिक 11 लाख करोड़ रुपए इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रखे हैं। ये कांग्रेस सरकार के समय से छह गुना ज्यादा है। जब ये पैसा खर्च होगा, तो राजस्थान के सीमेंट, पत्थर, सिरेमिक, ऐसे हर उद्योग को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि गत 10 वर्षों में राजस्थान में गांव की सड़कें हों या फिर नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे, आपने देखा होगा, अभूतपूर्व निवेश किया गया है। आज राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के समुद्री तट से लेकर के पंजाब तक चौड़े और आधुनिक हाईवे से जुड़ रहा है। आज जिन सड़कों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है, उनसे कोटा, उदयपुर, टोंक, सवाई-माधोपुर, बुंदी, अजमेर, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। यही नहीं इन सड़कों से हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली से कनेक्टिविटी भी सशक्त होगी। आज भी यहां रेलवे के विद्युतीकरण से लेकर मरम्मत तक के अनेक प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण हुआ है। बांदीकुई से आगरा फोर्ट रेलवे लाइन के दोहरीकरण का काम पूरा होने के बाद मेहंदीपुर बालाजी और आगरा आना जाना और आसान हो जाएगा। जयपुर में खातीपुरा स्टेशन के शुरू होने से अब ज्यादा ट्रेनें चल पाएंगी। इसमें यात्रियों को बहुत सुविधा होगी।

## कांग्रेस के पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप नहीं

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस की दूरगामी सोच के साथ सकारात्मक नीतियां नहीं होने और न ही उसके पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप होने से भारत अपनी बिजली व्यवस्था को लेकर बदनाम रहा है लेकिन हमारी सरकार ने देश को बिजली की चुनौतियों से निकालने पर ध्यान देकर नीतियां बनाने एवं निर्णय लेकर सौर ऊर्जा जैसे बिजली उत्पादन के नए-नए क्षेत्र पर जोर देने से हालात बिल्कुल बदल गए और आज भारत सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने के मामले में दुनिया में अग्रणी देशों में आ चुका है। श्री मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान के विकास के लिए करीब 17 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का वर्चुअली शिलान्यास और लोकार्पण के अवसर पर कांग्रेस पर यह आरोप लगाते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ एक बहुत बड़ी समस्या यह है कि वह दूरगामी सोच के साथ सकारात्मक नीतियां नहीं बना सकती। कांग्रेस, ना भविष्य को भांप सकती है और ना ही भविष्य के लिए उसके पास कोई रोडमैप है। कांग्रेस की इसी सोच की वजह से भारत अपनी बिजली व्यवस्था को लेकर बदनाम रहता था। कांग्रेस के दौर में बिजली की कमी के कारण पूरे देश में कई-कई घंटों तक अंधेरा हो जाता था। जब बिजली आती भी थी, तो बहुत कम समय के लिए आती थी। करोड़ों गरीब परिवारों के घर में तो बिजली कनेक्शन ही नहीं था। श्री मोदी ने कहा जब मोदी आपको दी गई गारंटियां पूरी करता है, तो कुछ लोगों की नींद उड़ जाती है। आप कांग्रेस की स्थिति देख रहे हैं। आपने हाल में ही कांग्रेस को सबक सिखाया है। लेकिन ये मानते ही नहीं। आज भी इनका एक ही एजेंडा है- मोदी को गाली दो। जो भी मोदी को जितनी ज्यादा गाली दे सकता है, उसे कांग्रेस उतना ही जोर से गले लगाती है। ये विकसित भारत का नाम तक नहीं लेते- क्योंकि मोदी इसके लिए काम कर रहा है। ये मेड इन इंडिया से बचते हैं- क्योंकि मोदी इसे बढ़ावा देता है। ये वोकल फॉर लोकल नहीं बोलते- क्योंकि मोदी इसके लिए आग्रह करता है। जब भारत, पांचवें नंबर की आर्थिक ताकत बनता है- तो पूरे देश को खुशी होती है लेकिन कांग्रेस के लोगों को खुशी नहीं होती। जब मोदी कहता है कि अगले कार्यकाल में भारत, दुनिया की तीसरे नंबर की ताकत बनेगा। तब भी पूरा देश आत्मविश्वास से भर जाता है लेकिन कांग्रेस के लोग इसमें भी निराशा ढूंढते हैं। मोदी कुछ भी कहे, मोदी कुछ भी करे, ये उसका उल्टा कहेंगे, उल्टा करेंगे। चाहे इसमें देश का भारी नुकसान ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कांग्रेस के पास एक ही एजेंडा है- मोदी विरोध, घोर मोदी विरोध। मोदी के विरोध में ये ऐसी-ऐसी बातें फैलाते हैं, जिससे समाज बंट जाए। जब कोई पार्टी परिवारवाद के, वंशवाद के घोर कुचक्र में फंस जाती है, तो उसके साथ ऐसा ही होता है।

### ईडी का पार्थ चटर्जी के करीबी के घर छापा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में एक बार फिर से ईडी का एक्शन दिखा है। प्रवर्तन निदेशालय ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को एक बिल्डर के आवास और कार्यालय पर छापेमारी शुरू की, जिसे पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी का करीबी माना जाता है। बताया जा रहा है कि शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में कोलकाता में कई स्थानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। सूत्रों ने बताया का ईडी की टीम के साथ सुरक्षाबल के जवान भी मौजूद हैं। एक अधिकारी ने कहा, केंद्रीय बलों के साथ ईडी की टीमों ने व्यवसायी के एक कार्यालय और तीन फ्लैटों पर छापा मारा, जिनमें से एक कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में नकटला में चटर्जी के घर के ठीक सामने है। ईडी के मुताबिक, इस घोटाले में बिल्डर की अहम भूमिका रही है। ईडी अधिकारी ने बताया कि ऐसा लगता है कि उस व्यक्ति ने घोटाले से प्राप्त धन को विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने में गिरफ्तार मंत्री की मदद की है।

## हाईकोर्ट की जमीन पर चल रहे दफ्तर को आप पार्टी खाली करने को तैयार, शर्त भी लगी

प्रात: किरण/एजेंसी





नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राउज एवेन्यू स्थित मुख्य पार्टी कार्यालय की जमीन विवाद मामले पर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर अपना पक्ष रखा और कहा कि उसने जमीन पर कब्जा नहीं किया है और वह उस परिसर को खाली करने को तैयार है, मगर उसे कोर्ट की तरफ से कल्पिक स्थान आवंटित किया जाए। इससे पहले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई थी और आम आदमी पार्टी को तुरंत जमीन लौटाने को कहा था। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर स्पष्टीकरण दिया और कहा कि उसने दिल्ली में ज्यूडिशियरी के लिए आवंटित किसी भी जमीन पर कब्जा नहीं किया है। उसे 2015 में भूमि आवंटित की गई थी। 2023 में एल एंड डीओ ने कहा कि वही भूमि राउज एवेन्यू कोर्ट के विस्तार के लिए निर्धारित की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट में आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय पार्टियां दिल्ली में जगह पाने की हकदार हैं। आप पार्टी ने कहा कि जगह को तत्काल खाली करने का मतलब यह होगा कि आम आदमी पार्टी के पास पार्टी कार्यालय के लिए कोई जगह नहीं होगी। आगामी चुनावों को देखते हुए उन्हें भी कोई जमीन दिया जाए। अन्य 5 राष्ट्रीय दल अपने आवंटित कार्यालयों दिल्ली से काम करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी सरकार और दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को राउज एवेन्यू में अदालत को आवंटित भूमि पर एक राजनीतिक दल द्वारा किये गये कथित अतिक्रमण को हटाने के लिए एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया था। मामले की सुनवाई के दौरान नाराज सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता। कोई राजनीतिक दल उस पर कैसे बैठ सकता है? हाईकोर्ट को जमीन का कब्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट इसका उपयोग केवल जनता और नागरिकों के लिए करेगा।

सीजेआई ने गुस्से में कहा कि हम निर्देश देते हैं कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक बुलाएं ताकि सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित हो सके।

### नीतीश के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं: लालू

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं। नीतीश कुमार हाल ही में राजद व कांग्रेस के साथ वाले महागठबंधन से नाता तोड़कर कर भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हो गए। जदयू अध्यक्ष के विरोधी खेमे में जाने के बाद प्रदेश में सत्ता गंवाने वाले वाली राजद के अध्यक्ष ने यहां पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। दोनों नेताओं को बृहस्पतिवार को बिहार विधानसभा परिसर के अंदर गर्मजोशी से हाथ मिलाते देखा गया, जहां लालू राज्यसभा चुनाव को लेकर अपनी पार्टी के उम्मीदवारों मनोज झा और संजय यादव के नामांकन दाखिल करने के समय उनका मनोबल बढ़ाने गए थे। जब प्रसाद से कुमार से फिर से साथ आने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, अब आएंगे तो देखेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या जदयू प्रमुख के लिए उनका दरवाजा खुला हुआ है, राजद प्रमुख ने कहा, दरवाजा खुला ही रहता है।

## 'इंडिया' के सत्ता में आने पर एमएसपी को कानूनी गारंटी मिलेगी : राहुल

प्रात: किरण/एजेंसी



रोहतास/सासाराम। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि यदि आगामी लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) सत्ता में आता है तो उनकी पार्टी देश में किसानों की लंबे समय से लंबित मांगों को स्वीकार करेगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करेगी। गांधी अपनी "भारत जोड़ो न्याय यात्रा" के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के साथ रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के टेकारी में आयोजित 'किसान न्याय महापंचायत' में पहुंचे और उन्होंने खाट पर बैठकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। गांधी ने किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए दावा किया, "किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिल रहा है।" उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस एमएसपी को कानूनी गारंटी देगी। उन्होंने कहा, "जब भी किसानों ने कांग्रेस से कुछ मांगा हैं, उन्हें दिया गया है। चाहे कर्ज माफी हो या एमएसपी, कांग्रेस ने हमेशा किसानों के हितों की रक्षा की है और हमेशा ऐसा करती करेगी।" गांधी का बयान ऐसे समय में आया है जब संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने भाजपा नीत केन्द्र सरकार पर फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित किसानों की विभिन्न मांगों को मानने का दबाव बनाने के वास्ते शुक्रवार को 'भारत बंद' आहूत किया है।

## पीएफआई व आईएसआई कर रहे हैं ज्ञानवापी के खिलाफ साजिश!

प्रात: किरण/एजेंसी

वाराणसी। यूपी के वाराणसी में अब संतों ने ज्ञानवापी में जुमे की नमाज पर नमाजियों के भीड़ पर सवाल उठाया है। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने आरोप लगाया कि पीएफआई व आईएसआई के लोग ज्ञानवापी बैठक में शामिल हुए थे। उनका दावा है कि ज्ञानवापी को लेकर जमाते इस्लामी हिंद, पीएफआई और आईएसआई मिलकर साजिश कर रहा है और इस मुद्दे पर वह लोग साम्प्रदायिक हिंसा करवा सकते हैं। उन्होंने फेसबुक के लाइव वीडियो लिंक के जरिए दावा किया कि केरल के इस बैठक में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के सचिव मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी शामिल थे। स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने दावा किया कि ज्ञानवापी में जुमे के नमाज पर जो भीड़ उमड़ रही है उसमे ज्यादातर नमाजी बाहरी हैं। उन्होंने बताया कि पहले ज्ञानवापी में कभी भी 100-200 से ज्यादा नमाजी नहीं जुटते थे लेकिन जब से यह मुद्दा कोर्ट में है और लगातार हिंदुओं के पक्ष में इसको लेकर फैसले आ रहें हैं। तब से वहां नमाजियों की भीड़ बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि माहौल खराब करने के लिए बाहरी नमाजी बुलाए जा रहें है। हालांकि इस मामले में यूपी पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ज्ञानवापी को लेकर फेसबुक और दूसरे सोशल मीडिया पर चलाए जा रहें ग्रूप और पेज पर नजर रख रही है और उससे जुड़े लोगों की कुंडली भी खंगाल रही है।

## भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल की सदस्यता रद्द

प्रात: किरण/एजेंसी

पटना। भोजपुर के अगियांव के भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है। तीन दिन पहले उन्हें हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। मंजिल को हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा मिलने के बाद उन्हें विधान सभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। विधानसभा सचिवालय में शुक्रवार शाम को इस संबंध में अभी सूचना जारी की। दरअसल, 13 फरवरी को एमपी-एमएलए कोर्ट ने हत्या के केस में दोषी पाते हुए मनोज मंजिल समेत 23 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद मनोज मंजिल को आरा कोर्ट से ही गिरफ्तार कर लिया गया और आरा मंडल कारा भेज दिया गया था। बिहार विधानसभा सचिवालय की ओर से इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसमें बिहार विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर जारी अधिसूचना में कहा गया है कि एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा अगिआंव विधानसभा के विधायक मनोज मंजिल के विरुद्ध दोषसिद्धि एवं दंडादेश के परिणावस्वरूप जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा आठ और संविधान के अनुच्छेद 191 एक (सी) के प्रावधानों के तरह मनोज मंजिल की सदस्यता रद्द की जाती है।

## शरद पवार की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की कमान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को देने वाले चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ दायर पार्टी स्थापक शरद पवार गुट की याचिका पर यथासंभव शीघ्र सुनवाई करने की शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने शरद पवार गुट का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह इस मामले में यथाशीघ्र सुनवाई करेगी। पीठ के समक्ष श्री सिंघवी ने मामले का विशेष उल्लेख करते हुए गुहार लगाई कि महाराष्ट्र में अगले सप्ताह विधानसभा सत्र के मद्देनजर शरद पवार के गुट के विधायकों को अजीत पवार समूह द्वारा जारी 'व्हिप' का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका पर तत्काल विचार किए जाने की आवश्यकता है।

श्री सिंघवी ने यह भी कहा कि शरद पवार गुट को चुनाव आयोग द्वारा कोई चुनाव चिह्न आवंटित नहीं किया गया है। पीठ की अध्यक्षता कर रहे मुख्य न्यायाधीश ने उनकी दलीलें सुनने के बाद शीघ्र सुनवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि इस मामले में पीठ यथाशीघ्र विचार करेगी। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गुट का पक्ष सुनने के बाद फैसला सुनाते हुए उन्हें (अजीत गुट) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और उसके चुनाव चिन्ह 'घड़ी' का वास्तविक हकदार बताया था। इस फैसले को शरद पवार गुट ने 13 फरवरी को शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर करके चुनौती दी है। इससे पहले सात फरवरी को उनके भतीजे श्री अजीत पवार के गुट ने एक 'कैविएट' याचिका दायर करके शीर्ष अदालत से गुहार लगाई गई कि यदि शरद पवार गुट चुनाव आयोग के छह फरवरी के फैसले को चुनौती दे तो इस मामले में कोई फैसला करने से पहले उनका पक्ष भी सुना जाए। जुलाई 2023 में श्री अजित पवार और उनके नेतृत्व में राकांपा के आठ अन्य विधायक अचानक श्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गठबंधन वाली महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए थे।

**राजनीति** | दो दिन पहले कांग्रेस तथा युवा कांग्रेस के बैंक खाते सील कर दिए हैं: अजय माकन

## प्रमुख विपक्षी दल के बैंक खाते फ्रीज कर सरकार ने की लोकतंत्र पर तालाबंदी : कांग्रेस

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी के बैंक खाते सील होने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार ने उसके खाते सील करके दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर बेड़ियां लगा दी है। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो दिन पहले कांग्रेस तथा युवा कांग्रेस के बैंक खाते सील कर दिए हैं और इन खातों में चेक जमा करने तथा पैसे निकालने पर पाबंदी लगा दी गयी है। श्री माकन ने कहा, हिंदुस्तान में लोकतंत्र पूरी तरह से खत्म हो चुका है। देश की मुख्य विपक्षी पार्टी के सारे अकाउंट्स फ्रीज कर दिए गए हैं। कांग्रेस के अकाउंट पर तालाबंदी कर दी गई है। ये कांग्रेस पार्टी के अकाउंट्स फ्रीज नहीं हुए देश का लोकतंत्र फ्रीज हो गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सोच समझ कर यह कदम आम चुनाव की घोषणा होने से महज दो सप्ताह पहले उठाया है। यह मामला पांच साल पहले का है, जब पार्टी को आयकर जमा करने में कुछ दिनों की देर हो गई थी और उसकी एवज में 210 करोड रुपए आयकर के रूप में मांगते हुए पार्टी के बैंक खाते सील कर दिए है। कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव की घोषणा से ठीक पहले प्रमुख विपक्षी दल के बैंक खाते सील करके सरकार देश में लोकतंत्र की हत्या कर दी है और जाता दिया है कि भाजपा सरकार देश में एक पार्टी की शासन व्यवस्था कायम करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा युवा कांग्रेस के जिन खातों को सील किया गया है उनमे 25 करोड़ से भी कम वह पैसा है जिसे क्राउड फंडिंग के जरिए एकत्र किया गया है। उनका कहना था कि इस राशि मे 95 प्रतिशत पैसा 100, 200 रुपए के संग्रहण से आया है। दुख की बात यह है कि युवा कांग्रेस के खाते में मेंबरशिप का जमा पैसा है जबकि दूसरी तरफ भाजपा के खाते में कॉर्पोरेटरों द्वारा बॉन्ड से जमा वह पैसा है जिसे उच्चतम न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया है। फिर भी उसके खाते चल रहे हैं। यह लोकतंत्र की हत्या और देश में डेमोक्रेसी को खत्म करने की साजिश है। श्री माकन ने कहा कि भाजपा सरकार की यह कार्रवाई बताती है कि वह लोकतंत्र को खत्म कर एक पार्टी सिस्टम चलाना चाहती है।

राष्ट्रीय दैनिक **प्रातःकिरण**

नई दिल्ली, शनिवार, 17 फरवरी, 2024




**संक्षिप्त समाचार**

## जेईई मेंस का रिजल्ट देख झूमे छात्र, संस्थाओं ने किया सम्मानित

**हरिद्वार, एजेंसी।** जेईई मेंस 2024 की परीक्षा का रिजल्ट आया तो सफल प्रतिभागी खुशी से झूम उठे। शिवम अग्रवाल ने 99.96 परसेंटाइल हासिल कर उत्तराखंड टॉप किया। इस पर उन्हें शिक्षकों और अभिभावकों ने बधाई दी और सम्मानित किया। इसी तरह राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर जारी रिपोर्ट में देशभर के राज्यों के टॉपरों की सूची जारी की गई है। हरिद्वार के ही प्रखर जैन ने 99.847 परसेंटाइल अंक लाकर अपनी सफलता का परचम लहराया है। राजा गार्डन कनखल निवासी शिवम अगव्राल के पिता मुकेश अग्रवाल प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते है। शिवम ने अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षकों और अभिभावकों को देते हुए आईआईटी में टॉप रैंक में आने की इच्छा जताई है। वह सीएस में अपना कॅरिअर बनाना चाहते हैं। उत्कर्ष मिश्रा ने 98.83 परसेंटाइल, शुभम 98.81 परसेंटाइल, अक्षत पंवार 98.55 परसेंटाइल, आयुष मौर्य ने 97.87 परसेंटाइल अंक, प्रशांत 97.82 परसेंटाइल, अर्चना वर्मा ने 97.2 परसेंटाइल, इशिता अरोड़ा ने 96.436 परसेंटाइल, प्रियदर्शिनी झा ने 95.72 परसेंटाइल, आयुष कुमार यादव ने 95.5 परसेंटाइल, रोहित पंवार 95.4 परसेंटाइल, अभिषेक भारद्वाज ने 95.1 परसेंटाइल प्राप्त किया है।

## जिला कारागार रोशनाबाद में धूमधाम से मनाया जेल दिवस

**हरिद्वार, एजेंसी।** जिला कारागार रोशनाबाद में जेल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। बंदी-कैदियों ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने भी गीत प्रस्तुत कर सभी को झूमने को मजबूर कर दिया। जिला जेल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार और रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने शिरकत की। अतिथियों और वरिष्ठ जेल अधीक्षक मनोज कुमार आर्य ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मनोज कुमार आर्य ने जब से तुमको देखा है सनम क्या कहें और वसंत पंचमी से जुड़े गीत प्रस्तुत किए। कैदी-बंदियों ने बसंत पंचमी की प्रस्तुति देने के साथ ही सरस्वती वंदना, गणेश वंदना की। आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि निश्चित ही जिला कारागार आकर और कैदियों से मिलकर जेल के प्रति जो उनकी अवधारणा बनी हुई थी उसे जानने व समझने का मौका मिला। विधायक आदेश चौहान ने कहा कि जेल के अंदर कैदी-बंदी सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, बागवानी सहित कई अन्य प्रकार के कार्य करते हुए अपना कौशल बढ़ा रहे हैं, ये देखकर बेहद प्रसन्नता हुई। खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य चमन चौहान, प्रभारी जेलर विकास चंद्रा, डिप्टी जेलर कुंवर आदि मौजूद रहे।

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, पैर की हड्डी टूटी

**रूड़की, एजेंसी।** हाईवे पर एक कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार के एक पैर की हड्डी टूट गई। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर ही कार सवार को पकड़ लिया जबकि हाईवे पर ग्रामीणों की भीड़ जमा होने से जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाकर जाम खुलवाया।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित शेरपुर निवासी राका बुधवार करीब दो बजे बाइक से पास के गांव में एक शादी समारोह में जा रहे थे। जैसे ही वह गांव के बाहर हाईवे पर पहुंचे तो हरिद्वार की ओर से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार दूर उछलकर जा गिरा और गंभीर घायल हो गया। हादसा होता देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जानकारी ली।

इस बीच सवार ने कार रोक ली।

# तपोवन में एनटीपीसी के बैराज साइड में दिखा लेपर्ड, दहशत में आए लोग



**चमोली, एजेंसी।**

तपोवन में एनटीपीसी के बैराज साइड में लेपर्ड दिखाई देने से स्थानीय लोगों में दहशत है। वन क्षेत्राधिकारी का कहना है कि लैपर्ड को ट्रेस करने के लिए ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे।

चमोली जिले के तपोवन में एनटीपीसी के बैराज साइड में लेपर्ड दिखाई दिया, जिसके बाद से यहां स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। इस पर नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के वन क्षेत्राधिकारी गौरव नेगी ने बताया कि लेपर्ड को ट्रेस करने के लिए ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे पता लग सके कि लेपर्ड है या स्नो लैपर्ड।

वहीं दूसरी तरफ श्रीनगर गढ़वाल में लोगों को गुलदार की दहशत से निजात नहीं मिल पा रही है। शहर की आबादी वाले क्षेत्रों में गुलदार की धमक ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी है। स्थिति यह है कि शाम होते ही लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। बुधवार रात आंचल डेयरी के पास गुलदार ने स्कूटी सवार पर झपटा मारने की कोशिश की। स्कूटी सवार ने बमुश्किल भागकर जान बचाई।

बुधवार रात को आंचल डेयरी के पास रात करीब सवा नौ बजे एक स्कूटी सवार पर गुलदार ने अचानक झपटा मारने की कोशिश की। सूचना पर वन विभाग ने क्षेत्र में पिंजरा लगा दिया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में अब चार पिंजरे लगा दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार पर हमला करने का कोशिश से पहले गुलदार नेपाली मूल के एक परिवार के घर के पास दिखाई दिया।

वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन नेगी ने कहा कि गुलदार से सुरक्षा के लिए वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है। क्षेत्र में चार पिंजरे लगा दिए गए हैं, जबकि शूटर भी तैनात हैं। उधर, देवलगढ़ चौखाल के आनंद लाल ने बताया कि आठ फरवरी को गुलदार ने उनकी गोशाला में बंधी गाय मार दी थी। उन्होंने वन विभाग व प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। कोट ब्लॉक के दिगोली में 14 फरवरी को गुलदार शाम करीब छह बजे काम से लौट रहे मजदूरों के पीछे दौड़ा। वन पंचायत सरपंच दिगोली मनमोहन सिंह नेगी ने बताया कि मजदूरों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

# 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, दुष्कर्म मामले में लंबे समय से था फरार; एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर में एसटीएफ की टीम ने पिछले एक साल से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

एसटीएफ की टीम ने पिछले एक साल से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

बीते वर्ष 17 फरवरी 2023 को गदरपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर ग्राम कठुलिया नानकमत्ता निवासी गुरमेज सिंह पर मारपीट कर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। महिला का आरोप था कि आरोपी उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा, जब उसने शादी करने के लिए दबाव बनाया तो वह आनाकानी करने लगा। पुलिस ने आरोपी गुरमेज सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया था। लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका। इस पर एसएसपी ने आरोपी गुरमीत सिंह पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। उसकी गिरफ्तारी की जिम्मेदारी एसटीएफ को जिम्मेदारी सौंपी गई। डीजीपी अभिनव कुमार के इनामी अपराधियों की धर पकड़ के लिए सख्त निर्देश के बाद हरकत में आए एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देशन में एसटीएफ की टीम गुरमेज सिंह की खोजबीन में जुट गई।

एसटीएफ की टीम ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर क्षेत्र में छिपे अभियुक्त गुरमेज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। बृहस्पतिवार को गदरपुर पुलिस ने गुरमेज सिंह को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया। टीम में निरीक्षक अबुल कलाम, एसआई यादविन्दर सिंह बाजवा, विद्या दत्त जोशी, धर्मेन्द्र सिंह रौतेला, हेड कांस्टेबल बृजेन्द्र चौहान, संजय कुमार, संदेश यादव, मोहन असवाल शामिल थे।

आरोपी गुरमेज सिंह एसटीएफ की रडार में था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए एक वर्ष से लगातार प्रयास किया जा रहा था।

## इंटर कॉलेज किमसार के विज्ञान विषयों के शिक्षकों का टोटा

**रूड़की, एजेंसी।** इंटर कॉलेज किमसार में 12 वर्षों से विज्ञान के शिक्षकों का पद रिक्त चल रहा है। बोर्ड परीक्षा के समय में छात्रों और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। अभिभावकों की ओर से विद्यालय में शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

वर्ष 1964 में अशासकीय विद्यालय इंटर कॉलेज किमसार का संचालन हुआ था। वर्तमान में इस विद्यालय में करीब 138 छात्र संख्या है। विद्यालय में शिक्षकों के 10 पद हैं। लेकिन वर्तमान में यहां केवल तीन शिक्षक हैं। पांच शिक्षकों को यहां व्यवस्था पर तैनात किया गया है।

प्रदेश सरकार की ओर से वर्ष 2013 में इस विद्यालय में विज्ञान वर्ग को मान्यता दी गई थी। लेकिन विद्यालय में विज्ञान वर्ग के अध्यापक रखने की मान्यता नहीं दी। विद्यालय में डांडा मंडल क्षेत्र के करीब 25 गांव के बच्चे पढ़ने आते हैं। वर्तमान में इंटरमीडिएट के विज्ञान संकाय में 19 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। पांच शिक्षकों को विद्यालय में व्यवस्था पर रखा गया है। शिक्षकों के वेतन के लिए हर महीने कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों से 250 से 350 रुपये तक का शुल्क लिया जा रहा है। अभिभावक रवि रावत, अर्जुन रावत, संजय बडोला, सतेंद्र नेगी, सुबोध नेगी, दीपक नेगी, मनोज कुकरेती, सुनील अमोली ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था दम तोड़ रही है।

## सीआरसी में तैनात हेडमास्टर और टीचर को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** काशीपुर में तैनात प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक को विजिलेंस ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों स्कूल रजिस्टरों में पकड़ी गई कमियों को उच्च स्तर पर न भेजने के एवज में रिश्वत मांग रहे थे।

काशीपुर में विजिलेंस की टीम ने एक प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। दोनों स्कूल के रजिस्टरों की कमियों को उच्च स्तर पर नहीं भेजने के नाम पर रिश्वत मांग रहे थे। टीम घंटों पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

क्षेत्र के एक निजी स्कूल के संचालक ने सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी को शिकायत कर बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय बांसखेड़ा कला के प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा बांसखेड़ा सीआरसी के प्रभारी भी हैं। वह स्कूल के सहायक अध्यापक अंकुर प्रताप के साथ निजी स्कूलों में चेकिंग के लिए जाते हैं। आरोप है कि एक निजी स्कूल में निरीक्षण के दौरान रजिस्टर जांचने में कुछ खामियां मिलीं। इस पर दोनों ने कमियों को उच्च स्तर पर नहीं भेजने के एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

सीओ विजिलेंस अनिल मनराल ने बताया कि शिकायत मिलने पर ट्रैप टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए दिनेश शर्मा और अंकुर प्रताप को उनके स्कूल परिसर में ही निजी स्कूल के प्रतिनिधि से 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। शिकायत से संबंधित कुछ दस्तावेज कब्जे में लिए हैं। इनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तहत केस दर्ज किया जाएगा।

विजिलेंस की कार्रवाई के दौरान मौके पर ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं का जमावड़ा लग गया। ये सभी शिक्षकों की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि प्रधानाध्यापक ऐसा कर ही नहीं सकते हैं। उन्होंने जब से यहां तैनाती ली है, स्कूल का कायाकल्प हो गया है। छात्र संख्या बढ़ाने और विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने में उनका अहम योगदान है।

### सेमीफाइनल में पहुंची रोहित-विवेक और राजेश-अभय की जोड़ी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** नगर के खजांची मोहल्ले में आयोजित मैत्री कैरम प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रोहित वर्मा, विवेक वर्मा और अभय, राजेश की जोड़ी ने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। बृहस्पतिवार को हुए क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में अभय साह और राजेश वर्मा की जोड़ी ने अजय बिष्ट और यश साह की जोड़ी को 29-22 से हराया। दूसरे मैच में रोहित वर्मा और विवेक वर्मा की जोड़ी ने अमित साह और प्रशांत वर्मा की जोड़ी को 29- 14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अनिल बिष्ट, रोहित साह, विकास कन्नौजिया, दीपक वर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। स्कोरर राजेश साह रहे। प्रतियोगिता के सचिव विनीत बिष्ट ने बताया कि फाइनल 18 फरवरी को होगा।

## भारत बंद को सफल बनाने के लिए व्यापारियों से किसान मांगेंगे सहयोग

**ऋषिकेश, एजेंसी।** संयुक्त किसान मोर्चा शुक्रवार को प्रस्तावित भारत बंद के लिए नगर के व्यापारियों से सहयोग मांगेगा। मोर्चा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगे।

बुधवार को गन्ना समिति परिसर में बने किसान भवन में संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक आहूत की गई। जिसमें तय किया गया कि 16 फरवरी के प्रस्तावित भारत बंद का समर्थन किया जाएगा। इसके लिए नगर के व्यापारियों से किसानों का साथ देने के लिए सहयोग मांगा जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक ताजेन्द्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण अन्नदाता सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर हो गया है। किसानों की आय दोगुनी करने और एमएसपी की गारंटी का झूठा आश्वासन के कारण किसान दिल्ली में जमा हो रहे हैं। किसान सभा के जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह ने कहा कि किसानों और मजदूरों के मुद्दों को भटकाने के लिए सरकार तरह-तरह के षडयंत्र कर रही है। कृषक फेडरेशन के अध्यक्ष उमेद वोरा ने कहा कि किसानों को आंदोलन में अपने साथ व्यापारियों को भी लामबंद करना होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही नीतियों से गरीब, श्रमिक, किसानों का शोषण हो रहा है। बैठक में पूर्व प्रधान अब्दुल रज्जाक, किसान सभा मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह, जाहिद अंजुम, करतार सिंह नेगी, बलबीर सिंह बिंदा, आचार्य आशीष, हरबंश सिंह आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है टर्मिनल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** देहरादून एयरपोर्ट टर्मिनल फेज टू शुरू होने से एयरपोर्ट की क्षमता चार लाख पैसेंजर प्रतिवर्ष से बढ़कर अब 47 लाख पैसेंजर प्रतिवर्ष तक हो गई है। पीक आवर्स में यह यह टर्मिनल 3240 यात्रियों को सेवाएं देने में सक्षम हो गया है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को ध्यान में रखकर टर्मिनल तैयार किया गया है।

वर्तमान में एयरपोर्ट पर 20 विमानों की पार्किंग, 48 चेक इन काउंटर, चार कन्वेयर बेल्ट, 12 एक्स-रे बैगेज स्कैनर मशीन और टर्मिनल के बाहर 500 कारों की पार्किंग सुविधा हो गई है। दिव्यांगजनों के लिए रैंप, लिफ्ट और विशेष रूप से डिजाइन किए शौचालय बनाए गए हैं। टर्मिनल के अंदर और बाहर खंभों पर उत्तराखंड की संस्कृति और वेदमंत्रों को उकेरा गया है।

486 करोड़ की लागत से बनाए गए देहरादून एयरपोर्ट टर्मिनल से हवाई यात्रियों और फ्लाइट की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावनाएं जताई जा रही हैं। इसके अलावा रिजनल कनेक्टिविटी के तहत दून एयरपोर्ट को प्रदेश के कई जिलों से हवाई मार्ग से जोड़ने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। एयरपोर्ट निदेशक प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि दून एयरपोर्ट टर्मिनल पुराने टर्मिनल की तुलना में दस गुना बड़ा हो गया है।

## गिफ्ट पर दिखे क्यूआर कोड तो जल्दबाजी में न करें स्कैन



**हरिद्वार , एजेंसी।**

जल्दबाजी में की गई एक गलती आप पर भारी पड़ सकती है। आपकी मेहनत की सारी कमाई को एक मिनट में डूबा सकती है। इसलिए अलर्ट रहने की जरूरत है।

यदि आपके पास अनजान व्यक्ति ने कोई उपहार पार्सल के माध्यम से भेजा है और उस पर क्यूआर (क्विक रिस्पॉन्स) कोड बना है तो जरा सावधान हो जाइए। कहीं ऐसा न हो कि आप क्यूआर कोड को स्कैन कर दें और आपका खाता खाली हो जाए। क्योंकि, साइबर जालसाजों ने लोगों को जाल में फंसाकर ठगी करने का ये नया तरीका इजाद कर लिया है। पुलिस इससे लोगों को सावधान कर रही है।

हरिद्वार जिले में रोजाना साइबर ठगी के मामले सामने आते रहते हैं। एक हफ्ते में 10 से अधिक शिकायतें साइबर ठगी की पहुंचती हैं। साइबर जालसाज लोगों को हर बार नए-नए अंदाज अपनाते हुए शिकार बनाते हैं और खातों से रकम साफ कर देते हैं।

यूपीसीएल से लेकर बैंक कर्मचारी बनकर तो कभी कस्टमर केयर से खुद को बाते हुए ठग लोगों को जाल में फंसाते हैं। अब नया तरीका ठगों ने निकाला है, जिसमें वह उपहार को पैक कराकर लोगों को भेजते हैं। इस पर क्यूआर कोड बना होता है। इसे गलती से लोग स्कैन कर बैठते हैं और खातों से रकम साफ हो जाती है।ढ्ढ

रुड़की में एक युवती के पास एक पार्सल भेजा गया। अनजान व्यक्ति की ओर से भेजे गए गिफ्ट पर क्यूआर कोड बना था। पहले युवती ने स्कैन करने की कोशिश की, लेकिन बाद में किसी परिचित से बात की और स्कैन नहीं किया। पुलिस में शिकायत करने पर मालूम हुआ कि ये साइबर ठगों की साजिश थी।

ज्वालापुर निवासी एक युवती को पार्सल भेजा गया। ऑनलाइन संपर्क होने के बाद उस तक पार्सल पहुंचा। तब पार्सल पर बना क्यूआर कोड स्कैन कर दिया। तब उसके खाते से 12 हजार की रकम उड़ गई।

## डॉ. महेंद्र पाल ने नैनीताल लोकसभा सीट से ठोका दावा



**सितारगंज, एजेंसी।**

नैनीताल के पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र सिंह पाल ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस संगठन के माध्यम से नैनीताल- ऊधम सिंह नगर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है। उनका कहना है कि वह दो बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से सदन में उठाया था। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

सितारगंज में हुई प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद ने कहा कि किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए तीन सालों से आंदोलन कर रहे हैं। एक तरफ तो सरकार स्वामीनाथन को भारत रत्न दे रही है, दूसरी ओर किसानों के साथ बर्बरतापूर्वक रवैया अपना रही है। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले एमएसपी पर गारंटी देने की मांग की। कहा कि कि आज समाज का हर वर्ग त्रस्त है। महंगाई आसमान छू रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराया जा रहा है। वहां रामनगीना प्रसाद, मोहसिन मियां, दयानंद सिंह, ओमप्रकाश खेरवाल, कृपाल सिंह गर्ब्याल, जानकी कोहली आदि थे।

पाल ने कहा कि औद्योगिकीकरण के लिए सितारगंज को रेल लाइन से जोड़ना बेहद जरूरी है। इससे गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा। रेलवे लाइन की मंजूरी के बाद भी मजबूती से काम नहीं होने के कारण भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

# संजय अध्यक्ष, दीप बने देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के महासचिव

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की चुनाव तिथि से 10 दिन पहले ही सरकार बन गई। नाम वापसी के दिन ही सभी आठ पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया गया। संजय साह रिक्खू के सिर संगठन अध्यक्ष और दीप चंद्र जोशी के सिर महासचिव का ताज सजा।

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के लिए 25 फरवरी को चुनाव होना था। आठ पदों के लिए 15 दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। बृहस्पतिवार को नाम वापसी के दिन सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्रिलोचन जोशी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अनिल गुरुरानी, हिमांशु कांडपाल और मो. नौसाद के नाम वापस लेने पर एकमात्र प्रत्याशी संजय साह रिक्खू का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर



मैदान में डटे तीन में से एक प्रत्याशी प्रमोद कुमार भीमा ने नाम वापस ले लिया। चुनाव संचालन समिति ने दो-दो प्रत्याशियों के बीच पर्ची डाली। दीपक जोशी को वरिष्ठ तो आनंद सिंह भोज को कनिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व मिला। रोहित साह की नाम वापसी के बाद दीप चंद्र जोशी महासचिव चुने गए। महिला उपाध्यक्ष पद पर चंद्रा रावत ने अपना नाम वापस लिया और मनु गुप्ता का निर्विरोध निर्वाचन किया गया।

हिमांशु बिष्ट की नाम वापसी के बाद मनु गुप्ता कोषाध्यक्ष बने। उपसचिव पद पर मैदान में डटे दो प्रत्याशी जयप्रकाश और अमन टकवाल के बीच सिक्का उछालकर परिणाम निकाला गया। जयप्रकाश को वरिष्ठ और अमन को कनिष्ठ उपसचिव का पद मिला। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जोशी ने कहा कि संगठन के सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होना इससे जुड़े हर व्यापारी के लिए गौरव की बात है। सह पर्यवेक्षक मनोज सनवाल और राजेंद्र सिंह बिष्ट की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। 25 फरवरी को पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा।

अध्यक्ष पद के दावेदार दिपेश चंद्र जोशी ने देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें सदस्यता नहीं दी और बगैर सदस्यता के ही नामांकन पत्र दिया गया। उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल भी किया जो सही पाया गया। जांच के दौरान सदस्यता की रसीद न होने से उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। कहा यह एक सोची-समझी चाल थी। उन्होंने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

सह निर्वाचन अधिकारी विनीत बिष्ट, दीप लाल साह, सलाहकार अनूप गुप्ता, हरेंद्र वर्मा, मनोज वर्मा, सदस्यता प्रभारी राजेंद्र तिवारी, तरुण धवन, हरीश कनवाल, दिनेश मठपाल, हिमांशु कांडपाल, अक्षित पांडे, आशीष जोशी, दीक्षित जोशी, अर्जुन सिंह बिष्ट, अमरीश कुमार, मुख्य मीडिया प्रभारी मनोज सिंह पवार आदि मौजूद रहे।

# हर धमाके के साथ पेंट का ड्रम बना आग का गोला, 20 फीट उछलकर कई मकानों पर गिरे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के अलीपुर की दयाल मार्केट के पास शीला बुआ मंदिर वाली गली स्थित पेंट फैक्ट्री में लगी आग के बाद आसपास की आधा दर्जन इमारतों का हाल रौंगटे खड़े कर देने वाला था।

आग से फैक्ट्री में रखे केमिकल और पेंट से भरे ड्रम धमाके के साथ आग का गोला बनकर करीब 20 फीट तक उछले और इमारतों पर जाकर गिरे। जिससे इमारतों में केमिकल गिरा और आग तेजी से फैली। इन इमारतों में बनीं दुकानें भी आग की चपेट में आ गईं।

**गली में भी फैला ड्रमों से निकला केमिकल**

ड्रमों से निकला केमिकल गली में भी फैल गया और आग लग गई। इन ड्रमों में थिनर और अन्य ज्वलनशील पदार्थ रखे थे। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि पेंट फैक्ट्री से करीब 10-12 मीटर दूर मौजूद कॉस्टमेटिक्स शॉप की इमारत की दूसरी मंजिल पर बने घर की छत पर केमिकल से भरा ड्रम जाकर गिर गया। एलपीजी सिलेंडर से ज्यादा घातक बन गए थे केमिकल ड्रम

आसपास की दो और इमारतों में भी इसी तरह से आग लगी। आग बुझाने में जुटे एक दमकम कर्मचारी ने बताया कि केमिकल से भरे ड्रम एलपीजी सिलेंडर से भी ज्यादा घातक बन गए थे। फैक्ट्री में केमिकल से भरे ड्रम की संख्या भी ज्यादा थी, इसलिए आग ने और ज्यादा भयावह रूप ले लिया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आग के बाद भारी मात्रा में केमिकल गली में बहने लगा। जिसके चलते पूरी गली में आग फैल गई।

**गली में खड़े पांच वाहन भी चढ़े आग की भेंट**

गली में खड़े पांच दोपहिया वाहन भी आग के हवाले हो गए और फैक्ट्री से करीब 12 मीटर दूरी पर खड़ी मोटरसाइकिल और स्कॉर्पियो कार भी आग की चपेट में आ गई।

दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि अनुमान है कि ड्रमों में थिनर भी भरा हुआ था, जिसकी वजह से ड्रमों ने आग का गोला बनकर तबाही मचाई। आग बुझाए जाने के बाद गली में केमिकल के कई ड्रम पड़े मिले।

**संकरी गली होने की वजह से दमकल गाड़ियों को पहुंचने आई दिक्कत**

एक दमकल कर्मचारी ने बताया कि घटनास्थल तक पहुंचने में दमकल की गाड़ियों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। शीला बुआ मंदिर वाली गली काफी संकरी थी, जिसकी से पेंट फैक्ट्री तक पहुंचना मुश्किल हो गया। गली में बने रैंप ने भी काफी मुश्किल पैदा की।

## आईपी यूनिवर्सिटी ने किया क्वेटा फाउंडेशन के साथ करार

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी ने डिजिटल हेल्थ के छेत्र में देश में काम करने वाली प्रमुख संस्था ह्यक्वेटा फाउंडेशन के साथ एक करार किया है। इस करारनामे के तहत दोनों मिलकर हेल्थ एजुकेशन, हेल्थ रिशर्च, डिजिटल हेल्थ लैब जैसे छेत्र में काम करेंगे। इसका लाभ आईपी यूनिवर्सिटी के छात्रों को मिलेगा। इसके अलावा, सामाजिक जागरूकता एवं ज्ञान संवर्धन के लिए समय-समय पर लेक्चर, कार्यशाला, संगोष्ठी, इत्यादि का आयोजन भी आपसी सहयोग से किया जाएगा। इस करारनामे पर हस्ताक्षर यूनिवर्सिटी की कुलसचिव सुनीता शिवा और क्वेटा फाउंडेशन की ओर से उसके निदेशक रिजवान क्वेटा ने किया। इस अवसर पर आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉक्टर महेश वर्मा ने कहा कि यह गठजोड़ डिजिटल हेल्थ के छेत्र में जनजागरूकता लाने और लोककल्याण में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के किए इंडस्ट्री और एकेडेमिक्स का एक मंच पर आना जरुरी है। यह समय की माँग है। यह करार उसी दिशा में उठाया हुआ एक कदम है।

# दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र: हंगामे के चलते भाजपा के सात विधायक सदन से किए गए निलंबित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। शुक्रवार को सदन में हंगामे और नारेबाजी के चलते नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी को छोड़ सभी सातों विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया गया। दरअसल, कोरम पूरा न होने के चलते 11 मिनट देर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई। वहीं, सत्ता पक्ष के विधायक संजीव झा को 10 फरवरी को बेटी के जन्म पर स्पीकर और सदन ने बधाई दी। वहीं जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्षी विधायक सदन में हंगामा करने लगे। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायक दिलीप पांडेय ने सदन में निलंबन प्रस्ताव रखा। उन्होंने मांग की कि नेता प्रतिपक्ष को छोड़कर सभी सात भाजपा विधायकों के आचरण और सदन की अवमानना के लिए मामला विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया जाए। साथ ही जब तक यह मामला समिति के पास रहे, इन सभी विधायकों को निलंबित रखा जाए। सत्ता पक्ष के विधायक संजीव झा ने भी किया इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

**रामवीर सिंह ने किया सदन से वॉकआउट** इसके बाद सदन में ध्वनिमत से यह प्रस्ताव पारित हो गया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी को छोड़कर सभी सात विधायक समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिए गए। सभी को सदन से मार्शल आउट किया गया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी भी सदन से वॉकआउट कर गए। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। प्रश्नकाल खत्म कर दिया गया है। विपक्ष को बाहर कर दिया जाता है। केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भी अपना बताया जाता है।

**सीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी**

इसके बाद सभी भाजपा विधायक सीएम अरविंद केजरीवाल के कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने पहुंच गए। सभी विधायक केजरीवाल मुदार्बाद, केजरीवाल भ्रष्टाचारी, तानाशाही नहीं चलेगी आदि के नारे लगा रहे हैं। निलंबित विधायकों में विजेंद्र गुप्ता, अजय महावर, जितेंद्र महाजन, मोहन सिंह बिष्ट, अनिल वाजपेई, अभय वर्मा और ओम प्रकाश शर्मा शामिल हैं।

# भाजपा के सात विधायकों को दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र से निलंबित किया गया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उपराज्यपाल के अभिभाषण में बाधा डालने को लेकर भाजपा के सात विधायकों को शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान कई बार व्यवधान डाला था क्योंकि वे अरविंद केजरीवाल सरकार को निशाना बनाना चाहते थे। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल ने व्यवधान का मामला विशेषाधिकार समिति को भी भेज दिया। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दिलीप पांडे ने इस मुद्दे पर कार्रवाई की मांग को लेकर सदन में प्रस्ताव रखा, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया।

पांडे ने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने बृहस्पतिवार को योजनाबद्ध तरीके से उपराज्यपाल के अभिभाषण को बाधित किया, जिससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंची। उन्होंने कहा, यह अभूतपूर्व और दुर्भाग्यपूर्ण था।

उन्होंने नियम पुस्तिका पढ़ते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों के आचरण से सदन की गरिमा को ठेस पहुंची है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। विधानसभाध्यक्ष गोयल ने पांडे के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने की बात कही।

समिति की रिपोर्ट आने तक नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी को छोड़कर भाजपा के सात सदस्यों को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया। इसके बाद गोयल ने सात विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओपी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल वाजपेई, जीतेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता को सदन के कक्ष से बाहर जाने के लिए कहा। नेता प्रतिपक्ष बिधूड़ी विरोध जताते हुए सदन से बाहर चले गए। गोयल ने बृहस्पतिवार को बजट सत्र के पहले दिन उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान बार-बार बाधा पहुंचाने के लिए भाजपा विधायकों को मार्शल के माध्यम से सदन से बाहर भेज दिया था। विधानसभा के अधिकारियों ने बताया था कि सक्सेना ने जब अपना अभिभाषण शुरू किया और शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया तो भाजपा विधायक व पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों के वित्तपोषण का मुद्दा उठाते हुए उन्हें रोक दिया। भाजपा के अन्य विधायकों ने अभिभाषण के दौरान पानी की कमी, आयुष्मान भारत योजना को लागू न करने, अस्पतालों की खराब स्थिति और बिजली दरों को लेकर अभिभाषण में बाधा पहुंचाई।

# एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने किया पालिका बाजार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान, निर्दिष्ट समय सीमा का पालन सुनिश्चित करते हुए, पालिका बाजार में रूफटॉप/टेरेस पार्क पुनर्विकास की प्रगति की समीक्षा की गई।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने शुक्रवार को पालिका बाजार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया और पालिका बाजार की छत/पार्क के पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की। पालिका बाजार में आगंतुकों की दैनिक आमद पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री उपाध्याय ने टूटी हुई छत, बिजली के लटके तार और प्रमुख रूप से नागर और बिजली विभाग के रखरखाव के मुद्दों की पहचान की। उन्होंने पालिका बाजार सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया और साफ-सुथरा पाए जाने की सराहना की, लेकिन वहां का दरवाजा टूटा पाया गया, जिसकी मरम्मत के लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी कर दिए गए। निष्कर्षों के जवाब में श्री उपाध्याय ने बिजली, नागरिक, सुरक्षा और अन्य सभी संबंधित विभागों को कड़े निर्देश जारी किए, और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। निरीक्षण संबंधित विभागाध्यक्षों (एचओडी), वरिष्ठ अभियंताओं (एसई), कनिष्ठ अभियंताओं (जेई) और संबंधित विभागों के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान, निर्दिष्ट समय सीमा का पालन सुनिश्चित करते हुए, पालिका बाजार में रूफटॉप/टेरेस पार्क पुनर्विकास की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने खुलासा किया कि रूफटॉप पार्क का 90 फीसदी पुनर्विकास कार्य पूरा हो चुका है, शेष अगले 1-2 महीनों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने विभाग को अन्य के साथ तालमेल बिठाने का सुझाव दिया ताकि काम समय पर पूरा हो सके। नगर निकाय के प्राथमिक कर्तव्य पर जोर देते हुए श्री उपाध्याय ने यह सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित किया कि आगंतुकों, निवासियों और मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के सदस्यों को एनडीएमसी सुविधाओं से असुविधा न हो। नगर निकाय द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के लिए रखरखाव को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में दोहराया गया।

# संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद का नहीं दिखा असर, कनॉट प्लेस मार्केट में रोज की तरह खुली सभी दुकानें

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

संयुक्त किसान मोर्चा और अन्य ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर शुक्रवार 16 फरवरी को भारत बंद बुलाया गया है. इसके तहत देश के किसान-मजदूरों से अपील की गई है कि आज अपने काम को पूरी तरह बंद रखें. लेकिन राजधानी दिल्ली में भारत बंद का कोई असर नजर नहीं आ रहा है. राजधानी दिल्ली के तमाम इलाकों में के प्रमुख बाजार खुले हुए नजर आ रहे हैं तस्वीर राजधानी दिल्ली के प्रमुख मार्केट में से एक दिल्ली का दिल कहे जाने वाली कनॉट प्लेस मार्केट की है या सुबह से ही बाजार पूरी तरह से खुले हुए नजर आ रहे हैं. देश की राजधानी दिल्ली की सड़कों पर वाहन भी चल रहे हैं इसके साथ ही कनॉट प्लेस की पूरी मार्केट खुली हुई नजर आ रही है. भारत मां का कोई असर देश की राजधानी दिल्ली में नहीं देखने को मिल रहा है. बता दें कि किसान मजदूर संगठनों ने आह्वान किया था कि सुबह 6:00 से शाम 4:00 बजे तक देश भर के सभी बाजार किसानों के समर्थन में बंद रहेंगे लेकिन इसका असर बिल्कुल भी नजर नहीं आ रहा है पहले ही दिल्ली के मार्केट एसोसिएशन ने साफ कर दिया था कि दिल्ली की मार्केट बंद नहीं रहेंगे. इधर कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने दावा किया है कि किसानों द्वारा बुलाए गए भारत बंद में कैट की अपील पर देश भर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान खोले और बाजारों में सामान्य रूप से कारोबार हुआ.भारत बंद का बाजारों में कोई प्रभाव नहीं दिखा. कैट के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि ये सच है कि देश भर में बड़ी संख्या में किसान नुकसान की खेती कर रहा है, तो मूल प्रश्न यह है कि किसान की नुकसान की खेती को लाभ में कैसे बदला जाए.

सरकार और किसानों के बीच बातचीत इस मुख्य बिंदु पर होनी चाहिए और कोई भी फामूर्ला निकालते समय अर्थव्यवस्था के अन्य वर्गों और उपभोक्ताओं के हितों को भी ध्यान में रखा जाना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों की जो मांगे है, यदि उनको पूरा किया गया तो अर्थव्यवस्था पर क्या विपरीत प्रभाव अथवा वित्तीय बोझ पड़ेगा, उस पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है .

# नकली टीटीई गैंग का पदार्फाश छह गिरफ्तार



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पंजाबी बाग थाना पुलिस ने दिल्ली से अपने गांव जा रहे भोले भाले लोगों को निशाना बनाकर उनका कैश, मोबाइल, बैग आदि सामान धोखा देकर गायब करने वाले एक गैंग का पदार्फाश किया है। इस मामले में आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह गैंग नकली टीटीई बनकर लोगों को टारगेट करते थे और उनके साथ धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देता था। उनके पास 30 मोबाइल, 19 बैग इत्यादि बरामद किया गया है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शंकर पंजियार, बबलू, संजय कुमार, अमित, संतोष कुमार और विपिन कुमार के रूप में हुई है। यह सभी बिहार के अलग अलग इलाके के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी से काफी मामलों का पुलिस को पता चला है। जिसकी अभी छानबीन की जा रही है। इस गैंग को एसएचओ देवेंद्र ओबेरॉय की देखरेख में पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। जब इसी तरह के एक मामले की एक शिकायत पुलिस को मिली थी। बताया गया की बिहार का रहने वाले एक शख्स ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने घर जा रहे थे। उसे दौरान उसको इफको चौक से मेट्रो लेकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाना था। इस दौरान चार लोग उनसे मिले उन्होंने बताया कि वह भी बिहार जा रहे हैं और उनका संपर्क ट्रेन के टीटीई से है। बिहार पहुंचाने में वह उन सबकी मदद करेगा।


सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

आर्डर 5 कायदा 1 व 5

न्यायालय सिविल जज (जू.डी.)

शहर वाराणसी

मु. नं.-2762/2021

रमेश बनाम स्वामी आनंद भाष्करानंद

बनाम 3- वेदा नंद चेला आनंद भाष्करानंद निवासी-गंगेश्वर धाम मार्ग अपोजिट अजमल खां पार्क ब्लाक 57 करोल बाग नई दिल्ली।

हरगाह आपके नाम एक नालिश के बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 24 माह 04 सन् 2024 ई0 बरिवक्त बजे अदालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा करार वाकई किया गया हो और कल अदम मुतालिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके पास और कोई शख्स जो कि जवाब दे सके या जिसके पास और कोई शख्स जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो जवाबदेही दावा भी करे। मगर आपको लाजिम है किसी रजिजुमला दस्तावेज पेशकरदा पेश करे जिसमे आप तवाहये अपनी जवाबदेही इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी मसमूषा फैसला होगा।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक ..माह ... सन् .... ई0 को जारी किया गया।

आज्ञा से- न्यायालय


# किसानों की मांगें माने और एमएसपी की कानूनी गारंटी दे सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ पुलिस के कथित बल प्रयोग की निंदा करते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने समेत किसानों की सभी मांगें स्वीकार करनी चाहिए। पार्टी के प्रकोष्ठ अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के प्रमुख सुखपाल सिंह खैरा ने आरोप भी लगाया कि केंद्र सरकार ने किसानों के वादाखिलाफी की है। खैरा ने संवाददाताओं से कहा, मोदी सरकार ने किसान संगठनों से वादा किया था कि एमएसपी को कानूनी गारंटी देंगे, तीनों काले कृषि कानून रद्द होंगे, किसानों पर दर्ज मुकदमें वापस होंगे, शहीद किसानों के परिवारों को मुआवजा व बच्चों को नौकरी देंगे, बिजली संशोधन विधेयक वापस लेंगे। उन्होंने दावा किया, दो साल से ज्यादा होने पर भी मोदी सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए। ऐसे में किसानों-खेत मजदूरों के पास दिल्ली कूच के सिवाए क्या रास्ता बचा था। खैरा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के इशारे पर हरियाणा सरकार की पुलिस पंजाब में घुसकर किसानों से मारपीट कर रही है। उन्होंने सवाल किया, भाजपा सरकार के मंत्री कहते हैं कि बातचीत करके मसला हल होगा। जब बातचीत से मामला हल होना था, तो 3 साल तक किसानों से क्यों बात नहीं की गई? सरकार अरबपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ कर सकती है, लेकिन किसानों का कर्ज क्यों माफ नहीं करती? उन्होंने कहा, ह्यह्यहम भारत सरकार से मांग करते हैं कि वो किसानों की इन मांगों को पूरा करे। एमएसपी को लेकर एक कानून बनाया जाए, किसानों के कर्ज की समीक्षा हो और उसे माफ किया जाए। पिछले आंदोलन में किसानों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएं, बिजली संशोधन विधेयक वापस लिया जाए या उसकी समीक्षा की जाए, पिछले आंदोलन में शहीद किसानों के परिवार को मुआवजा मिले और किसी एक (परिजन) को सरकारी नौकरी दी जाए। खैरा ने कहा कि इस बार के आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान मोर्चा को दिल्ली आने दिया जाए।

# नीदरलैंड के राजदूत ने ट्यूलिप वॉक में भाग लिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष अमित यादव और नीदरलैंड की राजदूत मारिसा गेराड्र्स ने आज ट्यूलिप वॉक में भाग लिया और शांति पथ के राउंडअबाउट क्रॉसिंग, चाणक्यपुरी नई दिल्ली में ट्यूलिप प्रदर्शनी का भी दौरा किया। इस अवसर पर मारिसा गेराड्र्स ने कहा कि नीदरलैंड दूतावास, एनडीएमसी-ट्यूलिप महोत्सव में योगदान करने के अवसर के लिए आभारी है। ट्यूलिप का यह खूबसूरत प्रदर्शन 2022 में नीदरलैंड की राजकीय यात्रा की याद है, जब हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और दोस्ती के 75 साल पूरे होने के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने ट्यूलिप मैत्री को नया आयाम दिया था। ट्यूलिप की क्यारियों में सैर का आनंद लेने और सेल्फी लेने वाले आगंतुकों की अत्यधिक खुशी देखकर अच्छा लगा। जल्द ही नीदरलैंड में भी ट्यूलिप खिलने लगेंगे। ये ट्यूलिप क्षेत्र कभी बॉलीवुड फिल्म सिलसिला के लोकप्रिय गीत की पृष्ठभूमि थे, जो हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों का एक सुंदर प्रतीक है। एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि एनडीएमसी वसंत ऋतु में एनडीएमसी क्षेत्र में खिलने वाले दो लाख ट्यूलिप के साथ अपने ट्यूलिप उत्सव के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है। ये ट्यूलिप विभिन्न किस्मों और रंगों में हैं, जो हॉलैंड से मंगवाए गए हैं। ट्यूलिप अपनी सुंदरता का प्रदर्शन कर रहे हैं और एनडीएमसी क्षेत्र में एनडीएमसी के हरे-भरें स्थानों को मनोरम परिदृश्य में बदल रहे हैं। एनडीएमसी अध्यक्ष ने यह भी कहा कि दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के लोग ट्यूलिप पार्कों में आ रहे हैं और उनकी तस्वीरें खींचते हैं, सेल्फी लेते हैं और ट्यूलिप की सुंदरता का आनंद लेते हैं। लोग ट्यूलिप की इन तस्वीरों को के साथ ट्यूलिप फोटोग्राफी प्रतियोगिता के तहत एनडीएमसी के सोशल मीडिया हैंडल पर भी अपलोड कर रहे हैं। इंडो-डच म्यूजिक कॉन्सर्ट के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि वसंत ऋतु महोत्सव की श्रृंखला के तहत, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) नीदरलैंड के दूतावास के सहयोग से इंडो-डच कलाकारों द्वारा एक म्यूजिक कॉन्सर्ट का भी आयोजन करने जा रही है। शनिवार, 17 फरवरी, 2024 को शाम 04.00 बजे से नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में सॉन्ग ऑफ वॉटर की थीम पर आयोजित कर रही संगीत कार्यक्रम के लिए नेहरू पार्क में प्रवेश नीति - मार्ग से है और सभी के लिए यह निःशुल्क है।

# आईआईटी कैंपस में छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नई दिल्ली। दिल्ली के आईआईटी कैंपस में एक छात्र ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान नासिक निवासी वर्ध संजय नरेकर (24) के रूप में हुई है। जिस रूम में वह रहता था, पुलिस को वह अंदर से बंद मिला। पुलिस के अनुसार यहां वह रहकर एम टेक की पढ़ाई कर रहा था। वह फाइनल इयर का स्टूडेंट था। बीती रात करीब 12.01 बजे पुलिस को सूचना मिली कि आईआईटी में एक छात्र ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आने के बाद छात्र का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# मोती नगर विधानसभा में खत्म होगी वर्षों पुरानी सीवर ओवर फ्लो की समस्या, लोगों को एक सप्ताह में मिलेगी राहत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मोती नगर क्षेत्र को जल्द ही सीवर ओवर फ्लो की समस्या से निजात मिलने वाली है। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने आज स्थानीय विधायक शिव चरण गोयल के साथ मोती नगर क्षेत्र का दौरा कर क्षेत्र की सीवर व्यवस्था का निरीक्षण किया। सीवर व्यवस्था का निरीक्षण करने के दौरान डीजेबी उपाध्यक्ष जखीरा क्षेत्र के रमा रोड पहुंचे, यहां लोगों को काफी दिनों से सीवर ओवर फ्लो की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सोमनाथ भारती ने अधिकारियों को एक सप्ताह में इस समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। दिल्ली मेट्रो ने सीवर नेटवर्क किया जाम, एक सप्ताह में दूर होगी सीवर ओवरफ्लो की समस्या

दिल्ली जल बोर्ड को स्थानीय लोगों की तरफ से मोती नगर क्षेत्र के जखीरा स्थित रमा रोड पर सीवर ओवर फ्लो की शिकायतें मिल रही थी। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए गुरुवार को डीजेबी के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने मोती नगर विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के बाद सोमनाथ भारती ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का साफ निर्देश है कि जिन क्षेत्रों से लगातार सीवर- पानी से जुड़ी शिकायतें मिल रही है उनका क्षेत्र में जाकर निरीक्षण कर 24 घंटे में समस्या का समाधान खोजा जाए। इसी के तहत यहां का दौरा कर पानी - सीवर की समस्याओं का निरीक्षण किया। डीजेबी के उपाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के सीवर नेटवर्क में क्षमता से ज्यादा सीवर का गंदा पानी जाने से सीवर ओवर फ्लो की समस्या आ रही है। इसका कारण यह है कि जब यहां दिल्ली मेट्रो द्वारा मेट्रो लाइन बनाई गई थी उस समय यहां के मुख्य नाले को दिल्ली मेट्रो ने बंद कर कम क्षमता के नाले में डायवर्ट कर दिया और उसे फिर जल बोर्ड के सीवर लाइन में डाल दिया। जिसकी वजह से क्षेत्र में सीवर ओवर फ्लो की समस्या उत्पन्न हो गई। अधिकारियों को एक सप्ताह में क्षेत्र की सीवर ओवर फ्लो की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया है।

बलजीत नगर के नाले को पीडब्लूडी के नाले में किया जायेगा डायवर्ट, राजधानी दिल्ली में सीवर लाइन से बरसाती नालों को जोड़ने की समस्या आम डीजेबी के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने बताया कि यहाँ एमसीडी के बरसाती नाले को सीवर नेटवर्क में भी जोड़ दिया गया। जिसके कारण समस्या और भी जटिल हो गई।। उन्होंने कहा कि बलजीत नगर के नाले को पीडब्लूडी के नाले में डायवर्ट किया जाएगा ताकि सीवर ओवर फ्लो की समस्या दूर की जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि यहां की वर्षों पुरानी समस्या जल्द ही खत्म हो जाएगी। राजधानी दिल्ली में बरसाती नालों को सीवर लाइन से जोड़ना आम समस्या बन गई है। इस कारण से डीजेबी की सीवर व्यवस्था कई जगह प्रभावित होती है। हालांकि एमसीडी में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद सिविक एजेंसियों के बीच तालमेल बनाना अब पहले से आसान हुआ है। निरीक्षण के दौरान डीजेबी के अलावा एमसीडी और पीडब्लूडी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# डगमगाया हुआ है सीएम केजरीवाल का विश्वास : बिधूड़ी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा है कि 62 विधायकों का समर्थन होते हुए भी उन्हें विश्वास मत की जरूरत पड़ गई है। इससे पता चलता है कि उनका विश्वास कितना डगमगाया हुआ है। यही नहीं, विश्वास मत पेश करने से पहले ही भाजपा के केवल आठ विधायकों से इतने भयभीत थे कि उन्होंने सात विधायकों को निलंबित करा दिया। बिधूड़ी ने कहा कि विधानसभा की तरफ से बजट अधिवेशन का जो कार्यक्रम पहले जारी किया गया था, उसके अनुसार 17 फरवरी को सदन की कोई बैठक नहीं थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 17 फरवरी को पेश होने का हुकम दिया था क्योंकि वह ईडी द्वारा जारी समन की अनदेखी करते हुए शराब घोटाले की पूछताछ में शामिल नहीं हो रहे थे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने जानबूझ कर साजिश रचते हुए 17 फरवरी को भी सदन की बैठक रखवा दी है और उसमें अपनी सरकार के लिए विश्वास मत पेश कर दिया है। अब वह कोर्ट में दलील देंगे कि मैं विधानसभा में व्यस्त हूं। यही नहीं, उन्हें यह आशंका थी कि अगर भाजपा विधायक सदन में उपस्थित रहे तो वे केजरीवाल सरकार के दावों की धज्जियां उड़ा देंगे। इसलिए सात भाजपा विधायकों को सदन से निलंबित करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि चूंकि 17-18 फरवरी को दिल्ली में भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन है तो मैं भी वहां व्यस्त रहने के लिए सदन में नहीं जा पाऊंगा तो ठीक उसी दिन उन्होंने विश्वास मत पेश कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हैरानी की बात है कि जिस मुद्दे पर उन्होंने विश्वास मत पेश किया है और आरोप लगाया है कि भाजपा उनके विधायकों को खरीदने की कोशिश कर रही है। उसकी जांच तो पहले ही दिल्ली पुलिस कर रही है। पुलिस ने उन्हें नोटिस जारी करके सबूत भी मांगे हैं लेकिन वह कोई सबूत पेश नहीं कर सके और अब उसी निराधार तथा काल्पनिक आरोप को लेकर विधानसभा में विश्वास मत पेश कर रहे हैं।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07232021M | फ्लेक्स बॉल केबल कम्पलीट सेट | 124 सेट | 15.03.2024 |
| 02 | 77239063 RGC | बैटरी ऑपरेटेड फोर्क लिफ्ट 5 टी कैपेसिटी कम्पलीट विथ स्टैण्डर्ड एक्सेसरीज | 950 सेट | 15.03.2024 |
| 03 | 77239066 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर नट एंड बोल्ट साइज 25 एम एम X 150 एम एम | 72 MT | 18.03.2024 |
| 04 | RC24-46550409 | अनइंसुलेटेड कैडमियम कॉपर काटेनरी वायर (19/2.10 एम एम) 65 एस क्यू एम एम | 900 MT | 18.03.2024 |
| 05 | 77239064 RGC | फ्लेक्स बॉल केबल कम्पलीट सेट | 2050900 नग | 06.05.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 94/2023-24 दिनांक : 16.02.2024 530/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई–निविदा सूचना

पत्र संख्या 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/जैम/2023/बी/4624873 दिनांक:- 15.02.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर – चतुर्थ अनुभाग में ट्रैक के दैनिक रखरखाव के लिए दो वर्षो के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों को किराए पर लेने कार्य हेतु। |
| 2 | कार्य की अनुमानित | रु. 1,49,88,221.95 |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 2,25,000.00 |
| 4 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 15.02.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 11.03.2024 को 15:30 बजे। |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.gem.gov.in पर उपलब्ध है। |

513/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



# भारत बंद : दिल्ली पुलिस पूरी तरह से सतर्क, सुरक्षा बढ़ाई गई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की ओर से आहूत भारत बंद के मद्देनजर दिल्ली पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में कई इलाकों में अवरोधक लगाए गए है जिससे यातायात प्रभावित हो सकता है। एसकेएम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केन्द्र सरकार पर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की विभिन्न मांगों को मानने का दबाव बनाने के वास्ते भारत बंद आहूत किया है।

पंजाब से किसानों ने मंगलवार को दिल्ली चलो मार्च प्रारंभ किया था लेकिन सुरक्षा बलों ने दिल्ली और हरियाणा के बीच शंभू तथा खनौरी सीमा पर उन्हें रोक दिया था। इसके बाद से ही किसान शंभू तथा खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। शुक्रवार को उनके आंदोलन का चौथा दिन है।

दिल्ली और हरियाणा के बीच दो सीमाएं यातायात के लिए बंद हैं और वहां सुरक्षाकर्मियों की भारी तैनाती की गई है। सीमा बंद होने के कारण यात्रियों को कुछ रास्तों से गुजरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पुलिस अतिरिक्त निगरानी रख रही है और संसद तथा अन्य संवेदनशील स्थानों की ओर जाने वाले रास्तों पर अवरोधक लगाए गए हैं। एसकेएम के भारत बंद आह्वान के मद्देनजर दिल्ली पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बंद के कारण शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसान नेताओं और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच तीसरे दौर की वार्ता बृहस्पतिवार देर रात बेनतीजा रही और अब दोनों पक्षों के बीच अगले दौर की बैठक 18 फरवरी को होगी। इसबीच किसानों ने पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर डटे रहने का निर्णय किया है।

सिंघू और टीकरी बॉर्डर पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। किसानों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए जगह-जगह अवरोधक, कंटीले तार और सीमेंट के बड़े पत्थर लगाए गए हैं।

मुकरबा चौक के पास जीटी करनाल रोड पर विरोध प्रदर्शन के पहले तीन दिनों में भारी यातायात देखा गया क्योंकि पुलिस ने सड़क पर अवरोधक और सीमेंट के बड़े पत्थर लगाए थे।

दिल्ली पुलिस ने सिंघू बॉर्डर पर स्थिति पर नजर रखने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टियर स्मोक यूनिट से आंसू गैस के 30,000 से अधिक गोले मंगाए हैं।

एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा, किसान कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन तथा कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं।

# चाय बनी काल: सिलेंडर में गैस लीकेज से लगी आग, बुजुर्ग को अंदर छोड़ बाहर भागा परिवार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के शाहदरा के राम नगर इलाके में शुक्रवार सुबह एलपीजी गैस सिलेंडर लीकेज से घर में आग लग गई। धुंए के कारण दम घुटने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान बुद्धक महतो के रूप में हुई है। मानसरोवर पार्क थाना ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**किराए पर परिवार के साथ रहते थे बुद्धक**

बुद्धक महतो अपने परिवार के साथ राम नगर में बेटी के साथ किराये पर रहते थे। वह चार मंजिला मकान में भूतल पर रहते थे। शुक्रवार सुबह सात बजे बेटी गैस चूल्हे पर चाय बना रही थी। बुजुर्ग को घर में छोड़ पूरा परिवार निकला बाहर

गैस लीकेज होने से घर में आग लग गई। बुजुर्ग को छोड़कर परिवार के बाकी सदस्य घर से बाहर आ गए। बुजुर्ग अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही दमकल व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने के बाद बुजुर्ग के शव को बाहर निकाला गया।

# मौसम साफ लेकिन रेल यात्रियों राहत नहीं



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मौसम में सुधार होने के बाद भी यात्रियों की परेशानी दूर नहीं हो रही है। पहले की तुलना में स्थिति सुधरी है लेकिन अभी भी राजधानी, वंदे भारत सहित कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

शुक्रवार को दिल्ली आने वाली लगभग 50 ट्रेनें विलंब से चल रही हैं। इससे यात्री परेशान हैं। अधिकारियों का कहना है कि सुबह के समय कुछ स्थानों पर कोहरा होने तथा अलग-अलग रेलखंड पर पटरी बिछाने और पुरानी पटरियों के रखरखाव के काम के कारण कुछ ट्रेनों को गंतव्य पर पहुंचने में देरी हो रही है।

सात घंटे तक देरी से चलने वाली ट्रेनों की लिस्ट

पुरी-योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस-साढ़े सात घंटे

प्रयागराज संगम-चंडीगढ़ ऊंचाहार एक्सप्रेस-साढ़े पांच घंटे

अमृतसर-नांदेड़ एक्सप्रेस-सवा चार घंटे

बरौनी-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस-चार घंटे

रक्सौल-आनंद विहार सद्भावना एक्सप्रेस-चार घंटे

मालदा टाउन-बठिंडा फरक्का एक्सप्रेस-चार घंटे

बनारस-नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस-पौने चार घंटे

बांद्रा टर्मिनल-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्वराज एक्सप्रेस-पौने चार घंटे

मधुपुर-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस-पौने चार घंटे

हल्दिया-आनंद विहार साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस-पौने चार घंटे

बनारस-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस -सवा तीन घंटे

रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस-सवा तीन घंटे

राजेंद्र नगर-नई दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस-सवा तीन घंटे

सियालदह-बीकानेर दुरंतो एक्सप्रेस-सवा तीन घंटे

हावड़ा-नई दिल्ली कोलकाता राजधानी एक्सप्रेस-पौने तीन घंटे

भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस-पौने तीन घंटे

सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस-पौने तीन घंटे

राजेंद्र नगर-नई दिल्ली राजधानी-सवा दो घंटे

# दिल्ली की अलीपुर इलाके फैक्टरी में लगी आग : मृतक संख्या बढ़कर 11 हुई, चार अन्य घायल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में पेंट की एक फैक्टरी में विस्फोट और उसके बाद लगी आग की घटना में परिसर से चार और शव बरामद होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 11 हो गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को आग लगने की घटना में चार लोग घायल हो गए थे जिनका अस्पताल में इलाज हो रहा है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि अलीपुर के दयालपुर बाजार में स्थित फैक्टरी से 11 लोगों के झुलसे हुए शव बरामद किए गए। मरने वालों में 10 पुरूष और एक महिला शामिल है। इस फैक्टरी में रसायनों को रखने के लिए भी गोदाम है। फैक्टरी में विस्फोट के बाद आग लगी और जल्द ही यह एक नशा मुक्ति केंद्र और आठ दुकानों सहित आस-पास की इमारतों में फैल गई।

पुलिस ने बताया कि हरियाणा के सोनीपत निवासी अखिल जैन फैक्टरी का संचालन करते थे। फैक्टरी के मालिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

डीएफएस अधिकारी ने कहा कि बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे आग लगने की सूचना मिली और दमकल की 22 गाड़ियों को घटनास्थल भेजा गया। उन्होंने बताया कि रात नौ बजे तक आग पर काबू पा लिया गया और फैक्टरी परिसर से 11 लोगों के झुलसे हुए शव बरामद किये गये। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, डीएफएस के हरसंभव प्रयासों के बावजूद दिल्ली के अलीपुर इलाके में पेंट फैक्टरी में आग लगने की घटना में 11 मजदूरों की मौत हो गई। शाम साढ़े पांच बजे आग लगने की सूचना मिली और दमकल की 22 गाड़ियां मौके पर मौजूद थीं, लेकिन विस्फोट होने से इमारत ढह गई और मजदूर फैक्टरी के अंदर फंस गए और उन्हें बचाया नहीं जा सका। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण दिन। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आशंका है कि विस्फोट गोदामों में रखे रसायनों के कारण हुआ। चारों घायलों की पहचान ज्योति (42), दिव्या (20), मोहित सोलंकी (34) और पुलिस कांस्टेबल करमबीर (35) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि घायलों को राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि शवों को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में रखा गया है और उनकी पहचान की प्रक्रिया जारी है।

त्त (बाहरी-उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा कि घटनास्थल पर पुलिस की एक टीम ने देखा कि आग पास के ह्यनशा मुक्ति केंद्र सहित कई अन्य इमारतों में फैल गई थी जहां चार-पांच लोग फंसे हुए थे। सिंह ने कहा, अलीपुर थाने में तैनात हमारे कांस्टेबल करमबीर अपनी जान जोखिम में डालकर नशा मुक्ति केंद्र की छत पर पहुंचे और फंसे हुए लोगों को बचाने में कामयाब रहे। हालांकि इस दौरान वह झुलस गए और उन्हें कई जगह चोटें आईं। करमबीर को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों को पहले राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया जहां से उनमें से तीन को लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। एलएनजेपी के चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने बताया, भर्ती किए गए मरीजों में से दो (दोनों महिलाएं) को धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। हालांकि जलने से चोट के कोई निशान नहीं है। उनकी हालत स्थिर है। चिकित्सकों ने कहा कि महिलाएं फैक्टरी के पास एक घर में रहती हैं और धुएं के कारण उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

# बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) की अगुवाई में बिजली क्षेत्र के कर्मचारियों ने शुक्रवार को देश के विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। एआईपीईएफ का यह प्रदर्शन बिजली क्षेत्र की संपत्तियों के निजीकरण की सरकारी नीतियों को खिलाफ था। एक बयान के मुताबिक बिजली कर्मचारियों के एक अन्य सगठन एनसीसीओईईई ने भी विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। एआईपीईएफ ने एनसीसीओईईई के साथ मिलकर निजीकरण की नीतियों के खिलाफ सभी बिजली केंद्रों और परियोजनाओं के मुख्यालयों पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा को सरकार की लिखित प्रतिबद्धता के बाद भी बिजली (संशोधन) विधेयक 2022 को रद्द करने की मांग का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत उपभोक्ताओं के परिसर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर अवैध रूप से लगाए गए हैं। दुबे कहा कि बिजली मंत्रालय बिजली (संशोधन) नियमों के माध्यम से बिजली (संशोधन) विधेयक 2022 के निजीकरण के एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है।

# दिल्ली: शाहदरा में मकान में आग लगने से बुजुर्ग की झुलसकर मौत

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में शुक्रवार सुबह एक मकान में आग लगने से बुजुर्ग की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान बुद्धक महतो (60) के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, शाहदरा के मोती राम रोड स्थित घर में आग लगने की सूचना सुबह सात बजकर 12 मिनट पर मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आग 30-35 गज में बनी चार मंजिला इमारत के भूतल पर लगी। महतो को वहां से निकालकर गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल भेजा गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने कहा, दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है।

# अलीपुर अग्निकांड: मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अलीपुर अग्निकांड के पीड़ित परिजनों से शुक्रवार को मुलाकात की और मृतक के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि और गंभीर से रूप से घायलों को दो -दो लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। श्री केजरीवाल आज घटना स्थल पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मुलाकात करके हार्दिक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस भीषण घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा, गुरुवार की शाम अलीपुर इलाके में स्थित इस फैक्ट्री में आग लग गई थी। आग लगने से फैक्ट्री में रखा केमिकल नालियों में बहने लगा। इस वजह से आसपास की कई दुकानों और घरों में भी आग लग गई। इस घटना में झुलसने से 11 लोगों की मौत हुई है और चार लोग घायल हुए हैं। सभी पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। उन्होंने कहा, इस हादसे में जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उन सभी के परिवारिजनों को दिल्ली सरकार की तरफ से 10-10 रुपए की अनुग्रह राशि इसके अलावा जो लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं, उनकों को दो-दो लाख रुपए और मामूली रूप से झुलसे लोगों को 20-20 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं जबकि दो लोग मामूली रूप से झुलसे हैं। साथ ही, इस आग की चपेट में आने से आसपास की जो दुकानें और मकान जल गए हैं, उसके नुकसान का आकलन किया जाएगा और नीति के अनुसार उनको मुआवजा दिया जाएगा। इस संबंध में संबंधित जिलाधिकारी को निर्देश दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में जांच का आदेश दिया गया है। रिहायशी इलाके में पेंट फैक्ट्री कैसे चल रही थी, इसकी जांच के आदेश दिये गये हैं। लोगों ने शिकायत की कि दमकल देरी से पहुंचा। इसकी भी जांच होगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# भाजपा के सात विधायकों को दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र से निलंबित किया गया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उपराज्यपाल के अभिभाषण में बाधा डालने को लेकर भाजपा के सात विधायकों को शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान कई बार व्यवधान डाला था क्योंकि वे अरविंद केजरीवाल सरकार को निशाना बनाना चाहते थे। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल ने व्यवधान का मामला विशेषाधिकार समिति को भी भेज दिया। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दिलीप पांडे ने इस मुद्दे पर कार्रवाई की मांग को लेकर सदन में प्रस्ताव रखा, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। पांडे ने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने बृहस्पतिवार को योजनाबद्ध तरीके से उपराज्यपाल के अभिभाषण को बाधित किया, जिससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंची। उन्होंने कहा, यह अभूतपूर्व और दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने नियम पुस्तिका पढ़ते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों के आचरण से सदन की गरिमा को ठेस पहुंची है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। विधानसभाध्यक्ष गोयल ने पांडे के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने की बात कही।

समिति की रिपोर्ट आने तक नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी को छोड़कर भाजपा के सात सदस्यों को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया। इसके बाद गोयल ने सात विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओपी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल वाजपेई, जीतेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता को सदन के कक्ष से बाहर जाने के लिए कहा। नेता प्रतिपक्ष बिधूड़ी विरोध जताते हुए सदन से बाहर चले गए। गोयल ने बृहस्पतिवार को बजट सत्र के पहले दिन उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान बार-बार बाधा पहुंचाने के लिए भाजपा विधायकों को मार्शल के माध्यम से सदन से बाहर भेज दिया था। विधानसभा के अधिकारियों ने बताया था कि सक्सेना ने जब अपना अभिभाषण शुरू किया और शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया तो भाजपा विधायक व पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों के वित्तपोषण का मुद्दा उठाते हुए उन्हें रोक दिया।

# युवा कांग्रेस ने बैंक खातों पर रोक के खिलाफ प्रदर्शनकया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय युवा कांग्रेस ने खुद के और कांग्रेस के बैंक खाते आयकर विभाग द्वारा फ्रीज किए जाने के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए। हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी. की अध्यक्षता में संगठन के नेताओं एवं कार्यकताओं ने यहां प्रदर्शन किया। श्रीनिवास ने कहा, उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बॉन्ड को निरस्त किए जाने के बाद केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री गुस्से में हैं। इसी वजह से मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और युवा कांग्रेस के बैंक खातों को चुनाव से ठीक पहले सील कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि आयकर विभाग को भाजपा के खाते सील करने चाहिए क्योंकि उसे असंवैधानिक चुनावी बॉन्ड के जरिये हजारों करोड़ रुपये मिले हैं।

# नौसेना के पूर्व कर्मियों का कतर की जेल से रिहा होना हर्ष और गर्व की बात: दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कतर की जेल से भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों की रिहाई के मामले में केंद्र सरकार के प्रयासों की शुक्रवार को सराहना की। विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने कहा कि यह खुशी और गर्व की बात है कि उनमें से सात सुरक्षित भारत लौट आए हैं। कतर ने पिछले साल अक्टूबर में सुनाई गई मौत की सजा को अलग-अलग अवधि के कारावास में बदलने के 46 दिन बाद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को जेल से रिहा कर दिया है। उनमें से सात सोमवार तड़के स्वदेश लौट आए। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए एक संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा, भारत की केंद्र सरकार के प्रयासों से, भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों में से सात सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। उन्हें पहले कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। गोयल ने कहा, मैं अपनी और सदन की ओर से भारत सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करता हूं और आठवें कर्मी की सुरक्षित वापसी की कामना करता हूं। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोमवार को एक बयान में कहा था कि भारत अगस्त 2022 में गिरफ्तार किए गए भारतीयों की रिहाई और स्वदेश वापसी के कतर के अमीर के फैसले की सराहना करता है।

# फर्जी वीजा मामले एजेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट थाना पुलिस टीम ने फर्जी वीजा मामले लगातार कार्रवाई के दौरान यमुनापार के एक ट्रेवल एजेंट को गिरफ्तार किया है। जो फर्जी स्टांप इमीग्रेशन डिपार्टमेंट का यूज करके लोगों को बाहर भेजने का गोरख धंधा कर रहा था। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब यूएई से एक हवाई यात्री आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंचा था। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान मनोज जैन के रूप में हुई है। यह दिल्ली के झिलमिली इलाके का रहने वाला है। इसे एसीपी वीरेंद्र मोर की देखरेख में एसएचओ बिजेंदर राणा, सब इंस्पेक्टर राहुल, हेड कांस्टेबल राजेंद्र और बिरजू की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई कर चुका है। उसके बाद प्रखर टूर एंड ट्रैवल प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी प्रीत विहार में चलने लगा। बाद में या एयर टिकट बुकिंग का भी काम करने लगा। इस कारोबार के दौरान यह दूसरे एजेंट के संपर्क में आया और उसके बाद लोगों को विदेश भेजने का गोरखधंधा में शामिल हो गया। लोगों को कम पैसे में विदेश भेजने का लालच देकर उन्हें फंसाता था। जिस मामले में इसे पकड़ा गया है, उस मामले में एक हवाई यात्री दलजीत सिंह को दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ा गया था। तो वह दुबई से आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा था। जब उसके डॉक्यूमेंट की इमीग्रेशन डिपार्टमेंट में जांच की तो फजीर्वाड़ा का पता चला। उसमें आगे की पूछताछ में पता चला की वह यूएसए में नौकरी के लिए वीजा बनवाने के लिए मनोज जैन नाम के एजेंट के संपर्क में आया था। उसने 40 लाख रुपए लेकर उसका वीजा बनवाने का भरोसा दिया था। इसके अकाउंट में सात लाख ट्रांजेक्शन का पता चला। यह अपने दूसरे साथियों के साथ मिलकर लग्जरी लाइफ जीने के लिए इस तरह का गोरखधंधा करना शुरू कर दिया था। इस मामले में इसके और साथी एजेंट की तलाश पुलिस कर रही है जो इस गोरखधंधे में शामिल थे।

# उच्च न्यायालय को आवंटित जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया : आप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने यहां राउज एवेन्यू में दिल्ली उच्च न्यायालय की भूमि पर अतिक्रमण नहीं किया और पार्टी को 2015 में यह जगह आवंटित की गयी थी। राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को तत्काल प्रभाव से खाली करने के निर्देश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली आप ने कहा कि इससे आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। न्यायिक अवसंरचना से संबंधित लंबित मामले में आप ने एक अर्जी दाखिल करते हुए दावा किया कि उस स्थान पर अतिक्रमण का कोई सवाल ही नहीं उठता जो उसे 2015 में विधिवत तरीके से आवंटित किया गया था और तब से वह भूमि उन्हीं के कब्जे में है। आप ने अर्जी में कहा कि पार्टी मौजूदा परिसर को खाली करने के लिए तैयार है और शीर्ष अदालत से यह निर्देश देने का अनुरोध किया कि इस तरह जगह खाली करवाने की आवश्यकता केवल तभी होनी चाहिए जब दो कार्यालय स्थानों के हकदार याचिकाकर्ता को उसके राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे की स्थिति के लिहाज से उपयुक्त कम से कम एक (कार्यालय परिसर) नई दिल्ली नगरपालिका क्षेत्र में आवंटित किया जाए। अधिवक्ता प्रतीक चड्ढा द्वारा दायर अर्जी में कहा गया, इन परिस्थितियों को देखते हुए तत्काल प्रभाव से जगह खाली करने का मतलब यह होगा कि याचिकाकर्ता के पास लागू दिशानिदेर्शों के तहत दो कार्यालय स्थानों में से एक भी नहीं बचेगा। अर्जी में कहा गया, अदालत का यह निर्देश याचिकाकर्ता की छवि के साथ-साथ आगामी आम चुनावों की चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। साथ ही इस तथ्य को भी ध्यान में रखा जाए कि अन्य पांच राष्ट्रीय दल नई दिल्ली में अपने आवंटित कार्यालयों से काम कर रहे हैं। जिस भूखंड के आवंटन को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं, उसका विवरण देते हुए पार्टी ने कहा, जिस जमीन पर अतिक्रमण की बात कही जा रही है, उसे 31 दिसंबर 2015 को दिल्ली सरकार को राज्य इकाई कार्यालय के लिए आधिकारिक तौर पर आवंटित किया गया था। अर्जी के मुताबिक, भूमि का आवंटन 14 अक्टूबर, 2015 के कार्यालय ज्ञापन के तहत (उस समय) एक राज्य पार्टी के रूप में आवेदक की पात्रता के अनुरूप किया गया था। यहां तक कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 23 अगस्त, 2017 को अपने एक आदेश में उक्त आवंटन को रद्द करने के नोटिस को खारिज कर दिया था। अर्जी में बताया गया कि आधिकारिक पार्टी के रूप में काम करने के लिए कार्यस्थल का आवंटन भारत में चुनावों के सार्वजनिक वित्तपोषण का एक अनिवार्य तत्व है और चुनाव को सभी पार्टियों के लिए एक समान बनाए रखने के लिए ऐसा किया जाता है। अर्जी के मुताबिक, 2015 में भूमि के आवंटन के बाद से याचिकाकर्ता (आप) एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल बन चुका है। पार्टी ने अर्जी में कहा, याचिकाकर्ता के दर्जे में बदलाव ने नई दिल्ली नगरपालिका क्षेत्र में कार्यालय स्थानों की उसकी आवश्यकता के साथ-साथ उसके अधिकार को भी पांच अन्य राष्ट्रीय पार्टियों के बराबर बढ़ा दिया है। ये सभी पार्टियां समान स्थानों पर इस तरह के समान आवंटन का लाभ उठा रही हैं। पार्टी ने कहा कि उसने अपनी राज्य इकाई के कार्यालय के लिए इस तरह के वैकल्पिक स्थान के लिए 20 मई, 2017 और पांच जून, 2017 को पत्र लिखकर अनुरोध किया था लेकिन 13 जून, 2017 को पत्र के माध्यम से उन अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया गया। पार्टी ने अर्जी में कहा, 10 अप्रैल, 2023 को राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद याचिकाकर्ता दल ने अपनी राष्ट्रीय इकाई के लिए कार्यस्थान के आवंटन के लिए भारत सरकार को कई अनुरोध भेजे। अर्जी के मुताबिक, हालांकि 17 अप्रैल, 2023, 20 अप्रैल, 2023, 22 अगस्त, 2023 और 13 सितंबर, 2023 को बार-बार पत्र लिखकर किये गये अनुरोधों के बावजूद कोई स्थान आवंटित नहीं किया गया। शीर्ष अदालत ने 13 फरवरी को दिल्ली सरकार और दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को संबंधित भूमि पर आप द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए एक बैठक करने का निर्देश दिया था।

# आप ने आवंटित भूमि पर से अतिक्रमण हटाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवादजा खटखटाया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) ने राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित भूमि पर पार्टी के अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और कहा है कि इससे लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

न्यायिक अवसंरचना से संबंधित लंबित मामले में आप ने एक अर्जी दाखिल करते हुए दावा किया कि उस स्थान पर अतिक्रमण का कोई सवाल ही नहीं उठता जो उसे 2015 में विधिवत तरीके से आवंटित किया गया था और तब से वह भूमि उन्हीं के कब्जे में है। आप ने अर्जी में कहा कि पार्टी मौजूदा परिसर को खाली करने के लिए तैयार है और शीर्ष अदालत से यह निर्देश देने का अनुरोध किया कि इस तरह जगह खाली करवाने की आवश्यकता केवल तभी होनी चाहिए जब दो कार्यालय स्थानों के हकदार याचिकाकर्ता को उसके राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे की स्थिति के लिहाज से उपयुक्त कम से कम एक (कार्यालय परिसर) नई दिल्ली नगरपालिका क्षेत्र में आवंटित किया जाए।

अधिवक्ता प्रतीक चड्ढा द्वारा दायर अर्जी में कहा गया, इन परिस्थितियों को देखते हुए तत्काल प्रभाव से जगह खाली करने का मतलब यह होगा कि याचिकाकर्ता के पास लागू दिशानिदेर्शों के तहत दो कार्यालय स्थानों में से एक भी नहीं बचेगा।

अर्जी में कहा गया, अदालत का यह निर्देश याचिकाकर्ता की छवि के साथ-साथ आगामी आम चुनावों की चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। साथ ही इस तथ्य को भी ध्यान में रखा जाए कि अन्य पांच राष्ट्रीय दल नई दिल्ली में अपने आवंटित कार्यालयों से काम कर रहे हैं।

शीर्ष अदालत ने 13 फरवरी को दिल्ली सरकार और दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को संबंधित भूमि पर आप द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए एक बैठक करने का निर्देश दिया था।

# दो स्नैचर समेत 3 बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। सदर बाजार थाना पुलिस टीम ने दो स्नैचर समेत तीन बदमाशों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में मो. शान, मो. शुऐब और एक घोषित बदमाश दीपांशु उर्फ अमन है। पुलिस ने इनके पास मोबाइल, स्कूटी और चाकू बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

उत्तरी जिला डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि एसीपी हीरा लाल थाना अध्यक्ष सदर बाजार की देखरेख में शिकायतकर्ता मो. अरीब की शिकायत 12 फरवरी शाम वह अपने काम के लिए नबाब रोड, सदर बाजार स्थित एक अन्य दुकान पर जा रहा था और अपने मोबाइल फोन पर एक कॉल अटेंड कर रहा था। इसी बीच, एक सफेद रंग की स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति वहां आए और अचानक स्कूटी पर पीछे बैठे व्यक्ति ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया इस पर कार्रवाही करते हुए जांच शुरू की। टीम ने 24 घंटे में 60 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण करके दोनों आरोपियों की पहचान की गई और दो स्नैचरों को गिरफ्तार कर एक मोबाइल फोन और स्कूटी बरामद की। वहीं दूसरी ओर डब्ल्यू/एसआई नीलम, (प्रभारी पीपीहाता-किदारा) के नेतृत्व में वारदात की फिराक में घूम रहे एक कट्टर अपराधी, हिस्ट्रीशीटर चाकू के साथ गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि आरोपी दिल्ली के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज स्नैचिंग, चोरी और मोटर वाहन चोरी के 09 मामलों में शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### विभिन्न मामले में वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

पतरघट/सहरसा। जिले के पतरघट ओपी पुलिस ने एक नामजद अभियूक्त एवं एक नशेरी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार वारंटी बबलू मुखिया पिता चन्देश्वरी मुखिया साकिम गोलमा एवं नशेरी शिबम कुमार पिता रमेश प्रसाद यादव साकिम वार्ड 2 को गोलमा पश्चिमी गया भगत चौंक के पास से रात्रि गस्ती के दौरान पुअनि बरुण कुमार शर्मा एवं अन्य पुलिस जबान के द्वारा नशे की हालात में धराया इस बावत ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया की गुरुवार की देर रात्रि के दौरान एक नशेरी एवं वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। धराए गये नशेरी एवं वारंटी के उपर बिधीवत कार्यवाई करते हुए न्यायिक हिरासत सहरसा भेजे गए।

### तैलिक वैश्य साहू समाज की बैठक आयोजित

सहरसा। गांधी पथ वार्ड नंबर 39 मे स्थित तैलिक वैश्य साहू समाज मवन में तैलिक वैश्य साहू समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समाज के नवनियुक्त संयोजक सह तैकिक साहू भवन निर्माण समिति के सचिव सुबोध साह ने की। बैठक में संगठन के बिस्तर पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी व समाज के नेताओं ने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि समाज को एकजुट होकर अपनी चट्टानी एकता को दिखाने की जरूरत है। समाज की मजबूती के लिए संगठन जिले के सभी प्रखंड एवं नगर में बनेगी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, पूर्व एनडीए प्रत्याशी चंदन बागची, जदयू नेता देवेंद्र देव, भाजपा नेता शशांक सुमन विक्की, पूर्व प्रमुख शिव शंकर साह, कामेश्वर साह, राजीव रंजन साह, सतनारायण साह, फुलेश्वर साह, राज किशोर साह, दीपक कुमार फोटो, शक्ति गुप्ता, मनोज कुमार साह, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### राजकीय पोलिटेकनिक, सहरसा में ई- यात्रा लैब का शुभारंभ

सहरसा। राजकीय पोलिटेकनिक, सहरसा में आईआईटी बॉम्बे के द्वारा संचालित ई-यात्रा रोबोटिक्स लैब का अधिष्ठापन किया गया है, जिसमें आईआईटी बॉम्बे के पदाधिकारी प्रो० कवि आर्या एवं संस्थान के प्राचार्य, डॉ० दिवाकर भगत, तथा अन्य शाखा के व्याख्याताएँ ऑनलाईन माध्यम से जुडकर प्रयोगशाला का शुभआरंभ किया गया। प्रयोगशाला के सफल संचालन से छात्र-छात्राओं के द्वारा रोबोटिक्स के क्षेत्र में सभी नई तकनिकी में भी प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा आईआईटी बॉम्बे में भी प्रशिक्षण प्राप्त करने का मौका भविष्य में दिया जायेगा।

# 22 सूत्री मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियन का प्रदर्शन

प्रात: किरण, संवाददाता



सहरसा। 22 सूत्री मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियन के संयुक्त मंच के द्वारा शुक्रवार को देशव्यापी ग्रामीण भारत बंद हुआ औद्योगिक यक्ष हड़ताल के समर्थन में सहरसा में भी एटक सीटू , एकटू इंटक, किसान सभा ने शंकर चौक से डी बी रोड होते हुए थाना चौक वीर कुंवर सिंह चौक होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष पहुंचकर प्रदर्शन किया । मैट्रिक के परीक्षा के कारण जिला मुख्यालय में आंदोलन के कार्यक्रम में बदलाव किया गया एवं सड़क जाम तथा बाजार बंद को स्थगित कर दिया गया। बाईस सूत्री मांगों में महंगाई पर रोक लगाने, भोजन दवा कृषि सहित आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटाने पेट्रोलियम उत्पादन एवं रसोई गैस के कीमतों में वृद्धि को वापस लेने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सभी फसलों पर सी 2+50 प्रतिशत के फामूर्ले के आधार पर एमएसपी कानून बनाने, बिजली कानून 2022 को अबिलंब वापस लेने, 4 श्रम संहिता को वापस लेने बिहार में एपीमसी अधिनियम को पुन बहाल करने और कृषि मंडी को चालू करने, पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने किसान एवं खेत मजदूर को ₹5000 प्रति माह किसान पेंशन योजना लागू करने काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने, खाद्य सुरक्षा की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक बनाने, सभी के लिए मुक्त शिक्षा स्वास्थ्य पानी और स्वच्छता के अधिकार की गारंटी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वापस लेने, वन अधिकार कानून 2006 को शक्ति से लागू करने वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 वापस लेने, सभी किसान एवं मजदूरों को कर्ज के जाल से मुक्त करने , हिट एंड रन प्रावधानों सहित भारतीय नई संहिता के कठोर प्रावधानों को वापस लेने की मांगों को लेकर यह बैंड का आयोजन किया गया। जिला समाहरणालय के समक्ष सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के राज्य के महासचिव विनोद कुमार ने कहा कि किसानों के साथ केंद्र सरकार का रवैया अपेक्षा पूर्ण है एक तरफ बातचीत करने का ढोंग करती है तो दूसरी तरफ उनके आंदोलन को बंदूक और गोली के बल पर कुचलना चाहती है । वर्तमान में केंद्र सरकार रवेये का किसान सभा विरोध करती है और निंदा करती है केंद्र सरकार किसान और मजदूरों के हित में अभिलंब जन विरोधी कानून को वापस ले यह आंदोलन किसान और मजदूर के हितों के लिए लगातार जारी रहेगा। किसान सभा व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव परमानंद ठाकुर ने कहा की बिहार में मंडी सिस्टम बिहार सरकार किसान के हित में चालू करें जन विरोधी कानून को वापस ले और मजदूर किसानों का कर्ज माफ करें । कार्यक्रम में सीटू के दुखी शर्मा मोहम्मद नसीम उद्दीन, निर्माण कामगार यूनियन के मोहम्मद संजार असलम मोहम्मद बबलू मोहम्मद समरूल राजनीतिराय,गरकन सादा, मोहम्मद नसीम मिस्त्री, मंटू, फिरोज, इस्माईल अर्जुन शर्मा, जब्बार , मनोज शर्मा सीपीआई के जिला सचिव परमानंद ठाकुर, भवेश यादव, एटक के जिला सचिव प्रभु लाल दास, दिलीप कुमार, अरुण राम, सज्जन , दास, लक्ष्मण यादव , खेत मजदूर यूनियन के जिला उपाध्यक्ष शंकर कुमार, अजित कुमार सिंह, उमेश चोधरी, शिवजी राय, जाकिर हुसैन, वीरेंद्र दास, अशोक दास, सुरेश दास, हीरालाल शर्मा, गांगो यादव आदि प्रदर्शन में शामिल थे ।

# टॉप 10 में शामिल कुख्यात अपराधी रंजीत गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है जहां टॉप 10 की सूची में शामिल कुख्यात अपराधी के साथ 25000 का इनामी अपराधी रंजीत मुखिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है मामले की जानकारी एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी हिमांशु कुमार ने दिया है जानकारी देते हुए हिमांशु कुमार ने बताया कि रंजीत मुखिया टॉप 10 की सूची में शामिल था जिन पर सहरसा समेत सुपौल जिले में मामला दर्ज था इन पर 25000 का इनाम भी घोषित किया गया था वही रंजीत मुखिया की गिरफ्तारी जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में हुई है आगे एसपी ने बताया कि यह खुख्यात अपराधी है इन पर कई मामला दर्ज है वहीं पुलिस को कई दिनों से इसकी तलाश थी और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी हालांकि गिरफ्तारी के क्रम में कोई भी हथियार बरामद नहीं किया गया है ।

# वाम दलों के कार्यकताओं ने स्टेट बैंक परिसर में बोला हमला



● घंटों बैंक को बाधित कर किया उग्र प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा संयुक्त किसान मोर्चा और अन्य ट्रेड यूनियन के आह्वान पर ग्रामीण भारत बंद बुलाया गया। जिसके तहत मधेपुरा में वाम दलों और बिहार राज्य किसान सभा की ओर से स्टेट बैंक मुख्य शाखा को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि आंदोलन कर रहे लोगों ने लगभग एक घंटे तक एस बी आई मुख्य शाखा में कामकाज बाधित रखा। वहीं विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पूरे देश में किसान-मजदूर आज सड़क पर हैं। मोदी सरकार देश की सार्वजनिक संपत्तियों को बेच रही है। रेल, भेल, शिक्षा, हवाई अड्डा समेत सभी सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। इसी के खिलाफ आज भारत बंद का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जो किसानों के साथ एग्रीमेंट किया, उसको लागू किया जाए। हरहाल में एम एस पी लागू होना चाहिए। किसानों के फसल का समर्थन मूल्य मिलना चाहिए। कर्मचारियों का पुराना पेंशन लागू होना चाहिए। शिक्षा और काम के अधिकार को मौलिक अधिकार में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमरतोड़ महंगाई और रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी पर भी लगाम लगाएं सरकार। उन्होंने कहा कि अगर सरकार देश की संविधान और एकता को कुचलना चाहती है तो यह हमे मंजूर नहीं। यह देश जितना हिंदुओं का है उतना ही मुसलमान का भी है, उतना ही सिख और ईसाई का भी है। नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार हिंदू और मुसलमान और मंदिर मस्जिद के नाम पर देश को तोड़ना बंद करें। डीजल और पेट्रोल की कीमतों में कमी की मांग भी किसान कर रहे हैं। इसके अलावा किसान, मनरेगा को मजबूत करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और औपचारिक व अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों में सभी श्रमिकों के लिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन में बिहार राज्य किसान सभा के नेता रमन कुमार, शंभु क्रांति, मो. वसीमुद्दीन समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# नम आंखों से दी गई विद्या की देवी मां सरस्वती को विदाई



प्रात: किरण, संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र में शांति व सौहार्द के माहौल में सरस्वती पूजा संपन्न हो गया। शुक्रवार को लोगों ने विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां सरस्वती एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा जलाशयों में विसर्जित किया। वहीं नगर पंचायत स्थित वार्ड नंबर 12 में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ-साथ माता को नम आंखों से विदाई की। प्रखंड के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में मां की प्रतिमा को विसर्जन किया गया। मौके पर हर्ष महाराज, आशीष कुमार, रवि कुमार, हरिओम कुमार, मयंक कुमार, यश कुमार, आदर्श कुमार, अभिषेक कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पुर्व मुखिया प्रतिनिधि ने फीता काटकर सरस्वती मेला का किया उद्घाटन



प्रात: किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- प्रखंड क्षेत्र के सहुरिया पश्चिमी पंचायत स्थित मां सरस्वती स्थान देवघरा में सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर गुरुवार की संध्या को स्थानीय पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अनिमेष कुमार ने फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा पूरे देश में हो रही है। खासकर छात्र व युवा लोग सरस्वती पूजा में भाग लेते हैं। इस गांव में सैकड़ो वर्षो से समस्त ग्रामीण एक साथ मिलकर पूजा के साथ-साथ तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन करते है। जो इस सुदूर इलाके में गौरव की बात है। आज के दौर में मेले का आयोजन अपने आप में बहुत चुनौती रहती है लेकिन यहां के ग्रामीणों ने तीन दिवसीय मेला का आयोजन कर आपसी सामंजस का नमूना पेश किए है। उन्होंने कहा कि मेले एकजुटता, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक हैं। भारतीय संस्कृति में मेलों का विशेष महत्व है। मेला और पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि इन परंपराओं को सद्भाव और भाईचारे के साथ निभाते रहे। मौके पर मेला कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# संघ के राज्यव्यापी आह्वान पर ममता कार्यकर्ता ने आठ सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन सभा

## ममता कार्यकर्ता को न्यूनतम मजदूरी भी नसीब नहीं, जायज मांग जल्द पूरा करें सरकार : किरण देव यादव

प्रात: किरण, संवाददाता




● ममता कार्यकर्ता जच्चा बच्चा के सुरक्षित जन्म दर एवं स्वास्थ्य विभाग का है मेरुदंड - मधुबाला

साहेबपुर कमाल। बिहार राज्य ममता कार्यकर्ता संघ के राज्यव्यापी आह्वान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहेबपुर कमाल के समक्ष ममता कार्यकर्ता के द्वारा धरना प्रदर्शन सभा किया गया। उक्त आंदोलन का नेतृत्व प्रदेश संरक्षक किरण देव यादव ने किया। श्री यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ममता कार्यकर्ता को सरकारी सेवा घोषित कर 26000 रुपए मासिक मानदेय निर्धारित किया जाए। उन्होंने कहा कि आज ममता कार्यकर्ता को एक जच्चा बच्चा के जन्म होने पर मात्र 300 मिलती है जो सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं है। ममता कार्यकर्ता के बच्चों का भरण पोषण शिक्षा स्वास्थ्य दवा कैसे संभव होगा ? श्री यादव ने ममता कार्यकर्ता को कार्य अवधि में मृत्यु होने पर 10 लख रुपए मुआवजा देने, अनुकंपा का लाभ देकर आश्रितों को नौकरी देने, आकस्मिक अवकाश मातृत्व अवकाश विशेष अवकाश देने, ड्रेस किट बैग देने, ट्रेनिंग देने, सुरक्षा सम्मान सुविधा देने आदि मांग सरकार से किया। महिला विकास सेवा संस्थान के संरक्षक मधुबाला ने ममता कार्यकर्ता के आंदोलन को पुरजोर समर्थन किया। धरना में रेखा कुमारी, किरण देवी , मनीषा देवी, इंदु कुमारी, बेला कुमारी, शांति कुमारी रेखा देवी , इंदु देवी, ममता कुमारी, अहिल्या कुमारी, गायत्री कुमारी, बबीता देवी ने ममता कार्यकर्ता के आठ सूत्री मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार कर जल्द मांग पूरा करने का सरकार से मांग किया।

# नम आंखों से दी गई मां शारदे को विदाई



प्रात: किरण, संवाददाता

नवहट्टा/सहरसा। प्रखण्ड क्षेत्र के ज्ञान सरोवर शिक्षण संस्थान, उपस्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में आर्यन सरस्वती पूजा समिति, आनन्द इंटरनेशनल स्कूल सहित अन्य दर्जनों जगहों पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की अराधना भक्तिभाव से की गई। गुरुवार को पूजा पंडालों समेत अन्य पूजन स्थलों के पास वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भक्तों ने हवन पूजन का कार्य किया। हर पूजन स्थल पर मां शारदे कहां तू वीणा बजा रही है.. की आरती से पूजा पंडाल गुंजायमान होता रहा। साथ ही हवन के बाद पूजा स्थलों पर विसर्जन का प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विसर्जन से पहले पूजा स्थलों पर लोग एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बसंत की बधाई दी। हवन होने के बाद पूजा पंडाल से भक्तों की टोली जुलूस की शक्ल में मां शारदे की प्रतिमा को लेकर विसर्जन करने जलाशयों की ओर चल दिए। जुलूस में शामिल श्रद्धालु भक्ति व भोजपुरी गीतों पर जमकर थिरक रहे थे। साथ ही बीच-बीच में मां शारदे की जयकारे भी लगा रहे थे। पूरे इलाकों में उत्साह के साथ मां शारदे को नम आंखों से विदाई देते हुए प्रतिमा को जलाशयों में प्रवाहित कर दिया गया। पूजा से लेकर विसर्जन तक की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस पदाधिकारियों व जवानों की तैनाती की गई थी। मौके पर ज्ञान सरोवर शिक्षण संस्थान के निदेशक मन्नू रिस्की, लाडली रिस्की, बिट्टू गुप्ता, कन्हैया साह, ऋषि गुप्ता, प्रदीप प्रेम, प्रणव वर्मा, आशीष गुप्ता, धरम दास, मिलन गुप्ता, अमित कुशवाहा, कुन्दन यादव, संतोष आनंद, विकाश साह, रोहित पासवान, तनय त्यागी, राजीव साह, राजन मिस्त्री, अक्षय मुखिया, अजय मिस्त्री, अंगद दास कृष्णा दास सहित अन्य दर्जनों युवा व युवती उपस्थित रहे।

# ई रिक्शा और बाइक हुई आमने सामने टक्कर, दोनों चालक घायल

प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना क्षेत्र के बिशनपुर बाजार पंचायत स्थित देवन स्थान चौक के समीप स्टेट हाईवे पर शुक्रवार को ई रिक्शा और बाइक के आमने सामने के टक्कर में बाइक चालक और ई रिक्शा चालक घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने 112 वाहन पुलिस कुमारखंड को सूचना दिया। सूचना मिलते ही 112 वाहन पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर ई रिक्शा चालक और बाइक चालक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती करवाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जदिया थाना क्षेत्र स्थित मानगंज गांव निवासी बाइक चालक गणेश कुमार अपनी बाइक से कुमारखंड की ओर से घर लौट रहे थे ।

# संयुक्त किसान मोर्चा एवं केन्द्रीय श्रमिक संगठनों ने किया हड़ताल



प्रात: किरण, संवाददाता

सौर बाजार/सहरसा। संयुक्त किसान मोर्चा एवं केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के राष्ट्रीय व्यापी आवाहन केन्द्र सरकार के किसान विरोधी मजदूर विरोधी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सौर बाजार के सभी दुकानों को बंद कराते हुए सभी व्यवसाय दुकानदारों ने सरकार के जनविरोधी नीतियों खिलाफ अपना अपना दुकान बंद कर भारत बंद को समर्थन किया जिसके उपरांत प्रदर्शकारी लोगों ने सोनवर्षा पतरघट सहरसा मुख्यमार्ग जिरो माईल चौक पर एक घंटा चक्का जाम किया वहीं परिक्षार्थियों विद्यार्थी को जाने आने में दिक्कत नहीं हो इसको देखते हुए चक्का जाम किया। जिसे कोई किसी विघार्थियों को दिक्कत नहीं आने दिया। चक्का जाम स्थल पर पहुंचे सौर बाजार थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने प्रदर्शन कारी से वार्ता कर जाम हटाया गया। दिल्ली जा रहे आन्दोलनकारी किसान से वार्ता करने, किसान मजदूर के सभी तरहों का कर्ज माफ करने, एमएसपी को कानूनी दर्जा देने, श्रम विरोधी कानून को वापस लेने, मनरेगा में 600 सौ रुपए करने, सभी एसकीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, मंहगाई पर रोक लगाने, सभी भुमी हिनों को वास के लिए 05 डी. मिल जमीन देने, किसान आन्दोलन में किसान के उपर से फर्जी एफआईआर को हटाने, लखीमपुर खीरी में आन्दोलन कारी शहिद किसान और एक पत्रकार के परिवार को उचित मुआवजा देने और भाजपा के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त करने उसके उपर हत्या के मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने, किसान मजदूर को वृद्धा पेंशन तीन हजार रूपया प्रति माह करने आदि मांगों को लेकर डबल इंजन सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन एवं चक्का जाम में शामिल किसान सभा, सीटू से जुड़े निर्माण कामगार यूनियन, आशा, ममता,टेम्पू चालक, एमडीएम रसोईया यूनियन ने आदि संगठन के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए जिसके उपरांत प्रतिरोध मार्च निकालकर सौर बाजार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी कामों को थप किया। प्रदर्शन में शामिल किसान सभा प्रखंड अध्यक्ष केशव कुमार सचिव विघानंद यादव, जिला संयुक्त सचिव रमेश यादव सीटू नेता कुलानन्द यादव एमडीएम रसोईया यूनियन के जिला सचिव व्यास प्रसाद यादव आशा वर्कर यूनियन जिला मंत्री कुमारी ज्योति रानी, अमृता कुमारी प्रखंड अध्यक्ष, निलम कुमारी कोषाध्यक्ष, ममता संघ के अध्यक्ष सावित्री देवी, सुनीता देवी, रंजु देवी रिता देवी, आशा कुमारी सीमा, अर्पणा कुमारी, राणा कुमारी, सचिदानंद यादव, मोहन मुखिया, हिरा लाल यादव, अशोक यादव, निर्माण कामगार के पवन सादा, जालेश्वर पासवान, बद्री राम, बिंदेश्वरी भगत,रामी यादव किसान सभा के नेता बलराम यादव, कमोखिय यादव, श्रवण कुमार, मो. कबीर नीतीश कुमार, आदि मौजूद थें।

# अबीर गुलाल के साथ नम आंखों से की गई मां सरस्वती की विदाई

प्रात: किरण, संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) पुरैनी प्रखंड क्षेत्र में स्थापित मां शारदे की प्रतिमाओं को विधि-विधान से पूजा के बाद शुक्रवार को विदाई दी गयी।भक्तों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर माता सरस्वती की मूर्ति का विसर्जन किया। वसंत पंचमी के दिन होने वाले सरस्वती पूजा के साथ होली की भी तैयारी शुरू हो जाती है। यही कारण है अबीर- गुलाल के साथ मां सरस्वती को विदा किया जाता है।शहर की सड़कें पर मां की गीत व जयघोष गूंजता रहा। नाचते-गाते और एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मां की मूर्ति का विसर्जन किया साथ ही बच्चों ने मां से ज्ञान प्राप्ति की प्रार्थना की। प्रखंड के डुमरैल स्थित युवाओं द्वारा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व पंडित निगम कुमार झा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना एवं हवन संपन्न कराया। इसके बाद युवाओं द्वारा प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। युवाओं मां शारदे के भजन में थीरकते हुए चल रहे थे साथ-साथ ही मां शारदे की जयकारा लगा रहे थे। वहीं पास स्थित औरलाहा के तालाब में मां शारदे का विसर्जन किया गया। मौके पर तिलो साह, नवल किशोर साह, बादल कुमार, पवन कुमार, गौरव कुमार, दिनेश कुमार, विकास कुमार सहित अन्य युवा मौजूद थे।

# केंद्र सरकार किसान व मजदूर के साथ कर रहा धोखा:रमेश शर्मा

प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) भाकपा ने संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर भारत बंद कार्यक्रम का समर्थन किया है। शुक्रवार को भाकपा कार्यकर्ताओ ने बाजार के स्टेट बैंक मुख्य शाखा के मुख्य द्वार को घंटों बाधित रखा। इस दौरान बैंक कर्मी सहित विभिन्न जगहों से आए खाताधारको को परेशानी हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व भाकपा के सहायक अंचल मंत्री सह वार्ड संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा कर रहे थे। संबोधित करते हुए रमेश शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार मजदूर व किसान विरोधी है। उन्होंने कहा लखीमपुर खीरी में किसान नरसंहार के मुख्य साजिश कर्ता केंद्र में गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा को अब तक बर्खास्त नहीं किया जाना, तीन काला कृषि कानून के खिलाफ राष्ट्रव्यापी किसान आंदोलन में 736 शहीद किसानों के परिजनों को मुआवजा नहीं दिया जाना, संघर्ष समिति के एग्रीमेंट को पूरा नहीं किया जाना, ट्रेड यूनियन के अधिकारों में कटौती किया जाना, किसान एवं मजदूरों के साथ धोखा है। जनता को मंदिर का सपना दिखा रही है। लोहिया एवं कपूर्री के विरासत को धोखा देकर भाजपा के साथ नहीं जाने की कसम खाकर नरेंद्र मोदी के गोदी में बैठने वाले नीतीश कुमार को भी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। मोहम्मद सिराज ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आज हम लोग सड़क पर उतरे हैं। किसानों एवं मजदूरों की मांग का अगर अनदेखी की गई तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। आज तमाम बैकों का निजीकरण किया जा रहा है। किसानों को फसल का लाभकारी मूल्य नहीं दिया जा रहा है। भारत धर्म निरपेक्ष देश है, इसलिए धर्म के नाम पर राजनीति नहीं चाहिए। मंदिर मस्जिद नहीं रोजगार चाहिए। मौके पर भाकपा के वरीय नेता कामरेड मुन्ना कुमार, बिजेन्द्र ऋषदेव, अजय कुमार राम, कुन्दन ऋषिदेव, अनोज ऋषिदेव, श्यामसुंदर मंडल, रवि कुमार, दीपक कुमार, गजेन्द्र ऋषिदेव, राजो ऋषिदेव, अरूण प्रसाद यादव, मो आबास, इन्दल पासवान, मो इन्सुल, रविन्द्र पासवान सहित दर्जनो भाकपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

सलखुआ/सहरसा। प्रखंड के पूर्वी तटबंध के अंदर मध्य विद्यालय रैठी में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ सलखुआ के प्रखंड अध्यक्ष सह चिरैयां संकुल समन्वयक सुदर्शन कुमार गौतम के नेतृत्व में पुलवामा हमले को याद करते हुए एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सविता कुमारी, चिड़ैया ओपी अध्यक्ष कर्मवीर सिंह, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह चिड़ैया संकूल समन्वयक सुदर्शन कुमार गौतम, कबीरा पंचायत के मुखिया जगदीश सादा व अन्य ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों के याद में मध्य विद्यालय रैठी में संकुल समन्वयक सह प्रधानाध्यापक श्री गौतम के नेतृत्व में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति नगमों ने उपस्थित श्रोताओं को देशभक्ति से ओतप्रोत कर झूमने पर मजबूर कर दिया। तत्पश्चात उद्घोषक द्वारा आए आगंतुकों का स्वागत कर कार्यक्रम का आगाज किया गया।स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीतों की जो शमा बांधी लोग झूम उठे। ए मेरे वतन के लोगो तुम आंख में भर लो पानी जो शहीद हुए हैं उनको जरा याद करो कुबार्नी, सारे जहां से अच्छा हिदुस्तान हमारा, हम जिएंगे और मरेंगे ए वतन तेरे लिए,जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा वो भारत देश है मेरा,चिट्ठी आई है वतन से चिट्ठी आई है आदि देशभक्ति नगमे ने लोगों को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।स्कूली बच्चों के रंग में श्रोता भी रंग गए।

# थाना चौक पर धरना देकर किसानों ने किया यातायात वधित

**आलमनगर (मधेपुरा)** संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय व्यापी आह्वान पर शुक्रवार को बिहार राज्य किसान सभा एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने थाना चौक पर धरना देकर आलमनगर उदा किशुनगंज मार्ग को बाधित किया। आंदोलन का नेतृत्व बिहार राज्य किसान सभा के राज्य परिषद सदस्य मुकुंद प्रसाद यादव एवं भाकपा के अंचल मंत्री जगत नारायण शर्मा कर रहे थे। आंदोलन में पार्टी के वरीय नेता एवं किसान नेता उमेश यादव, बिंदेश्वरी यादव, महेंद्र यादव, मजदूर नेता मनोज राम, अजीत शर्मा, अवधेश मंडल, जनार्दन ठाकुर, बम बम शर्मा, लड्डू सिंह, रमेश साहनी, टुनटुन शाह, मोहम्मद शमीम आदि नेता शामिल थे। किसान नेता मुकुंद प्रसाद यादव ने कहा कि किसान संगठनों के साथ हुए एग्रीमेंट को मोदी सरकार लागू करे, किसानों पर दमन और अत्याचार बंद करें नहीं तो संघर्ष तेज होगा। उन्होंने कहा कि भीषण महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी से आम लोगों का जीना हुआ दुभर है। केंद्र की मोदी सरकार किसानों और मजदूरों की नहीं, पूंजीपतियों की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सत्ता से बिना भाजपा को हटाए देश को बचाना संभव नहीं है।

**सम्पादकीय**

## आप के साथ नहीं बन रही बात

कांग्रेस पार्टी ने भी अब आम आदमी पार्टी से दूरी बनानी शुरू कर दी है क्योंकि दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे की बात नहीं बन रही है। लेकिन तालमेल नहीं होने का एकमात्र कारण यही नहीं है कि दोनों में सीट बंटवारा फाइनल नहीं हो पाया है। इसके अलावा एक कारण राजनीति है और दूसरा वैचारिक है। सबसे पहला कारण तो आम आदमी पार्टी की ज्यादा सीटों पर लडे और अलग अलग राज्यों में लड़ कर कांग्रेस की मदद से अपना आधार बड़ा करने की है। इसी योजना के तहत अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने गुजरात और असम में उम्मीदवार की घोषणा कर दी। उसके बाद खुद केजरीवाल ने पहले पंजाब में सभी 13 सीटों पर लडे का ऐलान किया और उसके बाद दिल्ली में भी सभी सात सीटों पर लडे का संकेत दिया। कहा जा रहा है कि जल्दी ही केजरीवाल की पार्टी हरियाणा और गोवा में भी उम्मीदवार घोषित करेगी। कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि पार्टी की अलग अलग राज्य इकाइयों और नेशनल एलायंस कमेटी ने पार्टी नेतृत्व को केजरीवाल की रणनीति के बारे में आगाह किया। कांग्रेस उनसे तालमेल में अपना राजनीतिक नुकसान देख रही है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि जहां केजरीवाल मजबूत हैं वहां उनकी मदद के बावजूद कांग्रेस को बहुत फायदा नहीं होना है। लेकिन जहां केजरीवाल की पार्टी का वजूद नहीं है वहां अगर कांग्रेस ने उनके लिए सीटें छोड़ीं तो वहां आम आदमी पार्टी का आधार मजबूत होगा। मिसाल के तौर पर असम में या हरियाणा में कांग्रेस तालमेल करके लड़ेगी तो बेशक आप को दो-तीन सीट ही मिले लडे के लिए लेकिन इन दोनों राज्यों में उसका आधार मजबूत होगा। ध्यान रहे केजरीवाल हरियाणा के रहने वाले हैं लेकिन तमाम प्रयास के बावजूद पिछले 12 साल में वे अपने गृह राज्य में पैर रखने तक की जगह नहीं बना पाए हैं। तभी वे कांग्रेस की मदद से जमने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस के जानकार नेताओं का कहना है कि अगर केजरीवाल दिल्ली में कांग्रेस के लिए सीट छोड़ते हैं तभी कांग्रेस को कोई फायदा होगा। इसके अलावा किसी भी राज्य में दोनों के साथ मिल कर लडे का फायदा सिर्फ और सिर्फ केजरीवाल को होगा। कांग्रेस के एक नेता ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि दिल्ली में जब कांग्रेस मजबूत थी तब उसने केजरीवाल को समर्थन दिया था, जिसके बाद कांग्रेस का वोट उनके साथ चला गया और कांग्रेस जीरो पर गई। अब केजरीवाल मजबूत हैं और अगर उनके समर्थन से कांग्रेस लड़ती है तो वह अपना कुछ खोया हुआ वोट वापस हासिल कर सकती है। राजनीतिक पहलू के अलावा एक वैचारिक पहलू भी है, जिसे लेकर कांग्रेस के नेता आशंकित भी हैं और अपने लिए संभावना भी देख रहे हैं। गौरतलब है कि केजरीवाल की पार्टी ने राममंदिर कार्यक्रम के दिन यानी 22 जनवरी को पूरी दिल्ली में सुंदरकांड का पाठ कराया था और अब हर महीने के पहले मंगलवार को इसके आयोजन का ऐलान किया है। इस बीच केजरीवाल पूरे परिवार के साथ अयोध्या दर्शन के लिए भी गए हैं। वे साथ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी ले गए हैं। कांग्रेस को लग रहा है कि भाजपा जैसी ही राजनीति करने से मुस्लिम मतदाता केजरीवाल का साथ छोड़ सकते हैं और फिर कांग्रेस की ओर वापस लौट सकते हैं। इसलिए भी कांग्रेस के नेता अलग लडे की संभावना पर विचार कर रहे हैं।

## चंदे के धंधे पर लगी सुप्रीम रोक

सुप्रीम कोर्ट ने आज एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है। बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं। अपने फैसले में चीफ जस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजो की बेंच ने तीन दिनों तक लगातार सुनवाई करने के बाद 2 नवंबर 2023 को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकताओं में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), कांग्रेस नेता दया ठाकुर और माकपा शामिल है। याचिकाकताओं ने केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुये इन सभी ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था। इस योजना को उसी समय चुनौती दी गई थी। लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया था कि वह 30 मई 2019 तक एक लिफाफे में चुनावी बांड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि कोर्ट ने उस समय इस योजना पर रोक नहीं लगाई थी। बाद में दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था। इस पर चुनाव आयोग ने भी अपनी नकारात्मक राय दी थी। चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29( बी )का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के पहले केंद्र सरकार ने 5 फरवरी को लोकसभा को बताया था कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के माध्यम से 30 किश्तों में 16, 518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड बेचे गए हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि भारतीय स्टेट बैंक से खरीदे गए चुनावी बांड (चरण 01 से चरण 30) का कुल मूल्य लगभग 16, 518 करोड़ रुपये है। चौधरी ने कहा था कि केंद्र ने पहले 25 चरणों के लिए चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए एसबीआई को 8.57 करोड़ रुपये का कमीशन दिया है। इसके अलावा इसने अब तक सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) को 1.90 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। चौधरी ने बताया था कि केंद्र सरकार ने 2 जनवरी 2018 को चुनावी बॉन्ड योजना को अधिसूचित किया था। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि स्वच्छ कर भुगतान किया गया पैसा उचित बैंकिंग चैनल के माध्यम से राजनीतिक फंडिंग की प्रणाली में आये। हालांकि दानदाताओं के नाम गुमनाम रहे और सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर रहे। ये बांड विशेष रूप से राजनीतिक दलों को धन के योगदान के लिए जारी किए गए थे और इन्हें केवल भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में ही खरीदा जा सकता था। इलेक्टोरल बॉन्ड से उसी पार्टी को चंदा लेने का अधिकार था जो जनप्रतिनिधित्व कानून-1951 रिपर्जेंटेशन आफ द पिपुल्स एक्ट की धारा 29 के तहत रजिस्टर्ड हो। जिसे लोकसभा या विधानसभा चुनाव में कम से कम 1 प्रतिशत वोट मिला हो। भारत में चुनाव आयोग के समक्ष करीबन 1900 पार्टियाँ पंजीकृत हैं। इनमें सैकड़ों ऐसी पार्टियाँ हैं जिन्होंने कभी चुनाव ही नहीं लड़ा है। इससे यह साफ हो जाता है कि कुछ तो गड़बड़ जरूर है। देश के पंजीकृत राजनीतिक दलों को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 13 ए के तहत आयकर से छूट मिलती है। उनके लिये दान या चंदा लेने की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है। उनको सिर्फ उस लेन-देन का ब्योरा चुनाव आयोग के समक्ष पेश करना होता है जो 20 हजार या उससे ज्यादा हो। इससे कम की रकम का कोई हिसाब उसे नहीं देना होता है। इसी का लाभ उठाकर तमाम राजनीतिक दलों पर कालेधन को सफेद करने और चुनावों में बेहिसाब कालाधन खर्च करने के आरोप लगते रहे हैं। यहीं कारण है कि सैकड़ों दल चुनाव नहीं लड़ते लेकिन राजनैतिक दल के तौर पंजीकृत हैं।

# अबू धाबी में आईआईटी, दिल्ली: भारतीय सीमाओं के पार उत्कृष्टता

**इस कार्यक्रम में अधिकांश छात्र अबू धाबी की प्रमुख तेल और गैस कंपनी एडीएनओसी द्वारा प्रायोजित हैं, जो खुद को नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा रूपांतरण की ओर फिर से उन्मुख करने की इच्छुोक है। शिक्षा जगत के साथ उद्योग का यह इंटरफेस इस नवोदित संस्थान के भविष्य के लिए शुभ संकेत है। आईआईटी दिल्ली अबू धाबी की कक्षाओं में कदम रखने वाले छात्रों का पहला बनाए रखना सुनिश्चित करने का तंत्र माना जाएगा। मानकीकृत परीक्षणों, शैक्षणिक प्रगति, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के माध्यम से छात्र प्रवेश गुणवत्ता की बेंचमार्किंग ऐसे स्नातक तैयार करने की दिशा में संस्थागत प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जो केवल उत्कृष्टता की अपेक्षाओं को ही पूरा न करते हों,बल्कि उससे कहीं बेहतर हों । बदलती हुई दुनिया में नई साझेदारियां संयुक्त अरब अमीरात की जीवंत राजधानी अबू धाबी, इस नए परिसर के लिए सिर्फ एक स्थल से कहीं अधिक है।**



**धर्मेन्द्र प्रधान**
**लेखक**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की हाल की यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय संबंध पहले से ही व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक प्रगाढ़ हो चुके हैं। रणनीतिक भागीदारी की पुष्टि करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अबू धाबी में आईआईटी, दिल्ली के एक परिसर की परिकल्पना की थी- इस निर्णय का रिकॉर्ड समय में साकार होना, दोनों देशों के नेतृत्व की साझा दृष्टि और प्राथमिकताओं का प्रमाण देता है। नए भारत के नवाचार और विशेषज्ञता के एक उदाहरण के रूप में, संयुक्त अरब अमीरात में आईआईटी, दिल्ली का परिसर शिक्षा-क्षेत्र में भारत-यूएई मित्रता की नयी मिसाल के रूप में कार्य करने के लिए तैयार है। यह संस्थान शैक्षिक उत्कृष्टता, नवाचार, ज्ञान आदान-प्रदान और मानव पूंजी में निवेश आदि के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने में दोनों देशों के साझे दृष्टिकोण को दशार्ता है। निस्संदेह, यह आपसी समृद्धि और वैश्विक कल्याण, दोनों ही दृष्टि से ज्ञान की शक्ति का लाभ उठाने के लिए एक नया उदाहरण पेश करेगा। समग्र परिवर्तन आईआईटी दिल्ली का अंतर्राष्ट्रीय परिसर नई शिक्षा नीति में परिकल्पित शैक्षणिक संस्थानों के अंतर्राष्ट्रीयकरण के विकसित होते प्रतिमान को दशार्ता है। राधाकृष्णन समिति की रणनीतिक सिफारिशें, जो शुरू में आईआईटी के अंतर्राष्ट्रीय परिसरों की संकल्पना के लिए गठित की गई थीं, ने आईआईटी दिल्ली और आईआईटी मद्रास (जांजीबार में एक परिसर के साथ) जैसे संस्थानों के लिए एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति की परिकल्पना की थीः केवल प्रतिष्ठा में ही नहीं, बल्कि उपस्थिति में भी वैश्विक। मित्र देशों के साथ भारत की भागीदारी की प्रमुख विशेषता है- द्विपक्षीय प्रतिबद्धता को अंतिम रूप देना तथा विश्वसनीय और समय पर किये जाने वाले कार्यों के माध्यम से इसे पूरा करना।

रिकॉर्ड समय में स्थापित किया गया आईआईटी दिल्ली-अबू धाबी परिसर, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और अबू धाबी शिक्षा एवं ज्ञान विभाग (एडीईके) के आपसी प्रयासों के आकर्षक तालमेल को रेखांकित करता है। 2022 की शुरूआत में दोनों देशों के राजनेताओं के बीच एक समझौता हुआ था। 15 जुलाई, 2023 को एमओयू पर हस्ताक्षर होने से लेकर 29 जनवरी, 2024 को कैंपस के पूरा होने व छात्रों के पहले बैच की कक्षाएं शुरू होने तक, आईआईटी दिल्ली- अबू धाबी ने भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय सौहार्द का उदाहरण देते हुए बहुत ही कम समय में काफी लंबी दूरी तय की है। कई मायनों में, यह समग्र परिवर्तन का प्रतीक है। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने नालंदा विश्वविद्यालय- ह्लदुनिया का पहला आवासीय विश्वविद्यालय, जहां कई देशों के प्रसिद्ध विद्वान भारत आते थे और अध्ययन करते थेह्व- के साथ शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण में उत्कृष्टता हासिल की थी। आईआईटी आज अपनी उत्कृष्टता को सीमाओं के पार ले जा रहे हैं और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता और वास्तविक जीवन में उपयुक्त ता आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर का सबसे महत्वकपूर्ण अंग शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए उसकी प्रतिबद्धता है। संस्थान के पाठ्यक्रम को क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप कुशलतापूर्वक ढाला गया है। स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के शिक्षण के साथ-साथ अनुसंधान के क्षेत्र में आईआईटी दिल्ली के अद्वितीय अनुभव का लाभ उठाते हुए अबू धाबी परिसर विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के साथ ही साथ, उसे वैविध्युपूर्ण बनाते हुए नवीन और क्षेत्र-विशिष्ट कार्यक्रमों का केंद्र बनने की दिशा में प्रयासरत है। इसका आरंभिक शैक्षणिक कार्यक्रम, ऊर्जा रूपांतरण और स्थिरता में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी, संस्थान के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दशार्ता है। जलवायु और स्थिरता से जुड़ी अन्य चुनौतियों से निपटने में स्वच्छ ऊर्जा रूपांतरण की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को इस परिवर्तन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में अग्रणी रहने के लिए तैयार करना है। यह पाठ्यक्रम ट्रांजिशन प्रबंधन, नवाचार प्रक्रियाओं और ऊर्जा-स्थिरता अंतसंबंधों की समझ के साथ तकनीकी ज्ञान को एकीकृत करते हुए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण पर जोर देता है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त अरब अमीरात द्वारा वर्ष 2023 को स्थिरता वर्ष के रूप में मनाए जाने और दुबई में ऐतिहासिक सीओपी 28 सम्मेलन की मेजबानी करने के पश्चात हुआ है।

इस कार्यक्रम में अधिकांश छात्र अबू धाबी की प्रमुख तेल और गैस कंपनी एडीएनओसी द्वारा प्रायोजित हैं, जो खुद को नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा रूपांतरण की ओर फिर से उन्मुख करने की इच्छुोक है। शिक्षा जगत के साथ उद्योग का यह इंटरफेस इस नवोदित संस्थान के भविष्य के लिए शुभ संकेत है। आईआईटी दिल्ली अबू धाबी की कक्षाओं में कदम रखने वाले छात्रों का पहला बैच अत्याधुनिक ज्ञान प्राप्त करने वाला बन जाएगा। आईआईटी दिल्ली- अबू धाबी परिसर एआई, डेटा एनालिटिक्स, ऊर्जा और स्थिरता और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहा है। तेजी से उभरती वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में अनुसंधान के एजेंडे को मेजबान देश की जरूरतों के अनुरूप बनाया जाएगा। गुणवत्ता आश्वासन और बेंचमार्किंग: गुणवत्ता आश्वासन, राधाकृष्णन समिति द्वारा रेखांकित एक अन्य महत्वरपूर्ण विशेषता है, जो आईआईटी दिल्ली-अबू धाबी के लोकाचार में अंतर्निहित है। मान्यता, समय-समय पर पाठ्यक्रम की समीक्षा और संस्थागत मूल्यांकन को नियमित आधिकारिक प्रयोग नहीं माना जाएगा, बल्कि इसे शिक्षा की गुणवत्ता को उच्चतम वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाए रखना सुनिश्चित करने का तंत्र माना जाएगा। मानकीकृत परीक्षणों, शैक्षणिक प्रगति, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के माध्यम से छात्र प्रवेश गुणवत्ता की बेंचमार्किंग ऐसे स्नातक तैयार करने की दिशा में संस्थागत प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जो केवल उत्कृष्टता की अपेक्षाओं को ही पूरा न करते हों,बल्कि उससे कहीं बेहतर हों । बदलती हुई दुनिया में नई साझेदारियां संयुक्त अरब अमीरात की जीवंत राजधानी अबू धाबी, इस नए परिसर के लिए सिर्फ एक स्थल से कहीं अधिक है।

यह शिक्षा और नवाचार के इस साहसिक उद्यम में पूर्ण सहयोगी एवं भागीदार रही है। इस तरह का निर्बाध एवं उपयोगी संयुक्त प्रयास भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के उद्देश्यों एवं दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस परिसर में संस्कृतियों, विचारों और दृष्टिकोणों का अपेक्षित सम्मिलन हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उदाहरण के लिए, इस बात की परिकल्पना की गई है कि स्नातक पाठ्यक्रमों में भारतीय छात्रों को अमीराती छात्रों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के साथ-साथ शामिल किया जाएगा। इसी तरह, आईआईटी दिल्ली द्वारा संयुक्त अरब अमीरात के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संकाय और कर्मचारियों की भर्ती किए जाने की भी उम्मीद है जो अबू धाबी परिसर में विश्वस्तरीय शिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रम को विकसित व कार्यान्वित करने हेतु दिल्ली परिसर के संकाय के साथ मिलकर काम करेंगे। आगे की राह अबू धाबी में आईआईटी दिल्ली का परिसर स्थापित करने की पीछे भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच की साझेदारी आकांक्षाओं और संभावनाओं से भरी है। यह निश्चित रूप से दो देशों और वहां के लोगों के बीच व्यापक साझेदारी का आधार बनेगा। यह दुनिया के कल्याण के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संयुक्त उद्यमों के लिए छात्रों और शोधकताओं को प्रशिक्षित करके दोनों देशों के परे जाकर नए आयाम जोड़ेगा। अब जबकि आईआईटी-दिल्ली वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में लगातार अग्रसर है, इसका लक्ष्य मानचित्र पर कोई एक स्थान नहीं, बल्कि साझा वैश्विक समृद्धि के लिए ज्ञान का एक साझा दृष्टिकोण विकसित करना है। अग्रणी भारतीय संस्थानों ने परिपक्वता हासिल कर ली है और अब वे भारत के वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन के अनुरूप ह्लविश्व मित्रह्व के रूप में भारत की छवि को मजबूत करने की दिशा में अपने वैश्विक प्रभाव को और गहरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# चुनावों के लिए सरकारी वित्तपोषण पर बहस फिर से शुरू करने का समय

**जो वैध रूप से निर्वाचित सरकारों को हटाने और स्पष्ट दलबदल की मदद से अपने स्वयं के कठपुतली संगठनों की स्थापना में प्रकट हुईहै ।कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार ऐसे ही भाजपा की विध्वंसक राजनीति के सबसे खराब व्यंग्यचित्र के रूप में सामने आते हैं ।ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्यों की जांच करते हुए, 1998 की इंद्रजीत गुप्ता समिति की रिपोर्ट और 1999 की भारतीय विधि आयोग की रिपोर्ट की सिफारिशें, दोनों चुनावों के लिए पूर्ण राज्य वित्त पोषण की वकालत करती हैं, जो इस बहस की दीर्घकालिक प्रकृति को रेखांकित करती हैं ।, न कि पूर्ण वित्तपोषण के। 1999 की विधि आयोग की रिपोर्ट मोटे तौर पर इंद्रजीत गुप्ता पैनल की रिपोर्ट से सहमत थी और इस बात पर जोर दिया गया था कि चुनावों के लिए कुल राज्य वित्त पोषण तब तक वांछनीय था जब तक राजनीतिक दलों को अन्य स्रोतों से धन लेने से प्रतिबंधित रखा गया हो ।आयोग इस आधार पर भी सहमत था कि उस समय की आर्थिक स्थितियों को देखते हुए केवल आंशिक राज्य वित्त पोषण ही संभव था ।लेकिन इसके अतिरिक्त, यह उचित नियामक ढांचे की सिफारिश करता है**



**के. रवीन्द्रन**
**लेखक**



सत्ताधारी पार्टी को बेरोकटोक राजनीतिक फंडिंग की सुविधा देने के लिए आलोचना की गई और चुनावी बांड योजना तेजी से जांच के दायरे में आ गई है। भाजपा ने इस योजना से अधिकांश धन प्राप्त किया है, जबकि मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी सहित अन्य पार्टियों को कुल राशि का केवल दसवां हिस्सा ही मिला है। अनुपातहीन धन शक्ति ने सत्ताधारी पार्टी को विपक्षी शासित राज्यों के खिलाफ कुछ सबसे विचित्र अस्थिरता उत्पन्न करने की योजनाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। आपत्तिजनक चुनावी बांड योजना के माध्यम से सत्तारूढ़ दल को बेरोकटोक राजनीतिक फंडिंग के कड़वे परिणामों को ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि देश में चुनावों के लिए राज्य फंडिंग की अवधारणा पर वापस जाने का समय आ गया है, अगर देश में लोकतंत्र को जीवित रखना है तो, विशेषकर इसलिए क्योंकि चुनावी बांड योजना के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में तोड़फोड़ हो रही है। ऐसा करने के लिए शायद यह सबसे उपयुक्तसमय है, क्योंकि भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक संवैधानिक पीठ चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर फैसला करने के लिए तैयार है। यह अलग बात है कि फैसले में देरी, जिसे अदालत ने पिछले साल नवंबर में सुरक्षित रख लिया था, ने निस्संदेह लोकतंत्र समर्थक कार्यकताओं और उत्साही लोगों को निराश किया है। फिर भी सर्वोच्च न्यायालय एक सार्थक हस्तक्षेप करके संशोधन कर सकता है और अधिक न्यायसंगत और निष्पक्ष व्यवस्था का सुझाव देकर चीजों को सही कर सकता है। ऐसा करने में, अदालत को वर्तमान याचिकाओं के दायरे से परे जाना पड़ सकता है, लेकिन इस तरह का दृष्टिकोण देश में लोकतंत्र को संरक्षित करने में काफी मदद करेगा, जो अन्यथा खतरे में है। सत्ताधारी पार्टी को बेरोकटोक राजनीतिक फंडिंग की सुविधा देने के लिए आलोचना की गई और चुनावी बांड योजना तेजी से जांच के दायरे में आ गई है। भाजपा ने इस योजना से अधिकांश धन प्राप्त किया है, जबकि मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी सहित अन्य पार्टियों को कुल राशि का केवल दसवां हिस्सा ही मिला है। अनुपातहीन धन शक्ति ने सत्ताधारी पार्टी को विपक्षी शासित राज्यों के खिलाफ कुछ सबसे विचित्र अस्थिरता उत्पन्न करने की योजनाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है, जो वैध रूप से निर्वाचित सरकारों को हटाने और स्पष्ट दलबदल की मदद से अपने स्वयं के कठपुतली संगठनों की स्थापना में प्रकट हुई है। कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार ऐसे ही भाजपा की विध्वंसक राजनीति के सबसे खराब व्यंग्यचित्र के रूप में सामने आते हैं। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्यों की जांच करते हुए, 1998 की इंद्रजीत गुप्ता समिति की रिपोर्ट और 1999 की भारतीय विधि आयोग की रिपोर्ट की सिफारिशें, दोनों चुनावों के लिए पूर्ण राज्य वित्त पोषण की वकालत करती हैं, जो इस बहस की दीर्घकालिक प्रकृति को रेखांकित करती हैं। इंद्रजीत गुप्ता समिति ने राज्य के वित्त पोषण की दो सीमाओं की सिफारिश की: पहला, राज्य का धन केवल राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों को आवंटित किया जाना चाहिए, न कि स्वतंत्र उम्मीदवारों को। दूसरे, अल्पावधि में राज्य वित्त पोषण केवल मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों को कुछ सुविधाओं के रूप में दिया जाना चाहिए। समिति ने कहा कि रिपोर्ट की तैयारी के समय, देश की आर्थिक स्थिति चुनावों के लिए केवल आंशिक राज्य वित्त पोषण के अनुकूल थी, न कि पूर्ण वित्तपोषण के। 1999 की विधि आयोग की रिपोर्ट मोटे तौर पर इंद्रजीत गुप्ता पैनल की रिपोर्ट से सहमत थी और इस बात पर जोर दिया गया था कि चुनावों के लिए कुल राज्य वित्त पोषण तब तक वांछनीय था जब तक राजनीतिक दलों को अन्य स्रोतों से धन लेने से प्रतिबंधित रखा गया हो। आयोग इस आधार पर भी सहमत था कि उस समय की आर्थिक स्थितियों को देखते हुए केवल आंशिक राज्य वित्त पोषण ही संभव था। लेकिन इसके अतिरिक्त, यह उचित नियामक ढांचे की सिफारिश करता है जिसमें यह सुनिश्चित करने के प्रावधान शामिल हैं कि राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र का पालन करते हैं और आंतरिक संरचनाओं और खातों को व्यवस्थित रखते हैं, उनकी ऑडिटिंग करते हैं, और राज्य के वित्त पोषण की अनुमति से पहले चुनाव आयोग को प्रस्तुत करते हैं। उससे लगभग एक दशक पहले, दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग की ह्लशासन में नैतिकताह्व शीर्षक वाली एक रिपोर्ट में भी चुनाव खर्चों की ह्लनाजायज और अनावश्यक फंडिंगह्व को प्रतिबंधित करने के लिए चुनावों में आंशिक राज्य वित्त पोषण की सिफारिश की गई थी। लेकिन दुर्भाग्य से, संविधान के कामकाज की समीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय आयोग, 2001 ने चुनावों के लिए राज्य के वित्त पोषण का समर्थन नहीं किया, हालांकि यह 1999 के विधि आयोग की रिपोर्ट से सहमत था कि राज्य के वित्त पोषण से पहले राजनीतिक दलों के विनियमन के लिए उचित ढांचे को लागू करने की आवश्यकता होगी। कुल परिणाम यह है कि इन सिफारिशों के बावजूद, राज्य वित्त पोषण काफी हद तक अकादमिक ही रहा है। राज्य वित्त पोषण के समर्थक चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, समानता और भ्रष्टाचार में कमी लाने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डालते हैं। सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए अधिक समान अवसर प्रदान करके, राज्य वित्त पोषण मौजूदा प्रणाली से जुड़े पक्षपात के आरोपों से मुक्त, एक स्वस्थ लोकतांत्रिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दे सकता है। वर्तमान चुनावी बांड योजना को पारदर्शिता की कमी के कारण भी आलोचना का सामना करना पड़ा है, क्योंकि दानदाताओं की पहचान अज्ञात है। इस अपारदर्शिता ने राजनीतिक शासन प्रणाली के संभावित दुरुपयोग के बारे में चिंताएं पैदा कर दी हैं, जिससे पूरी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर सवाल खड़े हो गये हैं। भारत के लिए चुनावी वित्तपोषण के प्रति अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने और एक ऐसी प्रणाली को अपनाने का समय आ गया है जो वास्तव में एक लोकतांत्रिक गणराज्य की भावना का प्रतीक है। संभवतः सर्वोच्च न्यायालय देश की चुनावी प्रणाली में इस तरह के महत्वपूर्ण बदलाव की शुरूआत करने की स्थिति में है।

# चुनावी बांड की जानकारी सार्वजनिक होने पर खुलेंगे कई राज

**सनत कुमार जैन**

सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यों की खंडपीठ ने चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुना दिया है। सरकार की चुनावी बांड योजना को सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने सर्वसम्मति से गुमनाम चुनावी बांड योजना को संविधान के अनुच्छेद 19(1) ए के तहत असंवैधानिक मानते हुए निरस्त कर दिया है। काले धन पर पाबंदी लगाने के नाम पर लागू की गई, चुनावी बांड योजना पर टिप्पणी करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है। जनता के सूचना अधिकार को किसी भी तरह से प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए इलेक्ट्रोल बांड का कानून सूचना अधिकार का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वोटर को राजनीतिक पार्टियों की फंडिंग जानने का पूरा हक है। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 से लेकर अभी तक की चुनावी बांड की जानकारी को सार्वजनिक पटल पर प्रदर्शित करने के आदेश दिए हैं। पिछले कई वर्षों से यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित थी। भले देर से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, देर से फैसला आया। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुरूप नागरिकों के दो सबसे बड़े महत्वपूर्ण अधिकार को सुरक्षित रखने का काम किया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सूचना का संवैधानिक अधिकार संविधान में शामिल है। सरकार द्वारा 2018 में जो चुनावी बांड योजना लाई गई थी। वह योजना इस तरह से बनाई गई थी। जिसमें सरकार का पूरी तरह से नियंत्रण हो। पिछले 5 सालों में सबसे ज्यादा चुनावी चंदा इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हुआ है। विपक्षी दल को इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से किसने चंदा दिया है। इसका पता सरकार को लग जाता है। सरकार में बैठे राजनीतिक दल को किसने चंदा दिया है। यह किसी को पता नहीं लग पाता था। चुनावी बाँड का सबसे ज्यादा फायदा भारतीय जनता पार्टी को हुआ है। बहुत सोच समझकर यह योजना केंद्र सरकार द्वारा अपने लिए लाई गई थी। पारदर्शिता के नाम पर योजना को अपारदर्शी बनाया गया। केंद्र सरकार को बांड के माध्यम से सबसे ज्यादा चंदा मिला। इसके साथ विपक्षी दलों को नियंत्रित करने के लिए चुनावी बांड का एक ऐसा अस्त्र मिल गया था। जिसके कारण विपक्षी दल पाई-पाई के लिए मोहताज हो गए। भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने की शक्ति किसी भी विपक्षी दल में नहीं रह गई थी। कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी के पास भी भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के लिए आर्थिक संसाधन नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, काले धन को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने जो कानून बनाए हैं। रिजर्व बैंक आफ इंडिया के माध्यम से हर खाता तक सरकार और जांच एजेंसियों की पहुंच है। आयकर विभाग, सीबीआई तथा केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय किसी भी लेनदेन की जांच, किसी भी समय कर पाती है। हर खाते का एक्सेस रिजर्व बैंक और जांच एजेंसियों के पास है। चुनावी बांड के जरिए काले धन पर रोक नहीं लग सकती है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से यह स्पष्ट हो गया है, कि सरकार नागरिकों के निजी अधिकारों के साथ छेड़छाड़ कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या में अपराह्न में एक घंटे तक बंद रहेंगे राम मंदिर के कपाट

श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुक्रवार से अपराह्न में एक घंटे के लिए राम मंदिर के कपाट बंद रखने का फैसला लिया है। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के अनुसार रामलला शुक्रवार से अपराह्न में एक घंटे का विश्राम करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मंदिर में आने वाले भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने दर्शन का समय सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक बढ़ा दिया है। आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा, ह्यश्री रामलला पांच साल के बाल स्वरूप में हैं, इसलिए बाल देवता को कुछ आराम देने के लिए ट्रस्ट ने फैसला किया है कि मंदिर के कपाट अपराह्न में एक घंटे तक बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर अपराह्न साढ़े 12 बजे से दारामलला के दर्शन का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक था, जिसमें अपराह्न 1:30 से 3:30 तक दो घंटे दर्शन बंद रहते थे।

### बिजनौर में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मां बेटे की मौत

जिले के मंडावर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला और उसके नाबालिग बेटे की मौत हो गई जबकि उसका पति और दूसरा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। थाना प्रभारी (एसएचओ) रवि तोमर ने कहा, ह्यधर्मेंद्र और उनकी पत्नी सुनीता अपने दो नाबालिग बेटों टिंकू (12) और मुकुल (7) के साथ पैदल रेलवे स्टेशन जा रहे थे, तभी फुलवारी लॉन के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि सुनीता और मुकुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि धर्मेंद्र और टिंकू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस उस वाहन की पहचान करने की कोशिश कर रही है जिसने पीड़ितों को टक्कर मारी।

### पत्नी का सिर काटने के बाद उसे लेकर पुलिस के पास जा रहा पति गिरफ्तार

जिले के कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम बसारा में शुक्रवार को पत्नी का सिर काटने के बाद उसे लेकर पुलिस के पास जा रहा पति गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव का निवासी अनिल कनौजिया पेशे से राजगीर था। उसकी शादी आठ वर्ष पूर्व वंदना कनौजिया से हुई थी। उसके दो बच्चे भी हैं।

# जीबीसी के केंद्र में है प्रदेश का युवा वर्ग : योगी

**लखनऊ, एजेंसी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार मिशन मोड में काम कर रही है और इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, बल्कि इसके केंद्र में प्रदेश का युवा वर्ग है। मुख्यमंत्री आवास पर अयोजित विशेष कार्यक्रम में श्री योगी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों की 42 सदस्यीय विशेष टीम के साथ बातचीत में कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, बल्कि इसके केंद्र में हमारा युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे और इसका सीधा लाभ हमारे युवा को होगा। हम अपने युवाओं का कौशल उन्नयन भी कर रहे हैं और उनके लिए रोजगार के अवसर भी बना रहे हैं। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। मध्य उत्तर प्रदेश और एनसीआर की तुलना में पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड का बहुत कम विकास हुआ था। यहां न तो इंफ्रास्ट्रक्चर डिवलेपमेंट का काम हुआ था न ही लोगों के जीवन स्तर में सुधार के प्रयास। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। हमने इस असमान विकास की समस्या के स्थायी निराकरण के लिए ठोस प्रयास किये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहा कि इसमें प्रदेश के हर जिले के लिए निवेश मिला है। अब औद्योगिक विकास केवल एनसीआर अथवा कुछ चुनिंदा नगरों तक सीमित नही है, बल्कि हर एक जिला इससे लाभान्वित है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा। उन्होने कहा कि किसी भी योजना की सफलता के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वह योजना जिसके लिए बनाई गई है, उसे उसकी जानकारी हो। अच्छी योजनाएं जागरूकता के अभाव में असफल हो जाती हैं। इसलिए सरकार, इंडस्ट्री और शिक्षण संस्थाओं के बीच सतत संवाद और संपर्क महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से राज्य सरकार आप सभी अनुभवी अधिकारियों और शिक्षाविदों का सहयोग ले रही है। श्री योगी ने कहा कि जीबीसी 4.0 के आयोजन के पूर्व विश्वविद्यालयों व अन्य शैक्षिक संस्थानों में आप सभी का युवाओं से संवाद महत्वपूर्ण होगा। संवाद करते हुए आप उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई विभिन्न नीतियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में वृहद पूंजी निवेश आकर्षित किये जाने की योजनाओं की जानकारी दें। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं से उनका परिचय कराएं। उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें। ताकि अधिकाधिक युवा योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। यह समिट किस प्रकार उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी होगा, इस संबंध में मार्गदर्शन करें। उन्होने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें उत्तर प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी इन्होंने उत्तर प्रदेश लौटने का निर्णय लिया। यहां यह भी समझना होगा कि यह श्रमिक केवल फैक्ट्री में काम ही नहीं करते हैं, यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान भी करते हैं। इसी तरह, कोरोनाकाल में प्रदेश लौटे प्रवासी जनों की हमने स्किल मैपिंग की और यहीं रोजगार मुहैया कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों,महाविद्यालयों को अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। यहां अध्ययनरत युवा सरकार की नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों से सुगमतापूर्वक परिचित हो सकें, इसके लिए सहज व्यवस्था होनी चाहिए। विश्वविद्यालयों को इसके लिए स्वप्रेरणा से कार्य करना होगा।

# आज और कल होगी यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा, तैयारियां पूर्ण

## दो पालियों में 34 केंद्रों पर 17544 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा**

अमरोहा। जनपद में 17 और 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसके लिए पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। दो पालियों में 34 केंद्रों पर 17544 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिसको लेकर जिले को चार जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया है। परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए हर केंद्र को सीसीटीवी और जैमर से लैस किया गया है। साथ ही आज परीक्षा केंद्रों का सीओ और कोतवाल ने पुलिस टीम के साथ औचक निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वेताभ भास्कर ने बताया कि जनपद में कल और परसों पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसको लेकर शुक्रवार को सबंधित थाना प्रभारी और पुलिस टीम के साथ पुलिस परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही बताया कि कल और परसों आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन कराया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह साढ़े नो बजे से जबकि दूसरी पाली ढाई बजे से शुरू होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात रहेगा।

# संत शिरोमणि रविदास जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक



**प्रात: किरण, संवाददाता**

स्योहारा। गत वर्षो की भांति इस वर्ष थाना स्योहारा प्रांगण में संत शिरोमणि रविदास जी जयंती को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने अमन कमेटी की बैठक कराई। जिसमें नगर और क्षेत्र के संत शिरोमणि रविदास कमेटीयों के आयोजकों पदाधिकारी व सदस्यों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकार धामपुर सर्वम सिंह ने की तथा संचालन वरिष्ठ पत्रकार इकबाल रूमानी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित हुई उपजिलाधिकारी धामपुर रितु रानी ने कहा त्यौहार आपसी भाईचारा शांति और प्रेम का संदेश देते हैं हम भी इन उसूलों का पालन करना चाहिए। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी एक महापुरुष रहे हैं उन्होंने हमेशा शांति और भाईचारे का संदेश दिया है उनकी जयंती पर नगर और क्षेत्र में शोभायात्रा, झांकिया भी निकाली जाती हैं उनको सभी लोग शांति व्यवस्था और भाईचारे के साथ निकले और खुशी के साथ त्योहार मनाए। सभी क्षेत्रवासी कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह ने कहा की कि हर त्योहार और जयंती मनाने का एक मकसद होता है हम जिन महापुरुषों की जयंती मनाते हैं या उनकी याद में त्यौहार मनाते हैं हमें उसके मकसद के बारे में पता होना चाहिए हमें उन महापुरुषों को अपना आदर्श मानना चाहिए।उन्होंने बताया कि थाना स्योहारा के अभिलेखों में संत रविदास जी जयंती के जुलूस को निकालने के लिए परम्परागत रूप से जो स्थान चिन्हित है उन्हें ही परमिशन दी जाएगी। 21 फरवरी तक सभी आयोजक गण अपनी परमिशन करा ले और अपने त्यौहार की तैयारी में लगे किसी भी नई परंपरा को करने की इजाजत नहीं दी जाएगी कोई बिना परमिशन के जुलूस या शोभायात्रा निकलता है तो उसे गैर परंपरागत माना जाएगा। उन्होंने सभी से अपील कि की विशेषकर उसे दिन शराब का सेवन करने से बचे। किसी ने भी शांति व्यवस्था मे खलल डालने की कोशिश की तो उस पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।संत शिरोमणि कमेटी स्योहारा के अध्यक्ष मास्टर महिपाल सिंह, मास्टर विजय पाल सिंह सभासद पति व समाजसेवी मोनू उर्फ विकास आदि ने भी अमन कमेटी में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए जुलूस निकालने वाले रास्ते की समस्या बताई और प्रशासन से मांग की रास्ते मे जनरेटर और बिजली के तार लटके रहते है उन्हें ऊपर करा दिया जाए ताकि करंट चलते तारो से झांकिया न टकराएं ताकि कोई जन हानि न हो, रास्ते से ठेले, रहड़ियो को एक साइड करा दिया जाए तथा गर्म तेल की भट्टियों को कम से कम एक दिन के लिये तो उस रास्ते से हटवा दिया जाए, जुलूस में शोभा यात्राओं की समय से परमिशन दे दी जाए जिससे आयोजक गण अपनी पूरी तैयारी समय से कर ले। इस अवसर पर वीर सिंह, नरेश कुमार, गौतम सिंह, लोकेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, राजपाल सिंह, कुलदीप सिंह, मानु, मनीष, मनजीत कुमार ,शालू ,बसु, नितिन बंटी आदि सहित नगर में क्षेत्र से सैकड़ो लोग उपस्थित रहे तथा थाना स्टाफ की ओर से वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरजीत सिंह, उप निरीक्षक सहसपुर चौकी इंचार्ज चंद्र प्रकाश गंगवार , उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ,उप निरीक्षक यशपाल सिंह चावड़ा, उप निरीक्षक यशपाल सिंह मलिक, उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह यादव, उप निरीक्षक कृपाल सिंह आदि सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी की न्याय यात्रा आज यूपी में करेगी प्रवेश, फिर बदला रूट



**लखनऊ, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करेगी। एक बार फिर से इसके रूट में बदलाव किया गया है। अब यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, संभल होते हुए बुलंदशहर, अलीगढ़ होकर भी गुजरेगी। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा, जो कानपुर से झांसी होते हुए मध्य प्रदेश में प्रवेश करने वाली थी, उसमे थोड़ा परिवर्तन कर दिया गया है। अब चंदौली से चलकर 21 को कानपुर में स्थगित हो जाएगी। इसके बाद 22 और 23 को यात्रा ब्रेक लेगी। फिर 24 को मुरादाबाद से संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, आगरा होते हुए राजस्थान में प्रवेश करेगी। इससे पहले कांग्रेस ने यूपी में यात्रा का रूट बदल कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बजाय लखनऊ के बाद कानपुर, जालौन, झांसी के रास्ते मध्य प्रदेश में प्रवेश की तैयारी की थी। लेकिन अब यूपी में यात्रा का रूट फिर बदल गया है। अब राहुल की यात्रा कानपुर आ कर रुक जाएगी और फिर दो दिनों के ब्रेक के बाद मुरादाबाद से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि यात्रा चंदौली के नौबतपुर से पदयात्रा करते हुए यात्रा पड़ाव बाजार में रात्रि विश्राम करेगी। इसके लिए अवधूत भगवान राम समाधि स्थल के पास मिलिट्री ग्राउंड में टेंट लगाया गया है। सपा विधायक पल्लवी पटेल 17 फरवरी को वाराणसी और 18 को प्रयागराज में राहुल गांधी के साथ न्याय यात्रा में मौजूद रहेंगी। वहीं, हाल ही में सपा के महासचिव पद से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य भी इस यात्रा में शामिल की संभावना है। सपा से नाराजगी के बावजूद स्वामी के राहुल की न्याय यात्रा में शामिल होने की खबर से चचाओं का बाजार गर्म हो गया है।

# जूनियर जीएमसीसी ने एएमसीसी को चार विकेट से हराया




**प्रात: किरण संवाददाता**

अमरोहा। शहर के दाऊद सराय रोड स्थित स्टार न्यू फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी के संयोजन में आयोजित शेरू परवेज मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट के छटे दिन एक मैच खेला गया जो जूनियर घेर मुनाफ(जीएमसीसी) ने अरशद मोबाइल क्रिकेट क्लब(एएमसीसी) को चार विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ए एमसीसी 19.5 गेंदों पर 143 रन बनाकर आल आउट हो गयी। फैजान 40, अरशद ने 32 रन बनाए।जूनियर जीएमसीसी के गेंदबाज मौ.तबरेज ने चार, नवेद आमिर ने दो व शाहरुख, नवाजिश व टोनी ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में उतरी जूनियर जीएमसीसी के बल्लेबाजों ने छह विकेट के नुकसान पर 17.2 गेंदों पर 145 रन ठोक डाले ओर चार विकेट से मैच जीतकर अपने नाम कर लिया। इल्यास अब्बासी ने 35, मौ.तबरेज 33, वसीम ने 25 रन बनाए। वही फैजान ने दो, अरशद, आदर्श व जियाद ने एक-एक विकेट लिया। बेहतरीन अलराउंडर प्रदर्शन करने पर मौ.तबरेज को मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस दौरान इकबाल हैदर, सलमान मंसूरी, वजीर अहमद, खुर्शीद अहमद, आरिफ मसूद, सलीम पहलवान, नईम शेख, अमीन राइनी, अनस जैदी, मौ. अजीम, आसिफ अली, मुजम्मिल सिद्दीकी, फैज सिद्दीकी, हारून मालिक, असद जानू, शाहरूख पठान, तैयब सुल्तान, अदनान मसरूर, फैजी खान, साईम खान, अजहर अब्बासी, शुऐब फारूकी, तारीख दादा, रामिश बोस समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# ग्राउंड ब्रैकिंग सेरेमनी लखनऊ में भाग लेंगे अजय टण्डन

**प्रात: किरण संवाददाता**




अमरोहा। उत्तर प्रदेश सरकार की परियोजनाओं पर आधारित 19 फरवरी को आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 में नगर के वरिष्ठ उद्योगपति श्री अजय टण्डन भी शामिल होंगे। ज्ञातव्य है कि श्री टण्डन को सेरेमनी में शामिल होने के लिए प्रदेश सरकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह की ओर से न्यौता मिला है।लखनऊ के गाँधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विदित हो कि गत फरवरी 2023 में आयोजित यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में निवेशकों के साथ समझौता हस्ताक्षर होने के उपरान्त एक वर्ष की अवधि में राज्य लगभग 10 लाख करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश और 33.50 लाख रोजगार के अवसरों के साथ 14000 से अधिक परियोजनाओं को इस स्तर तक लाने में सक्षम रहा है।श्री टण्डन जी ने जानकारी दी कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण यह सम्भव हो सका है उनके मार्गदर्शन में 26 क्षेत्रीय नीतियों को बहुत ही आकर्षक पैकेज के साथ लाँच किया गया है। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरा है और इससे भारत में ईज आफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में लगातार टॉप अचीवर का दर्जा प्राप्त किया है।

# शहरी स्वच्छता समिति की बैठक मे बताएं वैज्ञानिक तकनीकी द्वारा मल टैंक के मलबे को निस्तारण के उपाय




**प्रात: किरण ब्यूरो, इकरामुद्दीन मलिक**

अमरोहा। नगर पालिका सभागार मे शहरी स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे चेयरपर्सन शशि जैन, अधिशासी अधिकारी/ उप नगर आयुक्त डॉ0 बृजेश कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें बताया गया की पालिका द्वारा ड़ाई डेरा मे एफ. एस. टी. पी. का निर्माण किया गया हैं, पूर्णतया सौर ऊर्जा पर आधारित उक्त प्लांट मे घरेलु एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मल टैंक के मलबा को स्टोर कर उसे परिषकृत किया जायेगा। इसके लिए पूर्व मे काफी प्रचार प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाये गए हैं, इस सम्बन्ध मे सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायरमेंट संस्था से आये हर्ष यादव द्वारा घरेलु शौच टैंक के मलबे को नदी, तालाब, पोखर, नाले आदि मे डाल देने से होने वाले हानिकारक प्रभावो के बारे मे जानकारी देते हुए समिति के सदस्यो सहित बैठक मे प्रतिभाग करने वाले समस्त कार्मिको को बताया गया की सर्वप्रथम इसकी शुरूआत पालिका द्वारा ही की जाये। जिससे आम जन मानस मे इसका अच्छा सन्देश जाये पालिका अध्यक्ष शशि जैन द्वारा बताया गया की सरकार के द्वारा अत्याधुनिक प्लांट लगाए जाने के बाद घरेलु एवं व्यवसायिक मल खाद का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण हो पायेगा तथा वायु, जल प्रदूषण से भी निजात मिलेगी अध्यक्ष महोदय द्वारा इसका शुभारम्भ अपने आवास के टैंक की सफाई करवाये जाने का ऐलान किया गया। उसके उपरांत समस्त पालिका अधिकारीगण / कर्मचारी गण के घरेलु शौच टैंक की सफाई निर्धारित शुल्क जमा करके की जाएगी। इसके उपरांत नगर मे अभियान चलाकर उक्त कार्य कराया जायेगा। अधिशासी अधिकारी महोदय द्वारा बैठक मे मौजूद सफाई नायकों को प्रतिदिन 05 मल शौच टैंक की सफाई कराये जाने हेतु पंजीकरण कराये जाने का लक्ष्य दिया गया, जिन शौच टेंको की सफाई को 03 वर्ष से अधिक हो गए हैँ उन शौच टेंको की सफाई अनिवार्य रूप से की जानी हैं, इसके उपरांत यदि पालिका क्षेत्र मे ऐसे शौच टेंक जिनकी सफाई को 03 वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो चुका हैं को चिन्हित कर, संबंधित भवन स्वामी से 5 हजार रुपए जुमार्ना वसूला जायेगा। बैठक मे पालिका अध्यक्ष शशि जैन, अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार, स्वच्छ भारत मिशन शहरी के जिला कार्यक्रम प्रबंधक नदीम अख्तर, पालिका सफाई निरीक्षक श्री मोहम्मद इलतेजा, वैशाली सोती, जगत सिंह, वरिष्ठ लिपिक छवि शर्मा, साजिद जिया सहित समस्त पालिका सफाई नायक एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ज्ञान किताबों से नहीं, फील्ड में ड्यूटी के दौरान अनुभव से मिलता है : सीएम योगी

**लखनऊ, एजेंसी**




यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह को संबोधित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मीट की स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने विभिन्न प्रतिस्पधाओं के विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था का ही परिणाम है कि जीआईएस-23 में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश के लिए कोई आना नहीं चाहता था। 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 10 लाख से अधिक निवेश के प्रस्तावों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से धरातल पर उतारा जाएगा। इससे 35 लाख नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी, जो यह दशार्ता है कि संकल्प के साथ कानून व्यवस्था को लागू किया जाए तो उसके परिणाम भी सामने आते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने में पुलिस के विभिन्न बलों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इतना ही नहीं पब्लिक परसेप्शन तय करने में भी पुलिस बल का अहम रोल है। उन्हें दोहरी मानसिकता के साथ काम करना पड़ता है। वह असामाजिक और अराष्ट्रीय तत्वों के साथ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपने काम को अंजाम तक पहुंचाते हैं, जबकि कॉमन मैन के गुहार लगाने पर संवाद स्थापित कर न्याय दिलाते हैं। इससे कॉमन मैन के मन में एक नया विश्वास पैदा होता है। यह पुलिस बल की संवेदनशीलता को भी दशार्ता है। उन्होंने कहा कि समारोह में देश भर के विभिन्न बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। उनके अपने-अपने अनुभव हैं। उन अनुभवों का लाभ किस रूप में हम ले सकते हैं, यह काफी महत्वपूर्ण है। हमारे देश में ज्ञान के आदान-प्रदान की परंपरा वर्षों पुरानी है। राजधानी लखनऊ से 70 किलोमीटर दूर नौमिषारण्य है, जो हजारों वर्ष पहले ऋषियों के ज्ञान के आदान-प्रदान के मंथन का केंद्र था। यहां पर भारत के वैदिक ज्ञान की परंपरा को लिपिबद्ध करने का काम किया गया था। इसमें पूरे देश भर के 88,000 ऋषि-मुनि शामिल थे। ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट इसी धरोहर को आगे बढ़ाता है। सीएम योगी ने कहा कि ज्ञान वह नहीं होता है जो पुस्तकों में लिखा होता है, ज्ञान वह है जो फील्ड की ड्यूटी के दौरान आप अनुभव करते हैं। अपराध की बदलती प्रकृति के अनुसार हम सभी को अपने आप को तैयार करना होगा। हम जब अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज को जनता के सामने शेयर करते हैं तो बहुत कुछ जानने और सीखने को मिलता है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शादी के अटूट बंधन में बंधे 128 जोड़े



**प्रात: किरण संवाददाता**

स्योहारा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत खंड विकास कार्यालय खंड बुढ़नपुर की ओर से आयोजित हुए ह्लमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोहह्व में 128 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। समारोह का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, बी.डी.ओ रामकुमार सिंह एडीओ पंचायत दिनेश , एडीओ पंचायत करुणा चौहान ,एडीओ आशीष कुमार और भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन खंड विकास अधिकारी रामकुमार और उनकी टीम ने भाग्य श्री बैंकट हाल ग्राम झिल्ला में आयोजित कराया। विवाह समारोह में गायत्री परिवार बिजनौर से आए पंडित ने हवन यज्ञ किया। समारोह में 108 हिंदू समुदाय के जोड़ों का धार्मिक रीति रिवाज व अनुष्ठान के साथ विवाह संपन्न कराया गया तथा मुस्लिम समुदाय की ओर से 20 जोड़ों का विवाह संपन्न उनके धर्म के अनुसार कराया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान ने कहा कि गरीब परिवार अपनी बेटियों की शादी के लिए हर समय चिंतित रहते थे लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गरीब परिवार की समस्याओं को देखते हुए उनके लिये ह्लमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोहह्व का आयोजन शुरू किया। जिसमें गरीब की बेटी भी विवाह बंधन में बंधकर अपना वैवाहिक जीवन व्यतीत करे ।उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं। जिसका सीधा लाभ उन्हें मिल रहा है। पूर्व मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में गायत्री परिवार द्वारा 108 हिंदू धर्म के जोड़ों का मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन्न कराया। जबकि मौलाना ने मुस्लिम जोड़े का निकाह पढ़ाकर उनकी शादी कराई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत होने वाली शादियां करने वाले जोड़ो को सरकार की ओर से 35000 की नगद धनराशि जो कि लड़की के खाते में जाएगी 10000 रुपए का सामान तथा 6000 हजार खाना खर्च सहित कुल मिलाकर 51000 दिए जा रहे हैं।

# प्रशिक्षण मे अनुपस्थित स्टेटिक मजिस्ट्रेटों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

**प्रात: किरण संवाददाता**

अमरोहा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिट परीक्षा-2024 के दृष्टिगत परीक्षा में नकल की रोकथाम, शुचिता, पवित्रता तथा परीक्षाएँ शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा केन्द्रों पर जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पादित कराने के लिए राजकीय इण्टर कालेज अमरोहा में दिनांक 15 फरवरी को बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मीटिंग के सम्बंध पूर्व से सूचना दिए जाने के बावजूद कुछ स्टेटिक मजिस्ट्रेट उक्त बैठक में अनुपस्थित रहे हैं जो आदेश की स्पष्ट अवहेलना तथा तथा बोर्ड परीक्षा में दिये गये दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता की श्रेणी में आता है जिसपर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी और लापरवाही व्यक्त किया है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि अनुपस्थित स्टेटिक मजिस्ट्रेट हेमलता-ग्राम पंचायत अधिकारी जो परीक्षा केन्द्र आई0एम0इं0 कॉलेज, अमरोहा, जयकिशोर-ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा केन्द्र ए0के0के0 इण्टर कालेज अमरोहा, सुमित कुमार-ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा केन्द्र ज्ञान भारती इण्टर कालेज गजरौला, विपिन कुमार पुत्र भोले सिंह-ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा केन्द्र नेहरू स्मारक इं0 कॉलेज रजबपुर, मुस्तकीम अहमद-ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा केन्द्र अम्बेडकर राजकीय इण्टर कालेज उझारी, राम निवास-ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा केन्द्र ग्रामोदय इण्टर कालेज गंगेश्वरी, अत्तर सिंह-ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा केन्द्र मुस्लिम अरेविक इण्टर कालेज उझारी, कृपाल सिंह-ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा केन्द्र जी०पी०एस० इण्टर कालेज भजनपुरी, राहुल राणा- ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा केन्द्र कमलेश गिल इण्टर कालेज भारापुर माफी, नैपाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा केन्द्र सीताराम इण्टर कालेज सब्दलपुर शकी, मनोज कुमार-एडीओ आई०एस०वी० गजरौला परीक्षा केन्द्र बाल भारती इण्टर कालेज बहलोलपुर, हरीश कुमार-अवर अभियन्ता, परीक्षा केन्द्र राष्ट्रीय इण्टर कालेज जब्दा, शशीपाल सिंह- अवर अभियन्ता परीक्षा केन्द्र शिव इण्टर कालेज गजरौला, ऋषि कुमार-युवा कल्याण अधिकारी, परीक्षा केन्द्र के0पी0 इण्टर कालेज, श्री कैलाश सिंह-पशु धन प्रसार अधिकारी परीक्षा केन्द्र इण्टरमीडिएट कालेज जमनाखास, जयप्रकाश कुमार-पशु धन प्रसार अधिकारी परीक्षा केन्द्र एस०ए०एम० इण्टर कालेज नौगावां सादात, विनोद कुमार-पशु धन प्रसार अधिकारी परीक्षा केन्द्र कृषक इण्टर कालेज कोठी खिदमतपुर, मुकेश कुमार-पशु धन प्रसार अधिकारी परीक्षा केन्द्र गांधी विद्यालय इण्टर कालेज धनौरा, पावेन्द्र कुमार-पशु धन प्रसार अधिकारी परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इ०का० हसनपुर, राजीव कुमार-पशु धन प्रसार अधिकारी परीक्षा केन्द्र किसान इण्टर कालेज पारा खालसा, अनिल मिश्रा-आबकारी अधिकारी, परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इ०का० अमरोहा, मनोज कुमार वर्मा-गन्ना विकास निरीक्षक, अमरोहा परीक्षा केन्द्र सिख इण्टर कालेज नारंगपुर, जगदीश प्रसाद लेखाकार -उपप्रबन्धक, इ०डी०पी० चीनी मिल हसनपुर परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज, देवेन्द्र कुमार तिवारी-गन्ना विकास निरीक्षक चन्दनपुर परीक्षा केन्द्र सत्यप्रकाश लक्ष्मी देवी इ०का० हसनपुर, दीनानाथ वर्मा-सहायक महानिरीक्षक निबन्धक, अमरोहा परीक्षा केन्द्र ए०के०जी०३०का० जलालपुर धना, रवि यादवव-प्रवक्ता डायट बुढनपुर परीक्षा केन्द्र किसान इ0का0 ड्योढी वाजिदपुर, राजकुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जोया परीक्षा केन्द्र उस्मान जनता इ०का० डिडौली, प्रकाशचन्द-खण्ड शिक्षा अधिकार, गजरौला, परीक्षा केन्द्र शिव इण्टर कालेज गजरौला, विजय चैहान-खण्ड शिक्षा अधिकारी हसनपुर परीक्षा केन्द्र श्रीमती सुखदेवी इण्टर कालेज हसनपुर, सतीशचन्द्र राय-जिला सैनिक कल्याण अधिकारी परीक्षा केन्द्र शहीद भगत सिंह इ०का० देहरा कादर बक्ख, पुष्पेन्द्र कुमार-बोरिंग टैक्निशियन परीक्षा केन्द्र बाबूराम जे०एस० इण्टर कालेज कुमखिया रामपुर, इशरत अली-सहायक विकास अधिकारी कृषि परीक्षा केन्द्र माँ शारदा इण्टर कालेज आदमपुर और अशोक कुमार-चकबन्दी अधिकारी परीक्षा केन्द्र माँ शारदा इण्टर कालेज आदमपुर अनुपस्थित रहे।अतः सम्बन्धित की लापरवाही के दृष्टिगत उपरोक्त अधिकारियों का दिनांक 15.02.2024 (एक दिवस) का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका जाता है तथा सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि अपने विभाग से सम्बन्धित अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त कर तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे तथा सौपे गये दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित कराये।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य पर नाटक का किया गया मंचन



आरा।जगदीशपुर प्रखंड के हरिगाँव पंचायत के बनकट गांव में नौजवान सॉन्ग द्वारा सरस्वती पूजा के उपलक्ष में विभिन्न गांव में नाटक का मंचन किया गया वहीं बनकट गांव में नाटक का मंचन हुआ जिसका नाम मां के कफन सामाजिक बुराइयों से लड़ने की साहस नाटक के माध्यम से कलाकारों ने दिखाए नाटक के उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता राजा युवा नेता अजय कुमार सिंह उनके साथ इन्द्रजीत कुमार उर्फ.नेता जी पप्पू यादव आचार्य राहुल पांडे उमेश कुमार राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता धनेलाल यादव हरिगाँव पंचायत के फिक्स अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह अजय ठाकुर मिथिलेश यादव उसी क्रम में मेदापुर गांव में मां के आंचल का मंचन किया गया वहीं सानिया गांव में छात्रों द्वारा शिव मंदिर के पास भोजपुरी नाटक का मंचन किया गया जिस नाटक का नाम बेटी हई गरीब के जिसमे दसार्या गया की एक गरीब का बेटी गरीब घर में पैदा होकर अपने दम पर पढ़ लीखकर रस्र बनती है।

### पुलिस ने चोरी के पांच एक्सेल के साथ खलासी को किया गिरफ्तार

बिक्रमगंज(रोहतास)।बिक्रमगंज शहर के बिस्कोमान से पुलिस ने चोरी के पांच एक्सेल के साथ खलासी को किया गिरफ्तार।इसकी जानकारी देते हुए बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि शहर के बिस्कोमान में खड़े पांच गाड़ी का पांच एक्सेल खलासी के द्वारा खोल लिया गया था। उन्होंने कहा कि बिस्कोमान में ड्यूटी दौरान चौकीदार ने घटना को देखते हुए तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस त्वरित घटनास्थल पर पहुंच मामले में संलिप्त खलासी को गिरफ्तार कर लिया।साथ ही साथ पुलिस ने उसके पास से चोरी किए हुए पांच एक्सेल को भी बरामद कर लिया।थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार खलासी उत्तरप्रदेश के मऊ जिलान्तर्गत घोसी थाना क्षेत्र के मानिकपुर निवासी प्रीतम यादव बताया जाता है।

### पूजा की समाप्ति पर मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया हुई संपन्न

बिक्रमगंज (रोहतास) तीन दिनो तक चले मां शारदे की पूजा अराधना के बाद शुक्रवार को उनकी प्रतिमा के विसर्जन का दौरा चला।इस दौरान बच्चे ट्रालियों एवं ठेले गाड़ी पर रखकर मां सरस्वती की प्रतिमा को गीत-संगीत एवं नाच गाने के साथ नदियों में प्रवाहित करने के लिए ले जाते हुए देखे गए, तो कुछ बच्चे नदी तट पर मां की अंतिम विदाई में स्तुति कर उन्हें काव नदी, नहर एवं तालाबों में प्रवाहित किया।जिनके लिए जो स्थान नजदीक मिला वहीं पर मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया दिन भर आज चलती रही। बिक्रमगंज धांवा पुल के पास एवं काव नदी, विशेष कर काशी घाट के आसपास बच्चों की टोली मूर्ति विसर्जन के दौरान गीत संगीत पर स्तुति करते और थिरकते हुए देखे गए।हालांकि इस दौरान पुलिस और प्रशासन की गाड़ियां दौड़ते हुए नजर आई।

### रोहतास में राहुल गांधी के न्याय यात्रा के सारथी बने पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव

बिक्रमगंज (रोहतास)।राहुल गांधी के रोहतास जिला में न्याय यात्रा के दौरान पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव आज राहुल गांधी के न्याय यात्रा के बीच सारथी बन गए।राहुल गांधी की वाहन को जमुहार से सासाराम शहर तक तेजस्वी यादव ने चला कर लाए।इससे स्पष्ट संदेश जाता है कि राहुल गांधी के सारथी तेजस्वी बन गए हैं।गौरतलाप हो की रोहतास जिला में न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी जमुहार से शुरू किया जो सासाराम शहर होते हुए रोहतास जिला के टेकरी में किसानों से रुबरु होते हुए।लोगों में चर्चा है कि कल तक राहुल गांधी के माने जाने वाले न्याय यात्रा अब महागठबंधन की न्याय यात्रा बन गई है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहूल गांधी के साथ तेजस्वी यादव पहुंचे कैमूर

कैमूर। जिले के दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत इंटरस्तरीय विद्यालय धनेछा में शुक्रवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी के साथ तेजस्वी यादव भी पहुंचे।जहां पर पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को राजद की पगड़ी बांधा और हल भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम में महागठबंधन के दर्जनों लोगों के द्वारा सभा को सम्बोधित किया गया।कार्यक्रम का अध्यक्षता राजद के जिला अध्यक्ष अकलू राम और संचालन भोला यादव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि नीतीश कुमार बिना किसी कारण के महागठबंधन से अलग हो गए।

# आरा के मुख्य टिकट निरिक्षण ए के त्रिपाठी के सेवानिवृति पर विदाई समारोह का आयोजन : मनोज पांडेय

प्रात : किरण संवाददाता



आरा : रेलवे स्टेशन परिसर मे आरा के मुख्य टिकट निरीक्षक श्री ए के त्रिपाठी जी के बिदाई समारोह का टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया! जिसमे सभी विभागों के रेलकमीर्यो ने व प्रभारियों ने भाग लिया और साथ मे ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय भी शामिल हुए! सभी ने सेवानिवृत सीआईटी के साथ बिताए हुए अपने अनुभव को साझा किया!

मनोज पांडेय ने कहा की त्रिपाठी जी अपने रेलवे के 40 साल के सेवा मे पुरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य किया! हम सब भगवान से प्रार्थना करते हैं की इनकी सेवानिवृति उपरांत की अवधि सुख शांति के साथ बीते! कार्यक्रम के समापन मे त्रिपाठी जी ने आरा मे बिताए हुए अपने कार्यकाल को अपने चालीस वर्ष के रेल सेवा का सुनहरा वर्ष बताया! कार्यक्रम मे रेलवे मजिस्ट्रेट डा. सुश्री शैल, आरपीएफ प्रभारी सुमन कुमारी, यूनियन के केंद्रीय पदाधिकारी मनोज कुमार पांडेय, शाखा मंत्री नीरज कुमार सिंह, चेकिंग स्टाफ मे ए के शाह, सी पी यादव, मनोज कुमार, रजनीश कुमार, कुंदन कुमार, अंजय कुमार, ललन पासवान, कुमार विकाश, जगनारायन सिंह, मंतोष कुमार,, स्टेशन प्रबंधक मे एन के राय, हिमांशु कुमार, खुशबु कुमारी, ममता कुमारी, पूनम सिन्हा, रिजर्वेशन सुपरवाईजार अशोक कुमार अशोक सिंह, , आनद जी, कविंद्र जी ,शैलेश जी सतीश जी,नागेंद्र जी, सुमन जी, सिग्नल से राजेश कुमार सिंह, सीटीआई अशोक कुमार,बुकिंग से संजय जी नवीन जी ,राजेश उपाध्याय, विधुत से मनीष कुमार, समसाम अख्तर, पाठक जी, अमित कुमार, उपेंद्र जी दिलीप कुमार, सीएचआई जे के सिंह, रनिंग रूम प्रभारी संदीप चौबे, टीआरडी से उमेश सिंह, संजय दुबे, सतेंद्र कुमार, मुदित राय , मंजु देवी, सीमा देवी, बसंती देवी, आरती कुमारी, शिल्पी कुमारी के साथ बहुत से साथी उपस्थित थे!

## बालिकाओं द्वारा रामलीला का धनुष यज्ञ प्रसंग का किया गया मंचन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा।बालिकाओं ने किया धनुष यज्ञ प्रसंग का मंचन सरस्वती पूजा विसर्जन के अवसर पर उदवंतनगर नगर प्रखण्ड के बेलाउर गॉव में एन बी सरस्वती ज्ञान स्थली विद्यालय के बालिकाओं द्वारा रामलीला का धनुष यज्ञ प्रसंग का मंचन किया गया ।जिसमे रंजु कुमारी राम ।गुड्डी कुमारी लक्ष्मण ।अनुष्का कुमारी सीता ।राजनन्दनी कुमारी जनक ।रागिनी कुमारी विश्वामित्र ।अभिलाश कुमारी पशुराम । ऋषिका कुमारी सतानंद ।सलोनी कुमारी रावण, शिल्की कुमारी बाणसूर ।कल्पना कुमारी सुनैना ।चतुर सखी सोनाली कुमारी । तथा अन्य बालिकाओं ने तरफ तरह की भुमिकाये निभाई।बेलाउर रामलीला मंडली के महंथ रामजी चौधरी ( पहलवान )ने बताया कि बेलाउर में हमारे आराध्य प्रभु श्री राम की लीला लगभग 70 वर्षो से हो रहा है।हमलोग बिहार के कोने कोने मे अपनी मंडली के माध्यम से कई जगहो पर राम लीला का आत्रोजन किये है।बेलाउर की विरासत को बचाने के लिए 70 वर्षो मे पहली बार ज्ञान स्थली की बालिकाओं द्वारा धनुष यज्ञ प्रसंग का आयोजन किया गया ।

समाजसेवी डॉ बबन चौधरी ने बताया कि ज्ञान स्थली की बालिकाओं के साथ-साथ विद्यालय के निर्देशक नन्द बिहारी चौधरी को कोटि सह बधाई देता हूं।

उस्थित लोग मे नन्द बिहारी चौधरी, प्रधानाध्यापक हदया नंद मिश्रा, चर्चित गीतकार विनय बेलाउर, अरबिन्द सिंह ।बिजय प्रकाश नवलपंडित मुरारी चौधरी, मैनुदीन अंसार, रोशन दुबे।अनिल चौधरी, अविनाश कुमार विनोद चौधरी रौशन कुमार, शुभम कुमार प्रमोद तिवारी इत्यादि थें।

# एनडीआरफ की टीम ने आपदा से उबरने के लिए लोगों को गुर सिखाये

प्रात : किरण संवाददाता



संझौली(रोहतास)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम द्वारा लोगो को आपदा से बचाव का एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया। आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बाढ़, भूकंप व मानव निर्मित आपदाओं से बचाव के लिए कई प्रकार की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अंचलाधिकारी किशोर पासवान ने किसी भी प्रकार की आपदा में साहस नहीं खोने की सलाह दी। वहीं 9 एनडीआरएफ बिहार दानापुर (पटना) से पहुंची टीम की अगुवाई कर रहे आईएनएसपी दिनेश अवस्थाई ने उपस्थित लोगो को खपच्ची बांधना, हृदय गति को पुनः जीवित करना, खून का नियंत्रण, घायल व्यक्ति को उठाकर व ले जाना, आपदा के बाद घायल को एक जगह से दूसरी जगह तक ले जाने के सही व सुरक्षित तरीके, हृदय गति को पहचाने की तरीका, नौ वर्ष से ऊपर की आयु वर्ष के लिए सीपीआर देने का तरीका बताया।बाढ़ के समय बचाव के कई उपायों पर प्रकाश भी डाला।अचानक बाढ़ आने की स्थिति में किसी ऊंचे स्थान पर शरण लेने, किसी भी हालत में तेज धार से बचने और विषम परिस्थिति में उस आपदा से उबरने के गुर भी सिखाये। वहीं एनडीआरफ एसआई काबी रंजन, सीआई कुंदन सिंह धनंजय कुमार आदि ने भी अपने-अपने ढ़ंग से आपदाओं व उसके बचाव को ले लोगो को कई प्रकार का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने भूकंप या अगलगी सहित मानवजनित आपदा की विस्तृत जानकारी देते हुए उससे बचाव का कई प्रकार के उपाय बताये।साथ ही इस आशय की जानकारी अपने आस पड़ोस के बच्चों एवं परिजनों को भी देने की अपील की।मौके पर मनोज कुमार, लक्ष्मण चौधरी अंचल कर्मी अमरेश कुमार, अरुण कुमार, बिकाश कुमार सहित दर्जनों लोग प्रशिक्षण में मौजूद थे।

## कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के बैनर तले राष्ट्र व्यापी आंदोलन किया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के बैनर तले राष्ट्र व्यापी आंदोलन किया। अध्यक्षता रामानंद सिंह, ने किया संचालन जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने किया अपने संबोधन में जिला सचिव सुमन ने केंद्र और राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विस्तारित रूप से उपस्थित कर्मियों को जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत जिला कार्यालय से मोटर साइकिल जुलूस निकाला गया, मोटर साइकिल जुलूस का नेतृत्व जानकी जी, रामानंद सिंह, सुमन जी, अवधेश पासवान, शिवजी, आनंद कुमार यादव,, पाठकजी, मंजू कुमारी, साहू जी, ध्रुव पंडित, धर्म कुमार, ने किया, उपस्थित नेतृत्वकारी साथियों ने अपने संबोधन में राज्य स्तरीय मांग पत्र 11.सूत्री मांग पत्र मुख्य मंत्री बिहार पटना, जिला पदाधकारी भोजपुर के माध्यम से पुराना पेंशन लागू हो, संविदा नियोजित मानदेय कर्मियो की सेवा नियमित किया जाए, लोहिया स्वक्षता पर्यवेक्षक को 20000. और कर्मी को 10.000मानदेय ब्लॉक से भुगतान किया जाए। चौकीदार, शिक्षक, राजस्व कर्मी, पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मी को एसीपी ेंस्र का लाभ, अनुकंपा लाभ, जो जिला स्तरीय मांग पत्र 12शुत्री,जिला पदाधिकारी को दिया गया का संलेख दिया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कर्मी उपस्थित हुए।

## मृत संतृप्त परिवार से मिला भाजपा प्रतिनिधि मंडल

आरा। पीरो थाना के रजेया गाँव निवासी नारायण कुमार का अपहरण कर हत्या करने पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने दुख व्यक्त किया। भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि ई.धीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे रजेया पहुंच कर शोक संतृप्त परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की और दाह संस्कार मे शामिल हुए। प्रतिनिधि मंडल मे शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथिलेश कुशवाहा, जिला मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विभु जैन,जितौरा मंडल अध्यक्ष गिरजानंद सिंह,श्रवण कुमार सहित अन्य नेताओं ने शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिवार के साथ खड़ी है।हर संभव मदद भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं द्वारा की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल द्वारा उपस्थित पुलिस प्रशासन से उक्त घटना के हत्यारों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कर उन्हे स्पीडी ट्रायल से सजा दिलवाने की मांग की गई। सांसद प्रतिनिधि ई.धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि जैसे ही घटना के बारे मे सांसद आर के सिंह को पता चला,उन्होने पुलिस अधीक्षक से मोबाइल पर बात कर घटना की जानकारी लेते हुए घटना की जाँच और हत्यारो की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया।

## एक वोट क्रॉस हुआ जिसके कारण प्रमुख की कुर्सी बची

प्रात : किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास):काराकाट प्रमुख व उपप्रमुख पर लगा अविश्वास प्रस्ताव पर शुक्रवार को सामुदायिक भवन काराकाट में चर्चा के बाद वोटिंग हुई जिसमें प्रमुख की कुर्सी बच गयी लेकिन उपप्रमुख बेकुर्सी हो गई । निवार्ची पदाधिकारी काराकाट सह बीडीओ राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में वोटिंग का कार्य किया गया ।प्रखंड में 27 पंचायत समिति सदस्य है । पहले प्रमुख पर वोटिंग हुआ जिसमें पक्ष में 13 विपक्ष में 13 तथा एक वोट बरकरार रही ।उपप्रमुख की वोटिंग में पक्ष में 14 विपक्ष में 13 वोट मिला जिसमें उपप्रमुख की कुर्सी रिक्त हो गया ।निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि प्रमुख की कुर्सी बच गई लेकिन उपप्रमुख की कुर्सी रिक्त रहा ।चुनाव आयोग के आदेश के बाद उपप्रमुख पद के लिए वोटिंग होगा । प्रखंड प्रमुख बैजंती देवी की कुर्सी बच जाने से समर्थकों में खुशी छा गई। मौके पर मुखिया संघ जिलाध्यक्ष सह काराकाट मुखिया योगेंद्र सिंह, समाजिक कार्यकर्ता संतोष पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह सहित कई समर्थक थे।

## कनीय विद्युत अभियंता दिनारा को स्थानांतरण के पश्चात दी गयी विदाई

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास): विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा अंतर्गत कनीय विद्युत अभियंता दिनारा के रूप में अपनी सेवा दे चुके विकाश कुमार शर्मा को शुक्रवार को स्थानांतरण के पश्चात विदाई दी गई ।कनीय विद्युत अभियंता के द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि मैं प्रशाखा दिनारा से जा रहा हूं , लेकिन बिक्रमगंज के सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों के साथ व्यतीत की गयी यादें हमेशा याद रहेगी ।आगे उन्होंने बताया कि मैंने अवर प्रमंडल बिक्रमगंज में टीम की तरह कार्य किया कब समय बीत गया पता ही नहीं चला ।विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के कर्मियों एवं कनीय विद्युत अभियंताओं के द्वारा जेई के कार्यो की काफी सराहना की गयी ।

सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि मेरा जेई के साथ कार्यकाल बहुत कम समय का रहा, लेकिन 8 माह के कार्यकाल में ही शीर्ष कंपनी के राजस्व संग्रहण आदि के कार्यो में जेई के द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण हेतु अथक प्रयास किया गया ।उक्त विदाई सह सम्मान समारोह में सभी जेई गजेंद्र कुमार, नवदीप गोयल, आईटी मैनेजर चंदन कुमार के साथ साथ उपस्थित कर्मी विकाश कुमार प्रभात, आदिल खान, मकसूद खान, संवेदक अरविंद कुमार, मानवबल जितेंद्र शर्मा, रवि कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## अश्रुपूर्ण नेत्रों ने मां सरस्वती को दी विदाई

बिक्रमगंज ।कलश विसर्जन के साथ ही गुरूवार से ही अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के विभिन्न हिस्सों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन आरंभ हो गया ।इसको लेकर विभिन्न देवालयों , विद्यालयों, छात्रावासों ,शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों का समूह मां सरस्वती की प्रतिमा को टॉली पर लेकर भक्तिमय माहौल में शहर का भ्रमण कराते हुए आरती के बाद अश्रुपूर्ण नेत्रों के साथ विसर्जित किया ।इस दौरान विद्यार्थियों सहित मां के भक्तों का समूह मां सरस्वती का जयकारा भी लगाया तथा अपने मित्रमंडली के समूह के साथ जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया तथा एक-दूसरे को लगाया ।विदित हो कि पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन को लेकर शहर में पुलिस बल के द्वारा विशेष चौकसी बरती जा रही है ।विसर्जन को लेकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी ।

## अंजबीत सिंह महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य के असामयिक निधन से शोक की लहर



बिक्रमगंज(रोहतास):बिक्रमगंज शहर में स्थित अंजबीत सिंह महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ सतीश नारायण लाल के असामयिक निधन से महाविद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई ।जिसको लेकर शुक्रवार को उक्त महाविद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य की उपस्थिति में शोक सभा का आयोजन किया गया ।महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि स्वर्गीय लाल उक्त महाविद्यालय में वर्ष 2009 से 2014 तक प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे ।प्राचार्य ने कहा कि स्वर्गीय लाल का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा । उन्होंने बताया कि स्वर्गीय लाल के मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई ।मौके पर उक्त महाविद्यालय के प्राचार्य समेत सभी महाविद्यालय परिवार मौजूद थे ।

## किसान न्याय महापंचायत में राहुल गांधी तथा तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार पर जमकर टिप्पणी की

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम।राहुल गांधी ने बताया कि जनता के चुने लोग ही द्वारा आज किसानों की जमीन छीनी जा रही है किसानों के फसल के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं इंडिया की सरकार बनी तो सबसे पहले किसानों की भूमि की मुआवजा बाजार मूल्य से चौगुनी अधिक दी जाएगी और 5 वर्षो तक जमीन का उपयोग नहीं हुआ तो उसे वापस भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के फसल की उपज की दाम अच्छी नहीं मिल रही है लेकिन इंडिया की सरकार बनी तो एमएसपी गारंटी दी जाएगी। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि किसानों की जमीन छीनी जा रही है लेकिन मुआवजा नहीं दी जा रही है। लोग अपने मन की बात करते हैं लेकिन आम जनता की बात नहीं सुनते हैं। किसान न्याय महापंचायत में पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मोदी पर जमकर जुबानी तंज कसा। उन्होंने कहा कि वह लोग नफरत की राजनीति करते हैं पीएम मोदी झूठ के कारखाना झूठ के होलसेलर तथा झूठ के मैन्युफैक्चर हैं । उन्होंने कहा कि बिहार में 17 माह में 5 लाख से अधिक नौकरियां दे दी। हमने जनता को वादा किया था और 17 माह में नौकरी दी। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग में भी भर्ती करनी है लेकिन उन्होंने फाइल दबाकर रखा है।

उन्होंने बोला कि महागठबंधन की सरकार न्याय के साथ सबके विकास की बात सोचती है जिसमें आर्थिक भी शामिल है गौरतलब हो की दूसरे चरण में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में रोहतास पहुंचे राहुल गांधी ने टेकारी में किसान न्याय महापंचायत में शामिल हुए।जहां पहली बार न्याय यात्रा में महागठबंधन के घटक दल राजद के लोग भी मौजूद रहे और इसमें उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी शरीक होते हुए लोगों से इंडिया महागठबंधन की सरकार बनाने का अपील भी किया ताकि सभी को उचित न्याय मिल सके।

## मुख्यमंत्री कृषि विद्युत योजना का लाभ देने के लिए प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर दिया जाएगा कनेक्शन

प्रात : किरण संवाददाता



रामगढ़ (कैमूर)। सात निश्चय योजना अंतर्गत किसानों को मुख्यमंत्री कृषि विद्युत योजना का लाभ को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत में 17 फरवरी से किसानों के लिए पंप कनेक्शन के लिए शिविर लगाकर लिया जायेगा आवेदन वहीं इसकी जानकारी देते हुए रामगढ़ के कनीय विद्युत अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि प्रखंड के किसानों को मुख्यमंत्री कृषि विद्युत योजना के लाभ के लिए हर खेत तक पानी और हर बोरिंग तक पोल पहुंचने के लिए प्रखंड के पंचायतों में शिविर लगाकर किसानों के पंप कनेक्शन के लिए आवेदन लिया जाएगा जिसमें किसानों को आधार ,फोटो किसान रजिस्ट्रेशन , जमीन की रसीद देना होगा, 17 फरवरी को देवहलिया पंचायत में, 19 फरवरी मसाढ़ी ,20 फरवरी को महुअर, 21 फरवरी को नरहन जमुरना 22 फरवरी को अकोढी 23 फरवरी सिझुआ,24 फरवरी को सिसौड़ा 26 फरवरी को बडौरा ,27 फरवरी को रामगढ़ और सदुल्लहपुर,28 फरवरी को सहूका , 29 फरवरी को नोनार, 01मार्च को अहिवास पंचायत में कैंप लगाकर आवेदन लिया जाएगा।

## जाति, निवास बनवाने के लिए आवेदकों ने प्रखंड मुख्यालय पर किया हंगामा

रामपुरः कैमूरःप्रखंड मुख्यालय पर आय, जाति, निवास बनवाने के लिए आवेदकों की भीड़ लग रही है। समय से आवेदकों का उक्त कार्य निष्पादन नहीं होने के कारण शुक्रवार को गुस्सा फूट पड़ा। जिसको लेकर प्रखंड मुख्यालय पर हो हंगामा करने लगे। लोगों का आक्रोश देख प्रखंड प्रशासन द्वारा प्रखंड मुख्यालय के मुख्य दरवाजे सहित अन्य दरवाजा में अंदर से ताला जड़ दिया गया। ताकि हंगामा कर रहे कोई लोग अंदर ना आ सके। प्रखंड मुख्यालय पर हंगामा कर रहे विजेंद्र पासवान, दीपू राम ने बताया कि किसी भी पंचायत के कर्मचारी नियमित कार्यालय में नहीं रहते हैं। अगर उनके मोबाइल पर फोन किया जाता है तो कॉल भी रिसीव नहीं करते हैं। जिसके कारण हम लोगों को आय जाति निवास प्रमाण पत्र बनवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि ऑनलाइन आवेदन किए हुए करीब एक सप्ताह हो गया। इसके बाद भी हम लोगों का उक्त प्रमाण पत्र नहीं बना।

## राहुल गांधी के न्याय यात्रा के दौरान रोहतास के टेकारी में किसान चौपाल में काफी संख्या में जुटे लोग

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम।मौजूद किसानों को राहुल गांधी तथा तेजस्वी यादव ने संबोधित किया इस दौरान वादे के साथ बिहार में नौकरी देने की भी बात तेजस्वी यादव ने कही। उन्होंने कहा कि 17 माह के सरकार में नौकरी भी दिया। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया की सरकार बनी तो एमएसपी गारंटी दी जाएगी। वहीं उन्होंने दिल्ली में किसानों दे रहे हैं धरना पर भी उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में किसानों समेत सभी तबके के लोग परेशान हैं लेकिन वह किसी के सुनने वाले नहीं है। क्योंकि इसलिए वह अपने मन की सुनाते हैं आम जनता की मन कि बात को नहीं सुनते हैं गौरतलब हो की रोहतास में न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी रोहतास के चेनारी के टेकरी में किसान चौपाल में शामिल हुए जहां तेजस्वी यादव भी शामिल हुए। वही तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी झूठ की फैक्ट्री हैं और देश की जनता को सिर्फ बरगला रहे हैं उन्होंने कहा कि वर्तमान मोदी सरकार किसान गरीब और दलित विरोधी सरकार है। इसमें सिर्फ पूंजी पत्तियों और बड़े-बड़े व्यापारियों के हित की बात की जा रही है और उन्हें लाभ पहुंचाया है जा रहा है।

वहीं राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद आर्थिक सर्वेक्षण करावेगी जिससे यह पता चल पाएगा कि वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार पूंजीपतियों को किस तरह से लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन मोदी सरकार को सत्ता से हटकर गरीब दलित की आवाज बनेगी।

## अनिश्चितकालीन धरना के 46 वां दिन किसानों ने मांग को लेकर किया सड़क जाम

### राकेश टिकैत के आह्वान पर भारत बंद के समर्थन में किसानों ने पीएनसी कैम्प स्थल मसोई के सामने किया सड़क जाम

प्रात : किरण संवाददाता



चांद। उचित मुआवजा को लेकर पिछले 46 वां दिन शुक्रवार को किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। किसान नेता प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन राकेश टिकैत के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन कैमूर एवं किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के द्वारा भारत बंद का समर्थन करते हुए किसानों ने पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बेस कैंप पर धरना पर बैठे किसानों ने सड़क जाम कर दिया। उचित मुआवजा नहीं तो सड़क नहीं एमएसपी गारंटी कानून लागू करो सिंचाई बिजली बिल माफ करो एवं कृषि लोन माफ करो का नारा लगाते हुए किसानों हाटा दुर्गावती सड़क को जाम कर दिया। पीएनसी कम्पनी के बेस कैंप पर बैठे सैकडों किसानों ने सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। सड़क जाम के होने से दोनों ओर गाडीओं का काफिला लग गया। सड़क जाम कर रहे किसानों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन कैमूर अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार किसानों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रही है। उन्होंने ने कहा एमएसपी गारंटी कानून लागू करने बिजली बिल माफ करने कृषि लोन माफ करने भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा की मांग को लेकर किसानों के दिल्ली कूच पर पुलिस की बर्बर कारवाई कर रही है। अभिमन्यु सिंह ने कहा केन्द्र सरकार तानासाह हो गई है। अध्यक्ष ने कहा कैमूर जिले में 93 मौजा के सैकड़ों किसानों का सैकड़ों भूमि अधिग्रहण में बाजार मूल्य से बहुत कम मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने ने कहा सरकार किसानों की मुआवजा बाजार मूल्य से चार गुना नहीं देगी तबतक किसान अनिश्चितकालीन धरना जारी रखे रहेंगे। किसानों पर पुलिस की बर्बर कारवाई के विरोध में किसानों ने भभुआ एकता चौक एवं मसोई कैम्प स्थल पर किसानों ने सड़क जाम कर दिया। कुछ घंटे के बाद किसानों ने छात्रों के परीक्षा को देखते हुए किसानों ने सड़क जाम खत्म कर दिया। कैमूर में किसान भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में किसानों को 2013 सर्किल रेट से एमवीआर तैयार कर मुआवजा दिया जा रहा है।इस संबंध में धरना पर बैठे किसान भुपेंद्र सिंह ने कहा बिहार सरकार सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजा बाजार मूल्य से चार गुना दे। उन्होंने ने कहा कृषि भूमि का 1 करोड़ 28 लाख रुपए से कम मुआवजा स्वीकार नहीं है। अनिश्चितकालीन धरना एवं सड़क जाम में अमित कुमार रंजन अवधेश सिंह राजू सिंह विकास उपाध्याय वकील सिंह विनोद कुमार गुप्ता महेश उपाध्याय गुदरी सिंह चन्दन सिंह पटेल लाला सिंह आदि सैकड़ों किसानों ने भाग लिया।

## जीयर स्वामी के यज्ञ में पहुंचे जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। कैमूर के जिला पार्षद विकास सिंह रोहतास जिला परसथूआ मे हो रहे महाराज जियर स्वामी जी के द्वारा 7 दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मे लाखो की संख्या मे जूटे श्रद्धांलू ।जिला परिषद सदस्य विकास सिंह ने बताया कि यज्ञ प. गिरीश नारायण मिश्रा महाविद्यालय के प्रांगण मे आयोजित किया गया जहाँ पहुँच कर यज्ञ मे संत महात्मा का आशीर्वाद लिया यज्ञ स्थल पर पहुंचने पर आयोजक पंडित गिरीश नारायण मिश्रा महाविद्यालय के सचिव मंजीव मिश्रा के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। यज्ञ दिनांक 16 2 2024 से 21 2 2024 तक चलेगा 21 फरवरी को लाखों लोग भंडारा का प्रसाद ग्रहण करेंगे।मौके पर भगवानपुर के मुखिया उपेंद्र पांडे , हिंदुस्तान टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार प्रसून मिश्रा, अनुज तिवारी जी, टुनटुन तिवारी जी, मोकरम पंचायत के मुखिया चट्टान सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शनिवार, 17 फरवरी, 2024





यह दोनों का निजी फैसला

# बेटी और दामाद के बीच में नहीं आना चाहतीं हेमा

ईशा देओल और भरत तख्तानी ने कुछ दिनों पहले अलग होने की घोषणा की है। दोनों की इस अनाउंसमेंट से फैंस को बड़ा झटका लगा क्योंकि दोनों का काफी लंबा रिश्ता था। इतना ही नहीं इसके बाद दोनों के रिश्ते को लेकर कई बातें सामने आईं जिससे ऐसा दावा किया जा रहा था कि दोनों की लाइफ में काफी चीजें बदल गई थीं। अब दोनों को लेकर एक बड़ी बात सामने आ रही है कि हेमा पूरी कोशिश कर रही हैं बेटी को सपोर्ट करने के लिए। जूम की रिपोर्ट के मुताबिक काफी समय से दोनों के बीच यह चल रहा था। ईशा और उनके पति ने काफी पहले डिसाइड कर लिया था कि वो अलग होंगे।

बस दोनों सही समय का इंतजार कर रहे थे। अब क्योंकि सब बाहर आ गया तो ईशा अब लाइफ में मूव ऑन कर रही हैं। इतना ही नहीं हेमा अभी बेटी के फैसले पर कुछ कमेंट नहीं करना चाहती हैं। यह ईशा की लाइफ और उनका फैसला है और वह बीच में नहीं आना चाहती हैं। वह बेटी के साथ हैं। बता दें कि ईशा और भरत के अलग होने की खबर तब आई जब पिछले साल अक्टूबर में हेमा के बर्थडे पर भरत नहीं दिखे। ईशा और भरत के बारे में बता दें कि दोनों जब टीनेजर थे तब मिले। वहीं जब दोनों 20 प्लस हो गए तब एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया।

लंबे रिलेशनशिप के बाद दोनों ने शादी कर ली थी। दोनों की बेटी राध्या और मिराया है। दोनों ने अलग होने पर स्टेटमेंट दिया था, हमने साथ में मिलकर डिसाइड किया है अलग होने का। हमारे लिए हमारे दोनों बचों का भविष्य जरूरी है। हम चाहते हैं हमारी प्राइवेसी की रिस्पेक्ट की जाए।

# रानी ने किया चौंकाने वाला ऐलान!

भोजपुरी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस रानी चटर्जी अक्सर चर्चा में रहती हैं। इस बार उन्होंने अपने फैंस का दिल दुखा दिया है। वो सोशल मीडिया से ब्रेक लेने जा रही हैं। इसके पीछे क्या वजह है और वो कब वापस आएंगी, इसकी भी जानकारी दी है। क्या आपने देखा उनका पोस्ट? रानी चटर्जी भोजपुरी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। ढेर सारी फिल्मों में काम करने वाली रानी ने अपने फैंस को एक झटका दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाने का फैसला किया है। वो कब वापस आएंगी, इसकी भी जानकारी दी है। आइये आपको दिखाते हैं कि रानी ने आखिर ये कदम क्यों उठाया है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा, आप सभी को जानकारी दे रही हूं कि मैं छोटा-सा ब्रेक ले रही हूं। इसके पीछे वजह ये है कि मैं बोर हो गई हूं।



# सई तम्हणकर ने श्रीदेवी प्रसन्ना और भक्षक के साथ सिनेमा और ओटीटी पर किया धमाल



किसी अभिनेता के लिए सिल्वर स्क्रीन और डिजिटल क्षेत्र दोनों पर एक साथ हावी होना किसी उपलब्धि से काम नहीं है। हालही में रिलीज़ हुई फिल्म श्रीदेवी प्रसन्ना के साथ सई तम्हणकर लोगों के दिलों पर छाई हुई हैं और अब उनकी नेटफ्लिक्स रिलीज़ भक्षक भी धमाल मचाये हुए है। ये कहना गलत नहीं होगा कि सई दोहरी सफलता का आनद ले रही है। मनोरंजक क्राइम थ्रिलर भक्षक ने न केवल नेटफ्लिक्स इंडिया की टाइटल फिल्मों में प्रमुख स्थान हासिल किया है, बल्कि नंबर एक की प्रतिष्ठित रैंक भी हासिल कर चूका है। सई के लिए, इस परियोजना का हिस्सा बनना उनके लिए मील का पत्थर साबित हुई है।

जब आप एक फिल्म बनाते हैं, उस फिल्म का भविष्य हम नहीं प्रिडिक्ट कर सकते , लोगों का रिएक्शन होगा। लेकिन हर बार जब आप एक अभिनेता के रूप में कुछ अलग करने की कोशिश करते हैं, तो आप एनर्जी महसूस करते हैं। भक्षक उन्हीं प्रोजेक्ट्स में से एक था। शूटिंग के दौरान हमें लगा कि हम कुछ महत्वपूर्ण कहना चाहते हैं, सई ने बताया। वह आगे कहती हैं, फिल्म रिलीज के बाद, मुझे दर्शकों से वही एनर्जी और भावनाएं महसूस हुईं जिन्होंने उस बातचीत की सराहना की जो हम भक्षक के ज़रिये से शुरू करना चाहते थे। हमने अपने भीतर कुछ ऐसा जगाया जो या तो खो गया था या भुला दिया गया था, और दर्शक इसी चीज़ से खुद को जोड़ पाए हैं किसी अभिनेता के लिए ऐसी परियोजनाओं का हिस्सा बनना बहुत ही गर्व की बात है जो बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से परे हों।

मैं सम्मानित, धन्य और गौरवान्वित महसूस कर रही हूं, कभी-कभी, जब आप कुछ नई चीज़ ट्राय करते हैं तो दूसरे लोग आपको नीची दृष्टि से देखते हैं। भक्षक जैसी फिल्में उस गरिमा को वापस पाने में मदद करती हैं। मैं खुद को धन्य और दुनिया के शीर्ष पर महसूस कर रही हूं क्योंकि मेरी मराठी फिल्म भी सिनेमाघरों में बहुत अछा प्रदर्शन कर रही है, और भक्षक ओटीटी पर धमाल कर रही है। श्रीदेवी प्रसन्ना और भक्षक के साथ सई तम्हनकर की सफलता एक अभिनेता के रूप में उनके कौशल का उदाहरण देती है।



## डिजास्टर साबित हुई रजनीकांत की लाल सलाम, कमाए सिर्फ 14 करोड़

रजनीकांत की फिल्म लाल सलाम का बॉक्स ऑफिस पर हर बढ़ते दिन के साथ बुरा हाल होता जा रहा है। फिल्म कुछ खास कमाई नहीं कर पा रही है। ओपनिंग डे के बाद से किसी भी दिन फिल्म ने कुछ खास कमाई नहीं की है। रजनीकांत के हिसाब से पहले दिन भी फिल्म ने अच्छी कमाई नहीं की थी। अब फिल्म को रिलीज हुए छह दिन हो गए हैं और इसके लिए 15 करोड़ का कलेक्शन करना भी मुश्किल हो रहा है।

फिल्म का छठे दिन का कलेक्शन सामने आ गया है और हर दिन ये कमाई घटती जा रही है। लाल सलाम को रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या ने निर्देशित किया है। लंबे समय के बाद ऐश्वर्या ने डायरेक्शन में वापसी की है। जिसकी वजह से फैंस को उम्मीद थी कि उनकी ये फिल्म लोगों को इंप्रेस करने में खरी उतर पाएगी, मगर ऐसा हो नहीं पाया है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के मुताबिक लाल सलाम ने छठे दिन 1.19 करोड़ का कलेक्शन किया है। इस डाटा में आंकड़े थोड़े ऊपर-नीचे हो सकते हैं।

लाल सलाम ने पहले दिन 3.55 करोड़, दूसरे दिन 3.25 करोड़, तीसरे दिन 3.15 करोड़, चौथे दिन 1.55, पांचवें दिन 1.45 करोड़ का कलेक्शन किया था। जिसके बाद टोटल कलेक्शन 14.14 करोड़ हो गया है। लाल सलाम वीकडे में 1.50 करोड़ से ज्यादा की कमाई नहीं कर रही है। वीकेंड पर ये कमाई थोड़ी बढ़ सकती है लेकिन इसकी उम्मीद भी काफी कम है। लाल सलाम के बजट की बात करें तो ये फिल्म 80-90 करोड़ में बनी है। फिल्म कलेक्शन से अपनी लागत का आधा भी नहीं नकाल पाई है। मेकर्स को इस फिल्म से काफी नुकसान होने वाला है। रिपोर्ट्स की माने तो इस फिल्म के बजट का लगभग 50 प्रतिशत तो रजनीकांत की फीस है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फिल्म के लिए करीब 40 करोड़ फीस ली है। लाल सलाम की बात करें तो ये एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है जिसमें विष्णु विशाल और विक्रांत लीड रोल में नजर आए हैं। फिल्म में सभी एक्टर्स ने शानदार एक्टिंग की है लेकिन फिर भी ये फिल्म लोगों को इंप्रेस नहीं कर पाई है।



# अमिताभ को नहीं पसंद बच्चन परिवार की महिलाओं पर छोटे बाल

अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट व्हट द हेल नव्या का दूसरा सीजन आ गया है। इस पॉडकास्ट में नव्या अपनी मां श्वेता और नानी जया बच्चन के साथ बात करती हैं। इस दौरान तीनों ना सिर्फ सोशल मुद्दों पर बल्कि परिवार को लेकर भी बात करती हैं। अब लेटेस्ट एपिसोड में श्वेता ने अमिताभ बच्चन को लेकर एक बात बताई कि कैसे उन्हें परिवार की महिलाओं पर छोटे बाल पसंद नहीं। इतना ही नहीं जया ने यह भी बताया कि बिग बी कैसे बच्चों के बालों को अच्छा रखने के लिए सरसों का तेल लगाते थे।

### नहीं पसंद महिलाओं के छोटे बाल

श्वेता ने कहा, मैं बचपन में बाल बहुत कट करती थी और पापा मुझपर बहुत गुस्सा करते थे। जब भी मैं अपने बाल छोटे करती वह कहते कि तुमने ऐसा क्यों किया। उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं था। उन्हें लंबे बाल पसंद हैं। हम में से कोई भी अगर बाल रट करे तो उन्हें अच्छा नहीं लगता।

### शरीर पर लगाते सरसों का तेल

जया ने आगे बताया, नाना को सरसों का तेल लगाना पसंद था। नाना को यह बहुत पसंद है और उन्हें इसकी आदत है। वह कहते थे बच्चों पर तेल लगाए। यह उनकी यूपी की आदत है जो आज तक नहीं छूटी। वहीं श्वेता कहतीं कि यूपी के पापा और बंगाली परिवार की जया के लिए भी सरसों का तेल जरूरी है। वह बोलीं, बंगाली इतना खाना बनाते हैं सरसों के चेल पर। उन्हें उससे खाना बनाने में दिक्कत नहीं है। लेकिन ये तेल शरीर पर नहीं लगा सकते। वहीं यूपी के लोग अपनी बॉडी पर तेल लगाएंगे, लेकिन उस पर खाना नहीं बनाएंगे।

### बिग बी को नहीं कहा तुम

बता दें कि इससे पहले जया ने एक पॉडकास्ट के दौरान कहा था कि उन्हें पसंद नहीं जब कोई तू और तुम कहते हैं। उन्होंने कहा था क्या तुमने कभी मुझे अपने नाना को तुम कहते देखा है। मुझे लगता है यह चीजें तुम्हारी जनरेशन नहीं समझती है। आप जब तक सामने वाले की इज्जत नहीं करते हो, तब तक प्यार नहीं होता है।



## मैडम ड्राइवर में नजर आएंगी किट्टू गिडवानी

कभी छोटे पर्दे की ख्यातनाम अभिनेत्रियों में शुमार रही और अर्थ, स्वाभिमान और फैशन जैसी फिल्मों से स्टारडम हासिल करने वाली किटू गिडवानी निर्देशक इंद्रजीत नट्टोजी की अपकमिंग फीचर फिल्म मैडम ड्राइवर में नजर आने के लिए तैयार हैं।

नट्टोजी ने कहा, मैडम ड्राइवर गुजरात की एक मध्यम आयु वर्ग की महिला की कहानी है, जब वह गाड़ी चलाना सीखती है, तो समाज के ताने-बानों का सामना करती है, नए रिश्ते बनाती है और स्वतंत्रता को अपनाती है। फीचर फिल्म में मनमोहिनी और बेहद 2 फेम अंकित सिवाच और एक्ट्रेस भावना पानी भी हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया गया है। मैडम ड्राइवर कलाकार और फिल्म निर्माता इंद्रजीत नट्टोजी द्वारा निर्मित है, जो भारत के छोटे शहरों में महिलाओं की कहानियों को प्रदर्शित करते हैं। स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स क्रमशः अरुशी कौशल और समीर सतीजा द्वारा हैं।

आई.एन.के. पिक्चर्स एल.एल.पी. द्वारा निर्मित, ग्रेऑउल बार्नस्टॉर्म प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से और काइनेटिग्रा मीडियास एंड प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सह-निर्मित है।

## मुकेश अंबानी को अपना आदर्श मानते हैं रणबीर



बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर के लिए बीता साल काफी शानदार रहा। फिल्म एनिमल की सफलता ने रणबीर की शोहरत को बुलंदियों पर पहुंचा दिया। वहीं, अब रणबीर अपनी आगामी फिल्म रामायण की तैयारियों में जुटे गए हैं। इस फिल्म को नितेश तिवारी डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में रणबीर भगवान श्री राम की भूमिका में नजर आएंगे।

हाल ही में एक अवार्ड शो में रणबीर ने अपने जीवन के तीन मजबूत स्तंभों के बारे में बताया। इसके साथ ही वे जीवन में किसे अपना आदर्श मानते हैं और उनसे उन्हें क्या सुझाव मिले, इस बारे में भी अभिनेता ने खुलकर बात की।

अवार्ड शो में रणबीर कपूर ने देश के सबसे धनी व्यक्ति मुकेश अंबानी को अपनी प्रेरणा और आदर्श बताया। इस दौरान उन्होंने मुकेश अंबानी से मिली सलाह का भी खुलासा किया। रणबीर ने बताया कि मुकेश ने उनसे कहा था, अपनी सफलता को कभी अपने ऊपर हावी न होने देना और न ही अपनी विफलता को। इसके अलावा रणबीर ने आगे कहा, उनके जीवन का पहला आधार अच्छा कार्य करना है, साथ ही एक अच्छा इंसान, अच्छा बेटा, एक अच्छा भाई, और अच्छा दोस्त बनना है। फिलहाल रणबीर कपूर अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में है। फिल्म में उनके साथ साउथ अभिनेत्री साईं पल्लवी नजर आएंगी, जो सीता का किरदार निभाएंगी। फिल्म में केजीएफ स्टार यश रावण की भूमिका में है। वहीं, इसमें रकुल प्रीत सिंह और बॉबी देओल के शामिल होने की भी खबर सामने आ रही है। गौरतलब है कि हाल ही में रणबीर इस फिल्म के लिए अपना लुक टेस्ट दिया है। रिपोर्ट्स की माने तो निर्देशक नितेश तिवारी ने रणबीर कपूर को वजन बढ़ाने से मना कर दिया है। ताकि स्क्रीन पर वे प्राकृतिक रूप से दुबले-पतले अवतार में नजर आएं।

रणबीर कपूर के लुक टेस्ट के बाद उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल भी हुई थी, जिसमें अभिनेता के भगवान राम के लुक ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया था। फिलहाल रणबीर फिल्म में अपने किरदार के लिए घंटो रिहर्सल कर रहे है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रामायण की शूटिंग मार्च 2024 से शुरू हो सकती है। फिल्म में रणबीर, साई और यश के अलावा सनी देओल के भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आने की चर्चा है।

# बादशाह और नोरा करने जा रहे बड़ा धमाका, गर्मी क्लब में आ सकते हैं नजर

बॉलीवुड सिंगर और रैपर बादशाह आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनके गानों पर लोग झूमने के लिए मजबूर हो जाते हैं। बीते कुछ सालों में बादशाह ने एक के बाद एक हिट गाने दिए हैं। बॉलीवुड सिंगर और रैपर बादशाह आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनके गानों पर लोग झूमने के लिए मजबूर हो जाते हैं। बीते कुछ सालों में बादशाह ने एक के बाद एक हिट गाने दिए हैं। उनके ऐसे कई गानें हैं जो यंगस्टर्स के बीच काफी पॉपुलर हैं। इसी बीच जानकारी मिली है कि बादशाह और नोरा फतेही अपने हिट गाने गर्मी को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर एक नए प्रोजेक्ट के लिए टीम बना सकते हैं। बादशाह और नोरा फतेही का स्ट्रीट डांसर फिल्म का गर्मी सॉन्ग काफी लोकप्रिय हुआ था। नोरा फतेही जिस भी शो में जाती थी इस गाने के हुकस्टेप की खूब चर्चा होती थी। अब बादशाह अपने हिट गाने गर्मी को आगे बढ़ाते हुए गर्मी क्लब शुरू करने का विचार कर रहे हैं। प्रत्याशा बढ़ने के साथ, इस जोड़ी ने क्लब के संगीत प्रेमियों और पार्टी करने वालों के लिए अगला हॉट स्पॉट बनने की अटकलें तेज कर दी हैं। अधिक जानने के लिए हमारे साथ बने रहें!






## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने डेयरी फार्मिंग में महिलाओं की भूमिका को सम्मनित किया गया

**छिंदवाडा, एजेंसी।** भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) ने अपना छठा पशु विकास दिवस (पीवीडी) आयोजित किया। यह देश में सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर के रूप में जाना जाता है। इस दौरान एक लाख से अधिक मवेशियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 14 राज्यों में 460 से अधिक स्थानों पर एक साथ शिविर आयोजित किए गए। भारत में, 8 करोड़ से अधिक परिवार सीधे तौर पर डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और इनमें इनमें महिलाएं 70 प्रतिशत कार्यबल का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन महिलाओं की भूमिका के सम्मान के लिए, छठा पशु विकास दिवस डेयरी फार्मिंग में महिलाएं के रूप में मनाया गया। यह पहल श्वस्त्र ढांचे के सामाजिक पहलू को दर्शाती है, जो सामाजिक उत्थान को आगे बढ़ाने में लैंगिक विविधता और समावेशन के महत्व पर जोर देती है।

## जेईई के परिणाम में लहराया आकाश बायजूस रीवा का परचम

**रीवा।** आकाश बायजूस ने रीवा से अपने 10 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के पहले सत्र में 90 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में निष्ठा सिंह ने 98.78, ओम पांडेय ने 98.54, वैभव दुबे ने 98.29, लक्ष्मी साहू ने 97.40, आस्था गौतम ने 95.78 सारा तिवारी ने 95.15 व अन्य चार स्टूडेंट्स ने 90 फीसदी से ज्यादा परसेंटाइल हासिल किए। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की सबसे प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज सेशन 1 के परिणामों का अनावरण किया, इस साल इंजीनियरिंग के लिए दो अनुसूचित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से पहली कीशुरुआत हुई.विश्व स्तर पर सबसे चुनौतीपूर्ण प्रवेश परीक्षा के रूप में प्रसिद्ध, चुनौतीपूर्ण आईआईटी जेईई को जीतने की आकांक्षा के साथ आकाश के कक्षा कार्यक्रम में दाखिला लेते हुए, छात्रों ने मौलिक अवधारणाओं को समझने और एक अनुशासित अध्ययन को बनाए रखने के लिए अपने समर्पण के लिए शीर्ष प्रतिशत के लिए अपनी चढ़ाई का श्रेय दिया।

# 2 साल में बना लिए 800 करोड़

## आनंद प्रकाश को कहते हैं हैकरों का द्रोणाचार्य जो फेल कर देता है बड़े-बड़े साइबर अटैक !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आनंद प्रकाश देश के जाने-माने एथिकल हैकर (व्हाइट हैकर) हैं। एथिकल हैकर वो होते हैं जो अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल साइबर सिक्योरिटी में खामियां तलाशने के लिए करते हैं। यह उस सिक्योरिटी सिस्टम को ज्यादा मजबूत बनाता है। आनंद ने दुनिया की एक से बढ़कर एक दिग्गज कंपनियों को अपनी सेवाएं दी हैं। इनमें ट्विटर, मेटा से लेकर उबर तक शामिल हैं। ऐसे एथिकल हैकरों की भरमार है जो उन्हें अपना गुरु मानते हैं। हाल में उन्होंने 10 करोड़ डॉलर (करीब 800 करोड़ रुपये) में अपनी स्टार्टअप कंपनी पिंगसेफ का सौदा कर सुर्खियां बंटोरी थीं। इस सौदे से करीब दो साल पहले उन्होंने कंपनी की नींव निशांत मित्तल के साथ रखी थी। अमेरिकी शेयर बाजार में लिस्ट सेंटिनेलवन ने इसे खरीदा था। आइए, यहां आनंद प्रकाश के बारे में जानते हैं। उन्होंने आईआईटी के लिए खूब तैयारी की थी। लेकिन, आनंद इसमें कामयाब नहीं हुए। फिर उन्होंने वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की। वह अपने परिवार में पहले इंजीनियरिंग ग्रेजुएट हैं। आईआईटी-जेईई की तैयारी के लिए कोटा जाने तक उनके पास कंप्यूटर नहीं था।



### ऐसे पैदा हुई एथिकल हैकिंग में दिलचस्पी

साल 2008-09 की बात है। आनंद पास के साइबर सेंटर में 10 रुपये देकर अक्सर इंटरनेट पर ब्राउजिंग के लिए जाते थे। तब वह कोटा में कोचिंग करते थे। इसी दौरान उनके एक दोस्त ने उन्हें उसका ऑर्कुट अकाउंट हैक करने की चुनौती दी। उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं थी। आनंद ने गूगल पर 10 स्टेप का हैकिंग ट्यूटोरियल देखा और उन्हें इसमें कामयाबी मिल गई। उसी वक्त से उनकी हैकिंग में जबर्दस्त दिलचस्पी पैदा हो गई।

### हरियाणा पुलिस के साथ शुरू हुआ करियर

साइबर सिक्योरिटी इंटर्न के तौर पर आनंद प्रकाश का करियर हरियाणा पुलिस के साथ शुरू हुआ। फिर उन्हें अपनी पहली नौकरी फ्लिपकार्ट में बतौर सिक्योरिटी इंजीनियर मिली। फ्लिपकार्ट में कुछ समय काम करने के बाद उन्होंने अपने भाई के साथ मिलकर ऐपसिक्योर नाम की साइबर सिक्योरिटी फर्म की स्थापना की। उनका भाई आज भी उस फर्म को चला रहा है।

### दिग्गज कंपनियों को दे चुके हैं सर्विस

आनंद प्रकाश आज भारत के प्रसिद्ध एथिकल हैकरों में से एक हैं। उन्होंने कई बड़ी कंपनियों में सुरक्षा कमजोरियों की पहचान की है। इनमें फेसबुक, ट्विटर, उबर और माइक्रोसॉफ्ट शामिल हैं। उन्हें 2017 में फोर्ब्स इंडिया की 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया गया था। 2020 में आनंद प्रकाश को भारत सरकार ने राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया था।

## दास ने कहा- लगातार चौथे साल 7 प्रतिशत से अधिक रहेगी विकास दर, महंगाई पर काबू पाने में अभी कई चुनौतियां



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। हालांकि, महंगाई को काबू करने के मोर्चे पर अभी कई चुनौतियां हैं। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का कहना है कि विवेकपूर्ण मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों ने मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है। 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर 7 फीसदी रहने का अनुमान है। यह लगातार चौथा साल होगा, जब विकास दर 7 फीसदी या उससे अधिक रहेगी। इसके साथ ही, खाद्य कीमतों की ओर से बार-बार झटके लगने और देशों के बीच नएतनाव पैदा होने से महंगाई से निपटने में बाधा आ रही है।

### वैश्विक जीडीपी में मुश्किलों के साथ अवसर भी

दास ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था एक चौराहे पर खड़ी है। चुनौतियां भी तमाम हैं। लेकिन, नए अवसर भी दस्तक दे रहे हैं। हम यहां से जो रास्ता अपनाएंगे, वही हमारा भाग्य तय करेगा। हमें ऐसी नीतियां चाहिए, जो वैश्विक जीडीपी की नई वास्तविकताओं के अनुरूप हों। अनिश्चित दुनिया में केंद्रीय बैंकों को अपने उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सक्रिय होने की जरूरत है।

### सफर के सबसे मुश्किल दौर में

गवर्नर ने बृहस्पतिवार को 59वें दक्षिण-पूर्व एशियाई केंद्रीय बैंकों (सीसेन) के गवर्नर्स सम्मेलन में कहा, हम अवस्फीति (महंगाई में गिरावट) के अंतिम चरण से निपटने के लिए सतर्क हैं क्योंकि यह सफर का सबसे मुश्किल दौर होता है। हमें भरोसा है कि स्थिर व निम्न महंगाई स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी आधार देगी। महंगाई 2022 की गर्मियों के उच्चतम स्तर से अब नीचे आ चुकी है। खुदरा महंगाई जनवरी, 2024 में 5.1 फीसदी रही है। दास ने कहा, इंडिया स्टैक और यूपीआई में हमारी भागीदारी ने हमें विश्वास दिलाया है कि राष्ट्रीय सीमाओं से परे बढ़ने पर डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक भलाई का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है। भारतीय यूपीआई और कुछ अन्य देशों की तेज भुगतान प्रणालियों का जुड़ाव यूपीआई को सीमा पार लेनदेन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मॉडल बनने की क्षमता देता है।

## यूएसआईएसपीएफ बोर्ड में शामिल हुए आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। एक आधिकारिक घोषणा से गुरुवार को इसकी सूचना मिली।

बता दें कि भारतीय-अमेरिकी 62 वर्षीय सीईओ कृष्णा, न्यूयॉर्क फेडरल रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल के सदस्य भी हैं। साथ ही नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन के निदेशक मंडल में भी कार्यरत हैं। उन्होंने तकनीकी दिग्गज के साथ तीन दशकों से अधिक समय से जुड़े उद्योग और आईबीएम के अनुभवी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड, क्वांटम कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन में आईबीएम के लिए नए बाजारों के निर्माण और विस्तार का नेतृत्व किया है। कृष्णा नवीन आईबीएम उत्पादों और समाधानों के विकास में भी एक प्रेरक शक्ति रहे हैं। उन्होंने समाधान तथा साहसिक परिवर्तनों की एक श्रृंखला का नेतृत्व किया, जिसने सिद्ध व्यावसायिक परिणाम दिए हैं, जिसमें आईबीएम के सूचना प्रबंधन व्यवसाय को 50 प्रतिशत तक बढ़ाना भी शामिल है।

इधर, कृष्णा का कहना है, अमेरिका और भारत के बीच काफी अच्छे संबंध हैं, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों में निहित है। यूएसआईएसपीएफ के सदस्य के रूप में, मैं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, सभी के लिए अवसर पैदा करने और हमारे समय की अनूठी चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करने के लिए उत्सुक हूं। यूएसआईएसपीएफ ने बताया कि कृष्णा ने वायरलेस नेटवर्किंग, सुरक्षा, सिस्टम और डेटाबेस सहित कई तकनीकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक योगदान दिया है। उन्होंने आईबीएम के सुरक्षा सॉफ्टवेयर व्यवसाय की स्थापना की है और दुनिया का पहला वाणिज्यिक वायरलेस सिस्टम बनाने में मदद की है।

## 900 के नीचे आ सकता है डिफेंस शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक साल में 182 फीसद से अधिक रिटर्न देने वाला मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर अब बेच कर निकल जाने में ही भलाई है। ऐसा एक्सपर्ट्स की सलाह है। आने वाले समय में यह स्टॉक 900 रुपये के नीचे आ सकता है। आज के रेट 2147 रुपये से करीब 60 फीसद नीचे आ सकता है।

घरेलू ब्रोक्रेज फर्म आईसीआईसीआई सिक्योरिटिज ने 15 फरवरी के अपने एक नोट में इसको स्द्ब्द्य रेटिंग दी है। नोट के मुताबिक मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर 59.14 पर्सेंट तक गिर सकते हैं। इसका 52 हफ्ते का हाई 2492 रुपये और लो 612 रुपये है। सुबह 9ः50 बजे के करीब यह स्टॉक मामूली बढ़त के साथ 2135 रुपये के करीब ट्रेड कर रहा था। पिछले एक महीने में यह स्टॉक 8 फीसद से अधिक गिर चुका है। हालांकि, पिछले छह महीने में 10 फीसद से अधिक मुनाफा दिया है। पिछले 4 साल में इसने 1170 फीसद से अधिक रिटर्न देकर अपने निवेशकों को मालामाल कर चुका है।

## बीते साल 87,818 करोड़ के बिक गए फ्लैट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वर्ष 2023 में 87,818 करोड़ रुपये मूल्य के फ्लैट की बिक्री हुई जिसमें अकेले गुरुग्राम की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत रही। संपत्ति सलाहकार जेएलएल इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में पिछले साल बिके फ्लैट की औसत कीमत वर्ष 2022 के 1.86 करोड़ रुपये से बढ़कर 2.29 करोड़ रुपये हो गई। हालांकि, फ्लैट का औसत आकार और बिकने वाले घरों की संख्या (38,407 इकाइयां) कमोबेश स्थिर रही। रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2023 में बिकने वाले फ्लैट का कुल मूल्य 87,818 करोड़ रुपये था, जो 2022 की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है।

# बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट ने लॉन्च किया

### बजाज फिनसर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड

### मोट इन्वेस्टमेंट के सिद्धांत पर आधारित लार्ज एंड मिडकैप फंड

**मुंबई/पुणे, एजेंसी।** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट ने नऐ इक्विटी फंड बजाज फिनसर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। इसे रणनीतिक रूप से मोट इन्वेस्टिंग यानी आकर्षक मूल्यांकन पर ट्रेड करने वाले कंपनियों के स्टॉक में निवेश के जरिए निवेशकों की संपत्ति बढ़ाने के लिए बनाया गया है। यह फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो लार्जकैप और मिडकैप दोनों श्रेणी के शेयरों में निवेश करती है, वहीं लंबी अवधि में स्थिरता और बेहतर रिटर्न निश्चित करने पर फोकस है।

बजाज फिनसर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड एसेट अलोकेशन स्ट्रैटेजी (परिसंपत्ति आवंटन रणनीतियों) को तय करने में इकोनॉमिक मोट की एक अनूठी अवधारणा का उपयोग करता है। निवेश में इकोनॉमिक मोट एक सुरक्षा ढाल की तरह है, जो व्यापार जगत में कंपनी के मुनाफे को भविष्य की कई तरह की चुनौतियों से बचाती है। यह रणनीति तेजी से ग्रोथ की क्षमता, लाभ और लगातार अपने प्रतिस्पर्धियों से बढ़त वाले व्यापार की पहचान करती है। बाजार के मौजूदा माहौल में लार्जकैप और लार्ज व मिडकैप का संयोजन, दोनों ही लंबी अवधि के औसत से नीचे कारोबार कर रहा है, जो एक अनुकूल रिस्क-रिवार्ड का मौका बना रहा है, खासकर जब निफ्टी 500 इंडेक्स से तुलना की जाए। लार्ज और मिडकैप शेयरों में आर्थिक खाई (एक कंपनी का अपने प्रतिस्पर्धियों पर एक विशेष लाभ, जो उसे अपनी बाजार हिस्सेदारी और मुनाफे को बढ़ाने की अनुमति देता है) पर रणनीतिक जोर बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच उनकी स्थिरता और लंबी अवधि में ग्रोथ की क्षमता से लिया गया है। यह अपने निवेशकों को स्थायी मूल्य प्रदान करने की बजाज फिनसर्व एएमसी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। अपने निवेश के सिद्धांत, का अनुसरण करते हुए, निवेश प्रक्रिया मूल्य निर्धारण की ताकत और मैनेजमेंट क्वालिटी जैसे मानदंडों के साथ-साथ मात्रात्मक विशेषताओं को एक करती है, जैसे कि इंक्रीमेंटल कैपिटल (वृद्धिशील पूंजी) पर रिटर्न (आरओआईसी) और टिकाऊ मार्जिन। इससे बाजार में बेहतर प्रदर्शन के लिए सूचनाओं को बेहतर तरीके से जुटाना और विवेकपूर्ण निर्णय लेना सुनिश्चित होता है।

इस स्कीम के लॉन्च पर बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के सीईओ, गणेश मोहन ने कहा, यह नई पेशकश हमारी रणनीतिक सोच और बाजार की गतिशीलता की गहरी समझ का प्रमाण है। हम बड़े आकार की कंपनियों और तेजी से बढ़ रही मिडकैप कंपनियों, दोनों की ग्रोथ क्षमता का लाभ उठा रहे हैं। यह तरीका निवेशकों को मजबूती से स्थापित दिग्गज कंपनियों की सापेक्ष स्थिरता और बाजार में तेजी से उभरते सितारों की ग्रोथ से लाभ उठाने की अनुमति देता है।

उन्होंने कहा कि, अनुभवी पेशेवरों की हमारी टीम ने बाजार के उतार-चढ़ाव का सामना करने और मोट इन्वेस्टमेंट (बेहतर रिटर्न के लिए आकर्षक मूल्यांकन पर ट्रेड करने वाले कंपनियों के स्टॉक में निवेश) की अनूठी अवधारणा पर तैयार विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए सावधानीपूर्वक एक पोर्टफोलियो तैयार किया है। इस रणनीति में, हमारी टीम न सिर्फ बाजार के लीडर्स पर ध्यान केंद्रित करती है, बल्कि उन कंपनियों पर भी ध्यान केंद्रित करती है जो अपनी नेतृत्व की स्थिति की रक्षा करने में सक्षम हैं। बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के सीआईओ, निमेश चंदन ने इस मौके पर कहा कि लार्ज एंड मिड कैप एक ऐसी श्रेणी है, जिसमें कई कंपनियां अपने बिजनेस में लीड करती हैं। इस फंड की प्रमुख विशेषता मोट इन्वेस्टिंग रणनीति के आधार पर स्टॉक का चयन है। यह एक ऐसी रणनीति है जो प्रतिस्पर्धात्मक लाभ वाली कंपनियों की पहचान करती है ।

## एम1एक्सचेंज को राज्य में व्यावसायिक गतिविधि बढ़ने के साथ भोपाल में विकास में तेजी की उम्मीद है



**भोपाल।** एम1एक्सचेंज, भारत के प्रमुख बिल डिस्काउंटिंग प्लैटफॉर्म, को भोपाल में औपचारिक ट्रेड फाइनेंस की भारी माँग की उम्मीद है। मध्य प्रदेश में भोपाल एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है और वहाँ सूक्ष्म, लघु और मँझोले उपक्रमों (एमएसएमई) की संख्या में काफी बढ़त दिख रही है। मौजूदा समय में इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी, कृषि क्षेत्र, सर्विसेज और इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज क्षेत्र महत्वपूर्ण विकास चालकों के रूप में सामने आते हैं। एम1एक्सचेंज उन तीन ट्रेड रिसीवेबल डिस्काउंटिंग सिस्टम्स (टीआरईडीएस) प्लैटफॉर्म में से एक है जिन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लाइसेंस दिया गया है। एम1एक्सचेंज पश्चिमी क्षेत्र में अपने कुल इनवॉइस का 32 प्रतिशत इनवॉयस प्रोसेस करता है। भोपाल में अगले पाँच वर्षों में उद्योग विभाग द्वारा 8 लाख करोड़ रुपये का निवेश आमंत्रित किये जाने के साथ यहाँ ट्रेड फाइनेंस के लिए माँग में जबरदस्त वृद्धि देखी जा रही है।एम1एक्सचेंज के प्रमोटर और डायरेक्टर, संदीप महेन्द्रू ने कहा कि, एम1एक्सचेंज भारत के एमएसएमई को सहायता देने के लिए समर्पित है, जो भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की आकांक्षा के लिए बुनियाद का काम करते हैं। एमएसएमई के लिए किफायती कारोबारी ऋण की सुलभता, विशेषकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में हमारे टीआरईडीएस इकोसिस्टम के जरिये आसान हो जाती है। हमें अगले 12 महीनों में इस क्षेत्र में इनवॉइस डिस्काउंटिंग के दोगुना होने की उम्मीद है। एम1एक्सचेंज ने अपनी शुरुआत के बाद से अभी तक 80,000 करोड़ रुपये के मूल्य की इनवॉइस डिस्काउंटिंग की है और 2 मिलियन से अधिक इनवॉइस को डिस्काउंट किया जा चुका है।

## ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने सेबी के समक्ष फाइल किया

**मुंबई , एजेंसी।** ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी लिमिटेड ('कंपनी') ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ('डीआरएचपी') दाखिल किया है। कंपनी की योजना इम्टिी शेयरों (अंकित मूल्य 1 प्रत्येक) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की है। इश्यू ऑफर में 120 करोड़ तक के इम्टिी शेयरों का नया इश्यू ('फ्रेश इश्यू') और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 66,677,674 इम्टिी शेयर तक की बिक्री की पेशकश ('बिक्री के लिए ऑफर') शामिल है।ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी लिमिटेड इक्सिगो ब्रांड के माध्यम से संचालित होता है, जिसमें एक मल्टी-ऐप रणनीति है। इक्सिगो कई ब्रांडों का मालिक है और उनका संचालन करता है - इक्सिगो फ्लाइट्स, इक्सिगो ट्रेन्स, कन्फर्म टिकट और अभिबस- जिनमें से प्रत्येक के पास अपने स्वयं के ऐप हैं, और जिनमें से प्रत्येक के पास अपने संबंधित लक्षित ग्राहक समूहों के लिए उड़ान, ट्रेन, बसों और होटलों के इस्तेमाल से जुड़े मामले हैं।कंपनी एक टैक्नोलॉजी कंपनी है जिसका ध्यान भारतीय यात्रियों को रेल, हवाई, बसों और होटलों में अपनी यात्राओं की योजना बनाने, बुक करने और प्रबंधित करने के लिए सशक्त बनाने पर केंद्रित है। एफ एंड एस रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी 'अगले अरब उपयोगकर्ताओं' के लिए अग्रणी 'ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर' (ओटीए) है, जिसका फोकस स्थानीय सामग्री और ऐप सुविधाओं पर है जिसका उद्देश्य टियर टू/टियर थ्री यात्रियों की समस्याओं को हल करना है (स्रोत- एफ एंड एस रिपोर्ट)। वित्तीय वर्ष 2023 में परिचालन से समेकित राजस्व के मामले में यह भारत में दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर है (स्रोत- एफ एंड एस रिपोर्ट)। कंपनी ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर रेल बाजार में सबसे बड़ी भारतीय ट्रेन टिकट वितरक है और 31 मार्च, 2023 तक ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर के बीच रेल बुकिंग के मामले में इसकी बाजार हिस्सेदारी लगभग 51 प्रतिशत थी।

## मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञों ने हार्ट फेल्योर की चुनौती से निपटने के बारे में बताया

**अहमदाबाद , एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञों ने विश्व स्तर पर हार्ट फेल्योर इसके लगातार बढ़ रहे बोझ, और चिकित्सा विज्ञान द्वारा सेहत से जुड़ी इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशंस की तलाश के बारे में बात की। बिल्कुल सेहत की देखभाल के क्षेत्र में, हार्ट ट्रांसप्लांट इलाज के बेहद कारगर तरीके के रूप में उभरकर सामने आया है, जो अंतिम चरण के हार्ट फेल्योर से जूझ रहे मरीजों के जीवन में एक नई उम्मीद जगाता है।हार्ट फेल्योर में हार्ट शरीर से खून को अच्छी तरह से पंप नहीं कर पाता है, जो भारतीय उपमहाद्वीप सहित दुनिया भर में सेहत से जुड़ी एक बड़ी चिंता का कारण बन गई है। इस बारे में बताते हुए, डॉ. किशोर गुप्ता, कार्डियोथोरेसिक सर्जन, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, कहते हैं, हार्ट ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया में मरीज के हार्ट में आई गड़बड़ी को ठीक करने के लिए सर्जरी के जरिए एक सेहतमंद डोनर का हार्ट ट्रांसप्लांट किया जाता है।

# सोलर रूफटॉप पैनल के लिए पैसों की चिंता नहीं ! अब बैंक देंगे फंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक अब घर बनाने के लिए लोन के साथ घरों की छत पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाने का फंड भी उपभोक्ताओं को प्रदान करेंगे। देश में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर कोशिशें कर रही है। मौजूदा गतिविधियों से वाकिफ आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने बताया कि ऋण दाता अब पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के समर्थन के लिए अब विकास परियोजनाओं में सौर ऊर्जा पैनल के लिए लोन देने की संभावना का पता लगा रहे हैं। निजी परियोजनाओं में सौर ऊर्जा पैनल के लिए लोन देने की संभाव्यता तलाशी जा रही है। पिछले महीने वित्त मंत्रालय, नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और बैंकों के बीच हुई बैठक में यह सहमति बनी कि बैंक रूफ टॉप सोलर के नैशनल पोर्टल को भी उपभोक्ताओं को घर बनाने के लिए दिए जाने वाले ऋण से जोड़ा जाएगा। इससे उपभोक्ताओं और हितधारकों की वास्तविक आंकड़ों तक पहुंच हो सकेगी।



### चलेगा जागरूकता अभियान

सरकारी अधिकारी ने बताया कि हमें उम्मीद है मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से लगभग 90 फीसदी उपभोक्ता घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने का विकल्प अपनाएंगे। होम लोन के साथ सौर ऊर्जा पैनल पर सब्सिडी देने से ज्यादा से ज्यादा लोगों की पहुंच रूफ टॉप सोलर पैनल तक होगी। बैंक भी इस योजना में भागीदारी करेंगे और सोलर रूप टॉप पैनल के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए और उन्हें अपनी घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने को प्रोत्साहन देने के लिए जागरूरकता अभियान चलाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई रूप टॉप सोलर स्कीम की घोषणा की। इस योजना का लक्ष्य 1 करोड़ लोगों के घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का है। इससे वह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली लेने की सुविधा भी मिलेगी। इस परियोजना में 75 हजार करोड़ से अधिक का निवेश किया गया है। वरिष्ठ बैंक अधिकारी ने बताया कि ऋण देने के एनवॉयरमेंटल, सोशल और गवर्नेंस (ईएसजी) के आधारभूत ढांचे के तहत ऋणदाता पहले ही घरों की छतों पर सोलर रूफ टॉप पैनल लगाने के लिए भी कर्ज दे रहे हैं। अब जबकि हरेक बैंक की अपनी पॉलिसी है, हम लघु और मध्यम क्षेत्र के उपक्रमों को सरकार की पहल से जोड़ने और उन्हें अपने संस्थान की छतों पर सोलर रूप टॉप पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहन और बढ़ावा देंगे।

### मिलेगी मुफ्त बिजली

केंद्र सरकार की तरफ से लोकसभा चुनाव से ठीक पहले गरीब और मध्यम वर्ग के लिए एक बड़ा ऐलान किया गया, जिसमें खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि सरकार देश के एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाने जा रही है। इन सभी परिवारों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। इस मुफ्त बिजली योजना का नाम पीएम सूर्य घर योजना है। जिसे लेकर हाल ही में पीएम मोदी ने जानकारी दी। अब इस योजना को लेकर लोगों के बीच दिलचस्पी भी बढ़ रही है, लोग जानना चाहते हैं कि कैसे उनके घरों में ये सोलर पैनल लगेगा और इस पर कितना खर्च आएगा। पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना को लेकर खुद प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल से पोस्ट किया।

# विलियमसन के शतक से जीता न्यूजीलैंड

## दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को दी मात



**हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)।** केन विलियमसन के नाबाद शतक और विल यंग के साथ उनकी अटूट शतकीय साझेदारी से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर उसके खिलाफ पहली बार टेस्ट श्रृंखाला जीती। न्यूजीलैंड ने दो मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। विलियमसन ने 260 गेंद में 12 चौकों और दो छक्कों से 133 रन की नाबाद पारी खेलने के अलावा विल यंग (134 गेंद में नाबाद 60, आठ चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को तीन विकेट पर 269 रन पर पहुंचाकर जीतकर दिलाई। चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज करने के दौरान यह न्यूजीलैंड का पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है। विलियमसन ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भी शतक जड़ा था जिसे न्यूजीलैंड ने 281 रन से जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी के आधार पर 31 रन की बढ़त हासिल की थी और फिर दूसरी पारी में 235 रन बनाकर न्यूजीलैंड को 267 रन का लक्ष्य दिया। न्यूजीलैंड ने चौथे दिन की शुरुआत एक विकेट पर 40 रन से की। मेजबान टीम को जीत के लिए इस समय 227 रन जबकि दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट की दरकार थी। विलियमसन ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने अपना 32वां टेस्ट शतक 203 गेंद में पूरा किया और इस दौरान रचिन रविंद्र (20) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन भी जोड़े। ऑफ स्पिनर डेन पीट ने जब रविंद्र को आउट करके न्यूजीलैंछ का स्कोर तीन विकेट पर 117 रन किया तब मेजबान टीम को 150 रन की और जरूरत थी। विलियमसन ने इसके बाद यंग के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। वह ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के साथ 32 शतक के आंकड़े तक पहुंचने वाले सिर्फ दो सक्रिय खिलाड़ियों में शामिल हैं। विलियमसन ने 172वीं पारी में 32वां शतक जड़ा और वह स्मिथ, रिकी पोंटिंग, सचिन तेंदुलकर, यूनिस खान, सुनील गावस्कर, कुमार संगकारा, जाक कैलिस और ब्रायन लारा जैसे खिलाड़ियों से कम पारियों में इस उपलब्धि को हासिल करने में सफल रहे। दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज विलियमसन ने श्रृंखला में चार पारियों में तीन शतक की मदद से 134 की औसत से 403 रन बनाए।

## केन विलियमसन का टेस्ट में लगातार 7वां शतक, स्मिथ, गावस्कर, पोंटिंग जैसे दिग्गजों को छोड़ा पीछे

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन शुक्रवार को हैमिल्टन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान 32 टेस्ट शतक तक पहुंचने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। इसी के साथ ही विलियमसन ने ग्रीम स्मिथ, सुनील गावस्कर, रिकी पोंटिंग और रामनरेश सरवन जैसे महान खिलाड़ियों को भी पछाड़ दिया है। न्यूजीलैंड के 267 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए विलियमसन ने 203 गेंदों में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज ने अब अपने पिछले सात टेस्ट मैचों में सात शतक बनाए हैं। माउंट माउंगानुई में श्रृंखला के पहले टेस्ट में 33 वर्षीय विलियमसन ने दोनों पारियों (118 और 109) में शतक लगाए थे और कीवी टीम ने अनुभवहीन प्रोटियाज लाइनअप पर 281 रन की जीत दर्ज की थी। विलियमसन ने ऑस्ट्रेलिया के स्टीवन स्मिथ (174 पारी) को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज 32 टेस्ट शतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए जिन्होंने अपनी 172वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की। रिकी पोंटिंग (176) और सचिन तेंदुलकर (179) इस सूची में अगले स्थान पर हैं। विलियमसन ने टेस्ट मैच की चौथी पारी में सर्वाधिक शतकों के मामले में पाकिस्तान के बल्लेबाज यूनिस खान के शतक (पांच) की भी बराबरी की। इस पारी के साथ विलियमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छठा शतक जड़ा और न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के जैक्स कैलिस की बराबरी भी कर ली।

### न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट में सर्वाधिक शतक

केन विलियमसन – 32*
रॉस टेलर – 19

### टेस्ट क्रिकेट में चौथी पारी में केन विलियमसन

पारी– 26
रन– 1040
औसत – 57.77
शतक – 5
अर्द्धशतक – 4

### फैब 4 में सर्वाधिक टेस्ट शतक

विलियमसन – 32* (98 मैच)
स्मिथ – 32 (107 मैच)
रूट – 30 (138 मैच)
कोहली – 29 (113 मैच)

### अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सक्रिय खिलाड़ियों में सर्वाधिक शतक

1) विराट कोहली – 80
2) डेविड वार्नर – 49
3) रोहित शर्मा – 47
4) जो रूट – 46
5) केन विलियमसन – 45*

### सबसे तेज 32 टेस्ट शतक (पारी) तक पहुंचने वाले बल्लेबाज

172 – केन विलियमसन
174–स्टीव स्मिथ
176 – रिकी पोंटिंग
179–सचिन तेंदुलकर
193– यूनिस खान

### टेस्ट क्रिकेट में चौथी पारी में सर्वाधिक शतक

5– केन विलियमसन
5– यूनिस खान
4– ग्रीम स्मिथ, सुनील गावस्कर, रिकी पोंटिंग, रामनरेश सरवन

## यह सब चलता रहता है, सरफराज खान ने अपने रनआउट पर खुलकर की बात



**राजकोट (गुजरात)।** दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज खान ने पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में अपने रन आउट पर खुलकर बात की। इंग्लैंड के खिलाफ निरंजन शाह स्टेडियम में गुरुवार को मैच के पहले दिन सरफराज को रविंद्र जडेजा से मिले गलत कॉल की वजह से रन आउट होना पड़ा। अपने पदार्पण मैच में छठे नंबर पर आते हुए सरफराज ने 66 गेंदों में 62 रनों की पारी खेली। सरफराज से जब इस घटना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने किसी की परवाह किए बिना अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा, थोड़ा गलत संचार था। यह खेल का हिस्सा है। कभी-कभी रन-आउट होता है, कभी-कभी रन होता है, और कभी-कभी नहीं होता है। तो यह सब चलता रहता है। उन्होंने (जडेजा) कहा कि थोड़ा-बहुत गलतफहमी थी और मैंने कहा कि यह ठीक है। ऐसा होता है। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है।

### जडेजा ने दूर की चिंता

- 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने पदार्पण में मदद करने के लिए हरफनमौला खिलाड़ी को धन्यवाद दिया। सरफराज अपनी पारी की पहली कुछ गेंदों में आशंकित थे, यहां तक कि स्लॉग स्वीप भी कर रहे थे। सरफराज ने दावा किया कि जडेजा ने उनकी चिंता को शांत किया और उन्हें लंबी पारी खेलने की सलाह दी।
- उन्होंने कहा, जब मैं जडेजा के साथ बल्लेबाजी कर रहा था, तो मैंने उनसे बातचीत करते हुए खेलने के लिए कहा। मुझे इसी तरह खेलना पसंद है। उन्होंने मेरी बहुत मदद की और मेरा समर्थन किया। उन्होंने मेरी घबराहट पर काबू पाने में मेरी मदद की और मुझे जितना हो सके उतना समय बिताने के लिए कहा। क्रीज पर हर चीज को समझना संभव है। मैंने यही किया और रन बनाए।

## सरफराज की इनिंग से इम्प्रैस हुए कुंबले

### कहा- ऐसा कभी नहीं लगा कि यह उनकी पहली टेस्ट पारी है



**राजकोट।** भारत के महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन नए बल्लेबाज सरफराज खान की 62 रनों की पारी से प्रभावित हुए, उन्होंने कहा कि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज मेहमान टीम के स्पिनरों पर हावी रहा और उन्होंने आश्वस्त होकर क्रीज पर प्रदर्शन किया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे सरफराज ने अपनी पहली टेस्ट पारी में 66 गेंदों में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 62 रनों की शानदार पारी खेली। कुंबले ने कहा, ऐसा कभी नहीं लगा कि यह उनकी पहली टेस्ट पारी है। हम सभी उनकी प्रतिभा के बारे में जानते हैं और हमने उन्हें घरेलू स्तर पर स्पिन पर दबदबा बनाते देखा है। लेकिन टेस्ट स्तर पर आपको पूरी तरह से अलग मानसिकता की जरूरत होती है और उस दृष्टिकोण को अपनाना और उन्मुक्त पारी खेलना शानदार था। निश्चित रूप से मार्क वुड द्वारा उनका परीक्षण किया गया था, लेकिन स्पिनरों पर हावी होना उत्कृष्ट था। और जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की - एक गेंद पर एक रन से ज्यादा, शॉट चयन के साथ वह अपने दृष्टिकोण में बहुत आश्वस्त थे। जब उन्होंने गेंदबाजों को निशाने पर लिया, तो अगली गेंद को बैकफुट पर खेला ताकि एक रन लिया जा सके और स्ट्राइक से बाहर जाया जा सके।

पांचवें विकेट के लिए रवींद्र जड़ेजा (नाबाद 110) के साथ 77 रन की साझेदारी में उनका योगदान 62 रन का था, जो किसी नए खिलाड़ी के लिए एक महत्वपूर्ण पारी है। कुंबले ने कहा, हां, सरफराज साझेदारी पर हावी था, लेकिन मैंने सोचा, जडेजा एक खोल में घुस गया और यह कभी-कभी एक मानसिकता बनाता है जहां आप निर्णय लेने के बारे में स्पष्ट नहीं होते हैं। शायद, यही एक कारण और संभावना थी कि मैंने अपने डेब्यू रन-आउट का दुर्भाग्य सरफराज को दे दिया!

उन्होंने कहा, उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की और ऐसे समय में आए जब भारत काफी परेशानी में था। उन्हें सरफराज खान से पहले प्रमोट किया गया और फिर कप्तान रोहित शर्मा के साथ उन्होंने शानदार साझेदारी की। फिर एक बार जब रोहित आउट हो गए तो उन्होंने जारी रखा और वह कल भी नई शुरुआत करने के लिए क्रीज पर मौजूद हैं। इसलिए, जडेजा के लिए एक और शतक - जैसा कि हम पिछले कुछ वर्षों से चर्चा कर रहे हैं, वह न केवल गेंद से बल्कि बल्ले से भी उत्कृष्ट रहे हैं।

### जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की...

## मांजरेकर ने सरफराज के आक्रामक रवैये की सराहना की

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने निरंजन शाह स्टेडियम में पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी पारी के दौरान आक्रामक रुख के लिए सरफराज खान की सराहना की। सरफराज की कड़ी मेहनत तब सफल हुई जब उन्होंने अपने पदार्पण मैच में छठे नंबर पर आते हुए 66 गेंदों में 62 रनों की पारी खेली। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और एक बड़ा स्कोर बनाने की ओर अग्रसर दिखे। हालांकि स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा के साथ गलतफहमी के कारण उनकी शानदार पहली पारी रन आउट के साथ समाप्त हुई। कमेंटेटर ने दावा किया कि ऐसा लग रहा था कि दाएं हाथ का बल्लेबाज अपनी पारी के दौरान असाधारण था। उन्होंने कहा, असाधारण। उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की वह अतीत के किसी खिलाड़ी की तरह थी जो स्पिन खेलने के तरीके से वर्तमान में आ गया है। यह दुखती आंखों, लैंथ के बारे में उनकी परख और जिस तरह से उन्होंने सबसे कम उम्र में अच्छी गेंदों का इस्तेमाल किया, वह देखने लायक था। बल्लेबाज सिर्फ ब्लॉक करेंगे और डॉट बॉल बनाएंगे। लेकिन वह सिंगल ले रहे थे, स्पिन के खिलाफ शानदार थे और बैकफुट पर भी खेल रहे थे। 58 वर्षीय ने आगे कहा कि सरफराज जिस तरह से खेलते हैं वह बहुत पुराने जमाने का है। मांजरेकर ने कहा, यहां तक कि जब उन्होंने स्पिन को उछाला, तो यह पूर्व नियोजित नहीं था। वह गेंद की ओर गए और आखिरी मिनट में गेंद को हवा में मारने का फैसला किया, इसलिए यह एक चिप शॉट की तरह था।



## बेन डकेट का शतक, इंग्लैंड मजबूत स्थिति में



भारत ने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) के शतकों की बदौलत पहली पारी में 445 रन बनाए। मार्क वुड ने चार विकेट अपने नाम किए जबकि रेहान अहमद को दूसरे दिन 2 विकेट मिले। इंग्लैंड ने 2 विकेट गंवाकर बेन डकेट की शतकीय पारी की बदौलत दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 207 रन बनाए। डकेट ने 118 गेंदों पर 133 रन बनाए जिसमें 21 चौके और 2 छक्के शामिल थे।

टीम इंडिया की शुरूआत खराब रही। इंगलैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने उछाल भरी पिच पर शुरूआत से ही अटैक किया और यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के विकेट निकाल लिए। इन दोनों बल्लेबाजों ने विशाखापत्तनम टेस्ट में क्रमशः दोहरा शतक और शतक लगाया था। इसके बाद डैब्यू टेस्ट खेल रहे रजत पाटीदार 15 गेंदों पर 5 रन बनाकर आऊट हो गए। कप्तान रोहित ने इसके बाद रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। रोहित ने शतक लगाया और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। रोहित ने 196 गेंदों पर 14 चौके और 3 छक्कों की मदद से 131 रन बनाए। वह मार्क वुड का शिकार बने। भारतीय टीम की ओर से जडेजा ने 198 गेंदों पर शतक जमाया तो वहीं, सरफराज भी तेजतर्रार अर्धशतक लगाने में सफल रहे। सरफराज 66 गेंदों पर 9 चौके और एक छक्के की मदद से 62 रन बनाने में कामयाब रहे।

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने 326/5 के स्कोर के आगे खेलते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 347 रन बना लिए हैं। कुलदीप यादव (4) जेम्स एंडरसन के हाथों कैच आउट हुए जबकि दिन का दूसरा विकेट जडेजा (225 गेंदों पर 112 रन, 9 चौके और 2 छक्के) का गिरा जो शतकीय पारी खेलकर पवेलियन लौटे। जडेजा रूट की गेंद पर उन्हीं के हाथों कैच आउट हुए। अश्विन 37 रन पर रेहान अहमद का शिकार बने और एंडरसन को कैच थमा बैठे। इसके बाद रेहान ने ध्रुव जुरेल (46) को अपना शिकार बनाया जो अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए।

### यह 3 रिकॉर्ड बन सकते हैं

- बेन स्टोक्स गैरी सोबर्स और जैक्स कैलिस के साथ इस प्रारूप में 6000 रन और 200 विकेट का डबल पूरा करने से तीन विकेट दूर हैं।
- रविचंद्रन अश्विन इस फॉर्मेट में 500 लेने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बनने से 1 विकेट दूर हैं।
- इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भी 700 विकेट पूरे करने से पांच विकेट ही दूर हैं। उनका आगामी लक्ष्य शेन वार्नर (708 विकेट) को पीछे छोड़ना होगा।

## हांगकांग को हराकर भारतीय महिला टीम ने एतिहासिक पदक सुनिश्चित किया



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया।

अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी करते हुए सिंधू ने अपने से निचली रैंकिंग वाली लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-7, 16-21, 21-12 से जीत दर्ज की। इसके बाद तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 35 मिनट में 21-10, 21-14 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर 21-12, 21-13 की आसान जीत से भारत की जीत सुनिश्चित की और टीम के लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का किया। टीम के साथ मौजूद पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने शाह आलम से पीटीआई को बताया, ''यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''थोड़ा ड्रिफ्ट था इसलिए शुरू में शटल को नियंत्रित करना मुश्किल था क्योंकि शटल बाहर जा रही थी। ड्रिफ्ट के कारण एक छोर से मुश्किल होने के कारण सिंधू को थोड़ा जूझना पड़ा लेकिन यह एक अच्छा परिणाम है, हम सेमीफाइनल में हैं।''

दुनिया की 77वें नंबर की खिलाड़ी लो के खिलाफ सिंधू ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में 11-1 की बढ़त बनाई। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधू और लो के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और दोनों खिलाड़ी 10-10 पर बराबरी पर थीं। हांगकांग की खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई लेकिन खेल दोबारा शुरू होने पर लगातार चार अंक के साथ बढ़त 15-10 कर दी। सिंधू को शटल को नियंत्रित करने में परेशानी हो रही थी और उन्होंने कई शॉट नेट पर और बाहर मारे। लो ने भी इस बीच कुछ अच्छे स्मैश लगाए और दूसरा गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया।

## पिच पर दौड़े बल्लेबाज, भारत पर लगी पेनल्टी, जानें क्या कहता है नियम

**राजकोट।** भारत पर शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान उसके बल्लेबाजों के पिच के बीच में दौड़ने के दूसरे अपराध के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया गया। इस पेनल्टी का मतलब है कि इंग्लैंड अपनी पहली पारी की शुरुआत कोई भी गेंद फेंके जाने से पहले बिना विकेट खोए पांच रन से करेगा। ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन के पिच के बीच में दौड़ने के कारण भारत पर जुर्माना लगा। मैदानी अंपायर जोएल विल्सन ने अश्विन को फटकार लगाई। दूसरे दिन के खेल के दौरान भारतीय पारी के 102वें ओवर की तीसरी गेंद के बाद विल्सन को पिच के बीच में दौड़ने के लिए अश्विन के साथ बातचीत करते देखा गया। इससे पहले रविंद्र जडेजा ने भी पहले दिन के खेल के दौरान ऐसा किया था। अश्विन ने रेहान अहमद की गेंद को खेला और बिना यह समझे कि वह कहां दौड़ रहे हैं तुरंत एक रन लेने के लिए दौड़ पड़े।



# जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को डिटेक्ट हुआ कैंसर, इलाज के लिए मांगी कोर्ट से जमानत

**मुंबई एजेंसी।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को कैंसर होने की बात सामने आई है। ये जानकारी सामने आने के बाद गुरुवार को एक विशेष अदालत के समक्ष याचिका दायर कर कैंसर बीमारी के इलाज के लिए गोयल ने अंतरिम जमानत की मांग की है।

अदालत ने गोयल की मेडिकल रिपोर्ट की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का प्रारंभिक आदेश पारित किया क्योंकि ईडी ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगा था।

पिछले महीने, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने गोयल को निजी डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा परीक्षण कराने की अनुमति दी थी।

अंतरिम जमानत की याचिका में जेट एयरवेज के संस्थापक गोयल ने कहा कि निजी डॉक्टरों द्वारा किए गए परीक्षण के दौरान घातक बीमारी कैंसर का पता चला। उनके मेडिकल रिकॉर्ड के अनुसार, गोयल की आंत में छोटे ट्यूमर (छोटे ट्यूमर के लिए सामान्य स्थान) हैं, जिन्हें न्यूरो एंडोक्राइन ट्यूमर (धीमी गति से बढ़ने वाला कैंसर) कहा जाता है। उन्हें गंभीर रिफ्लक्स एसोफैगिटिस के साथ लगभग 35 सेमी से 40 सेमी का हायटस हर्निया भी है, जो एक चिकित्सीय स्थिति है जो तब होती है जब पेट का ऊपरी हिस्सा डायाफ्राम के माध्यम से छाती गुहा में उभर जाता है। उनकी रिपोर्ट में मध्य और निचले अन्नप्रणाली के जंक्शन पर संकुचन का एक छोटा खंड भी सामने आया, जो बैरट के अन्नप्रणाली का संकेत है, जो एक पूर्व-कैंसर वाली स्थिति है। गोयल के आवेदन में कहा गया है कि उनकी बायोप्सी को हिस्टोपैथोलॉजिकल विश्लेषण और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री के लिए भेजा गया था।



याचिका में कहा गया है कि निष्कर्षों के आधार पर यह जरूरी है कि गोयल कैंसर के चरण को निर्धारित करने के लिए पीईटी स्कैन से गुजरें, जिसके आधार पर डॉक्टर सर्जरी, कीमोथेरेपी सहित उपचार की दिशा निर्धारित करने में सक्षम होंगे।

**डॉक्टरों ने दी तुरंत उपचार की सलाह**

याचिका में कहा गया है कि डॉक्टरों ने आवेदक के मामले में उत्पन्न होने वाली किसी भी घातक समस्या को रोकने के लिए आक्रामक और तत्काल उपचार की सलाह दी है। विशेष लोक अभियोजक सुनील गोंसाल्वेस ने प्रस्तुत किया कि ईडी के निर्देशानुसार जे जे अस्पताल का एक मेडिकल बोर्ड गठित किया जाए और गोयल के मेडिकल कागजात को राय के लिए उसके पास भेजा जाए, जिसके बाद ईडी अधिक स्पष्टता के साथ अपना जवाब प्रस्तुत करेगा। गोंसाल्वेस ने कहा कि वे (ईडी) सीधे तौर पर विभिन्न परीक्षण परिणामों और गोयल के आवेदन के साथ संलग्न मेडिकल कागजात पर भरोसा करने और राय देने और उसके अनुसार जवाब दाखिल करने के विशेषज्ञ नहीं हैं। गोयल के वकील ने कहा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन उन्होंने कहा कि मेडिकल बोर्ड का गठन जल्द से जल्द किया जाना चाहिए ताकि प्रक्रिया में लगने वाले समय का आरोपी के स्वास्थ्य पर असर न पड़े। दोनों पक्षों को सुनने के बाद, अदालत ने कहा कि जेजे अस्पताल के डीन से अनुरोध है कि ईडी के अनुरोध के अनुसार एक मेडिकल बोर्ड का गठन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### वकीलों की सेवा उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में नहीं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट को गुरुवार को बताया गया कि वकील या लीगल प्रैक्टिशनर डाक्टरों और अस्पतालों की तरह अपने काम का विज्ञापन नहीं कर सकते हैं और इसलिए उनकी सेवाओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत नहीं लाया जा सकता है। सुप्रीम के सामने कही ये बात एक वकील और एक डाक्टर द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के बीच अंतर करते हुए बार निकायों और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील नरेंद्र हुडा ने जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ के समक्ष कहा कि एक वकील का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य अदालत के प्रति है क्योंकि उसे कोर्ट में एक अधिकारी के रूप में कार्य करना होता है न कि अपने मुवक्किल के प्रति। बार काउंसिल ऑफ इंडिया, दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन और बार ऑफ इंडियन लायर्स जैसे बार निकायों और अन्य व्यक्तियों ने याचिकाओं के एक समूह में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 2007 के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया है कि अधिवक्ता और उनकी सेवाएं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के दायरे में आती हैं। गुरुवार को इसी मामले में बहस हो रही थी। हुडा के तर्क के बाद अदालत ने कहा कि जब खराब सेवा या लापरवाही को लेकर डॉक्टर को उपभोक्ता अदालतों में लाया जा सकता है तो वकीलों पर मुकदमा क्यों नहीं चलाया जा सकता।

### पूर्व सीएम जयललिता के आवास को स्मारक में बदलने का अधिनियम रद्द

**चेन्नई एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता के पोएस गार्डन आवास को स्मारक में बदलने के लिए 2020 में पारित एक अधिनियम को निरस्त कर दिया। तमिलनाडु पुरैची थलाइवी डा जे जयललिता मेमोरियल फाउंडेशन अधिनियम, 2020 को पूर्व अन्नाद्रमुक सुप्रीमो के निवास वेद निलयम को स्मारक में बदलने के लिए एक फाउंडेशन स्थापित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। 24 नवंबर 2021 को मद्रास हाई कोर्ट ने सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था और निर्देश दिया कि दिवंगत मुख्यमंत्री के घर की चाबियां उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को सौंप दी जाएं। इसके बाद 11 दिसंबर, 2021 को चाबियां उनकी भतीजी जे दीपा को सौंप दी गई, जो मामले में याचिकाकर्ता थीं। इस प्रकार जिस उद्देश्य के लिए उपरोक्त अधिनियम लागू किया गया था वह अब मौजूद नहीं है और अधिनियम महत्वहीन हो गया है। इसलिए, सरकार ने निर्णय लिया है उक्त अधिनियम को निरस्त कर दिया जाए।

### छत्तीसगढ़ में अपराधियों के लिए छोटी पड़ रही जेल

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में जेल विभाग के द्वारा कैदियों की जानकारी ने सभी को हैरत में डाल दिया है। हैरान करने वाली बात यह है कि प्रदेश की 33 में से 24 जेलों में क्षमता से ज्यादा कैदियों को रखा जा रहा है। यानी इससे यह पता चलता है कि दिनों-दिन अपराध का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ की जेलों की मौजूदा क्षमता 14,383 की तुलना में 18 हजार से अधिक कैदी बंद हैं। जिसकी जानकारी छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दी है। राज्य के गृह विभाग भी संभाल रहे विजय शर्मा ने भाजपा विधायक संपत अग्रवाल के सवाल के लिखित जवाब में बताया है कि इस वर्ष 31 जनवरी तक राज्य के केंद्रीय, जिला और उप जेलों में 14,383 की क्षमता के मुकाबले 18,442 कैदी बंद थे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आगे जानकारी देते हुए यह बताया कि प्रदेश में 5 केंद्रीय जेल, 20 जिला जेल और 8 उप जेल हैं। सभी पांच केंद्रीय जेलों, 14 जिला जेलों और पांच उप जेलों सहित 24 जेलों में क्षमता से अधिक कैदी हैं। वहीं इसके अलावा 9 जेलों में क्षमता से कम कैदी हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि रायपुर की केंद्रीय जेल में 1,586 की क्षमता के मुकाबले 3,076 कैदी हैं।

## उद्धव के लिए बीजेपी के दरवाजे सदा के लिए बंद हो चुके हैं: देवेंद्र फडणवीस





**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का बिगुल लगभग बज चुका है। सिर्फ तारीखों का ऐलान बाकी है। सियासी दल अपने-अपने समीकरण साधने में जुट गए हैं। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के एनडीए में वापसी की अटकलों के बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया है कि बीजेपी के लिए उद्धव के दरवाजे सदा के लिए बंद हो चुके हैं। फडणवीस ने कहा, उन्होंने हमें चोट पहुंचाई है। वे हमारी गलत तरीके से आलोचना करते हैं। वे प्रधानमंत्री को गालियां देते हैं। जब मन और भावनाएं आहत होती हैं तो चीजों को सुलझाना मुश्किल होता है। वहीं, अजित पवार गुट को असली एनसीपी के तौर पर मान्यता देने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि स्पीकर ने संविधान के अनुरूप काम किया है। उन्होंने कहा, नतीजा सामने है, कोई तनाव नहीं। मैंने सुना है कि उन्हें शरद पवार गुट को न तो पार्टी का नाम मिला और न ही चुनाव चिह्न। एक क्षेत्रीय समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री महायुति (जिसमें भाजपा, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल होगी) से होगा क्योंकि उसे विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलने की गारंटी है। आपको बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि उप मुख्यमंत्री अजित पवार नीत राकांपा का गुट असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है, और संविधान में मौजूद दल-बदल रोधी प्रावधानों का इस्तेमाल आंतरिक असहमति को दबाने के लिए नहीं किया जा सकता। अजित पवार और उनके चाचा शरद पवार द्वारा एक-दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करते हुए विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) ने उल्लेख किया कि अजित खेमा ने जब जुलाई 2023 में महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने का फैसला किया था।

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री का दावा, 70 दिनों में 25,000 नौकरियों में हुई भर्ती

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को दावा किया कि राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बनने के 70 दिनों के भीतर 25,000 नौकरी पदों पर भर्ती की गई। एलबी स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में गुरुकुलम में चयनित शिक्षकों को नियुक्ति आदेश सौंपने के बाद उन्होंने यह बात कही। स्टेडियम एलबी में लगातार दूसरे दिन नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम हुआ।



मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने बुधवार को 13 हजार से अधिक नवनियुक्त पुलिस सिपाहियों को नियुक्ति पत्र सौंपा था। मुख्यमंत्री ने इससे पहले नर्सिंग अधिकारियों और सिंगरेनी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने सरकारी विभागों में भर्ती की पूरी तरह से उपेक्षा की थी। उन्होंने टिप्पणी की कि राज्य में बीआरएस की नौकरी छूटने के बाद लोगों को तेलंगाना में नौकरियां मिलनी शुरू हो गई।

उन्होंने कहा कि 30 लाख बेरोजगार युवाओं से किये गये वादे के अनुरूप कांग्रेस सरकार ने भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तर्ज पर तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) के जरिए पारदर्शी तरीके से भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रुप आई की परीक्षा जल्द ही आयोजित की जाएगी। उन्होंने पूछा, बीआरएस ने 3,650 दिनों तक सत्ता में रहने के बावजूद नौकरियां क्यों नहीं दीं।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस शासन के दौरान टांडास और दूरदराज के गांवों में 6,450 एकल शिक्षक स्कूल बंद कर दिए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही मेगा डीएससी के जरिए शिक्षक भर्ती करेगी और सभी गरीबों के दरवाजे पर शिक्षा सुविधाएं प्रदान करेगी।

उन्होंने घोषणा की कि सभी गुरुकुलम स्कूलों को एक छतरी के नीचे लाया जाएगा। एससी, एसटी और अल्पसंख्यकों के लिए गुरुकुलम स्कूल प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 20 एकड़ भूमि में एक परिसर में स्थापित किए जाएंगे। सरकार इसे कोडंगल में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लेगी और सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक ही मॉडल लागू करेगी। अधिकारियों को सभी निर्वाचन क्षेत्रों में गुरुकुलम स्थापित करने के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने का निर्देश दिया।

### भीषण सड़क हादसा, आमने-सामने टकराए बस और स्कॉर्पियो, 5 की दर्दनाक मौत

**बिकानेर, एजेंसी।** राजस्थान के बिकानेर में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां बस और स्कॉर्पियो की आपस में भिड़त हो गई जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई है। सभी लोग गुजरात के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मरने वालों में 2 पुरुष, दो महिलाओं और एक लड़की बताई जा रही है। घटना भारतमाला एक्सप्रेस वे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुक्रवार सुबह पुलिस और स्कॉर्पियो की आमने सामने तेज टक्कर हो गई जिसमें 5 लोगों की मौत हुई है। इन पांच लोगों की पहचान डॉ प्रतीक, उनकी पत्नी हेतल उनकी बेटी, कम्यूनिस्ट हेल्थ ऑफिसर पूजा और उसके पति शामिल है। जानकारी के मुताबिक हादसे के दौरान वहां मौजूद लोगों ने बताया कि बस के साथ स्कॉर्पियो की गाड़ी इतनी भीषण थी कि गाड़ी बिल्कुल पिचक गई।

### फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को चुनाव में सीमा से अधिक धन खर्च करने का ठहराया दोषी

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को पेरिस अपील की अदालत ने अवैध अभियान वित्तपोषण का दोषी पाया, जिसने उन्हें एक साल की जेल की सजा दी, इसमें से आधी सजा निलंबित कर दी गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने पाया कि सरकोजी ने 2012 में अपने राष्ट्रपति अभियान के लिए 42.8 मिलियन यूरो (45.9 मिलियन डॉलर) खर्च किए थे, जबकि उस समय फ्रांस में अधिकतम स्वीकार्य राशि 22.5 मिलियन यूरो थी।

फ्रांसीसी प्रेस के अनुसार, बड़े पैमाने पर हुई अधिकता को छुपाने के लिए दोहरे चालान की एक प्रणाली स्थापित की गई। सरकोजी को निस्संदेह उन धोखाधड़ी से लाभ हुआ जिसने उन्हें कानून द्वारा अधिकृत लोगों की तुलना में कहीं अधिक साधन दिए। हालांकि, जांच से यह स्थापित नहीं हुआ कि उन्होंने उन्हें आदेश दिया था, या कि उन्होंने उनमें भाग लिया था या यहां तक कि उन्हें उनके बारे में सूचित किया गया था। उनके वकील ने संवाददाताओं से कहा, सरकोजी इस मामले को फ्रांस की सर्वोच्च अदालत में ले जाएंगे। 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे सरकोजी को कई कानूनी मामलों का सामना करना पड़ा। उन आरोपों पर 2025 में मुकदमा शुरू होगा कि उन्होंने 2007 के अपने अभियान के लिए लीबिया से धन स्वीकार किया था। 2021 में एक अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार और प्रभाव फैलाने के लिए तीन साल की जेल की सजा सुनाई, जिसमें दो निलंबित भी शामिल थे। उन्होंने किसी भी गलत काम से इनकार किया।

## ब्रिटेन में ब्रिटिश-भारतीय के साथ मिलकर बाल शोषण साइट चलाने वाले व्यक्ति को जेल

**लंदन, एजेंसी।** एक भारतीय मूल के डॉक्टर और उसके लिए काम करने वाले कई अन्य लोगों के साथ डार्क वेब पर बाल यौन शोषण के लिए समर्पित साइटें बनाने और संचालित करने वाले एक मैकेनिक को ब्रिटेन में 16 साल की जेल हुई है। चेशायर के नाथन बेक (28) द एनेक्स नामक साइट के यूके स्थित तीन मॉडरेटरों में से एक थे।

उन्होंने साइट के नियमों को लागू करने और यह सुनिश्चित करने के लिए लगभग 30 स्टाफ सदस्यों के साथ काम किया ताकि यह सुचारू रूप से चलता रहे। उन्हें बुधवार को चेस्टर क्राउन कोर्ट ने 16 साल की कैद की सजा सुनाई, यौन अपराधियों के रजिस्टर में आजीवन नाम दर्ज किया गया और आजीवन यौन क्षति निवारण आदेश दिया गया।

मुख्य मॉडरेटर के रूप में नाथन बेक द एनेक्स की कमान में दूसरे स्थान पर थे, जो अब सक्रिय नहीं है। इसके लगभग 90 हजार ग्लोबल सदस्य थे, जिन्होंने इसका उपयोग दुर्व्यवहार सामग्री को साझा करने





और चर्चा करने के लिए किया था, जिसमें हर्टकोर और शिशुओं और बच्चों का यौन शोषण शामिल था। लंदन के 33 वर्षीय भारतीय मूल के मनोचिकित्सक कबीर गर्ग, स्टाफ सदस्यों में से एक थे। वह मॉडरेटर के रूप में साइट के पदानुक्रम में नाथन बेक के बाद थे।

बच्चों के यौन शोषण को बढ़ावा देने, बच्चों की अश्लील तस्वीरें बनाने और वितरित करने के तीन-तीन मामले और प्रतिबंधित तस्वीरें रखने सहित आठ आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें पिछले साल छह साल की जेल हुई थी। राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के वरिष्ठ जांच अधिकारी डैनियल वेवेल ने कहा, बेक उन चुनिंदा व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने एनेक्स को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वैश्विक स्तर पर बाल यौन शोषण को बढ़ावा देने में सक्षम थे।

### खुद जो बाइडन भी परेशान हैं; महीने भर में 7 भारतीयों की हत्या से अमेरिका में सनसनी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** हाल के दिनों में अमेरिका में रह रहे भारतीयों पर हमले के मामले बढ़ गए हैं। इस पर अमेरिकी सरकार ने चिंता जताई है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका में नस्ल, लिंग या किसी भी आधार पर हिंसा अस्वीकार्य है। अमेरिकी नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनका प्रशासन इन हमलों को रोकने की पूरी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि खुद राष्ट्रपति बाइडन भी परेशान हैं और किसी भी भेदभाव के आधार पर भारतीयों पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए किर्बी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के शासन में हिंसा की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा, नस्ल या लिंग या धर्म या किसी अन्य कारक पर आधारित किसी तरह की हिंसा के लिए कोई बहाना नहीं चल सकता है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में बिल्कुल अस्वीकार्य है।

किर्बी का यह बयान तब आया है, जब वॉशिंगटन में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान संवाददाताओं ने उनसे भारतीय छात्रों पर हो रहे लगातार और सिलसिलेवार हमलों के बारे में पूछा। इस पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन और उनका प्रशासन भारतीय और भारतीय अमेरिकी छात्रों पर हमलों को विफल करने और बाधित करने की कोशिशों में जुटा है।

बता दें कि अमेरिका में महीने भर के अंदर 4 भारतीय छात्रों और 3 भारतीय मूल के लोगों की हत्या हो चुकी है।

# सैन्य ऑपरेशन को लेकर बाइडन ने फिर नेतन्याहू को चेताया

**गाजा, एजेंसी।** हमास और इस्राइल के बीच बीते पांच महीने से जंग जारी है। पिछले साल सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमास के घातक हमले के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने हैं। इस लड़ाई के बीच मिस्र से लगी रफा सीमा पर इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने कार्रवाई शुरू की है। कार्रवाई यहीं तक सीमित नहीं है बल्कि इस्राइल ने आगे जमीनी हमले के भी संकेत दिए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बार फिर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को नागरिकों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सैन्य अभियान चलाने की हिदायत दी है। व्हाइट हाउस ने बताया कि जो बाइडन ने गुरुवार को इस्राइली पीएम से कहा कि उन्हें फलस्तीनी नागरिकों की रक्षा के लिए एक भरोसेमंद और जमीन पर उतारी जाने लायक योजना के बिना रफा सीमा पर सैन्य कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार गुरुवार को दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। इस दौरान बाइडन ने नेतन्याहू को गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में जाने के बारे में चेतावनी दी। इसके अलावा, बंधकों को रिहा कराने को लेकर भी बात हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बंधकों को मुक्त करने के लिए चौबीसों घंटे काम करना जारी रखने का वादा किया।

गाजा की कुल आबादी 23 लाख है, जिसमें से आधे से अधिक अब रफा में हैं। यहां हजारों लोग विशाल तम्बू शिविरों और भीड़ भरे संयुक्त राष्ट्र के आश्रयों में रह रहे हैं। आश्रय के अलावा यह रफा मदद का द्वार भी बन चुका है। दरअसल, गाजा पट्टी में लोगों और सामानों की आवाजाही तीन क्रॉसिंगों के जरिए होती है। इसमें





पहला रफा क्रॉसिंग है जिसका नियंत्रण मिस्र के पास है। दूसरा इरेज और तीसरा केरम शालोम क्रॉसिंग जिनका नियंत्रण इस्राइल करता है। युद्ध से पहले मानवीय सहायता के लिए केरम शालोम प्राथमिक मार्ग था। यह और इरेज दोनों अब बंद हो गए हैं। इस तरह से रफा गाजा से अंदर और बाहर जाने का एकमात्र रास्ता रह गया है। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में, व्हाइट हाउस ने बताया था कि राष्ट्रपति बाइडन और नेतन्याहू के बीच फोन पर लगभग 45 मिनट तक बातचीत हुई थी। इस दौरान बाइडन ने गाजा पट्टी में इस्राइल की सैन्य कार्रवाई में फलस्तीनी नागरिकों की बढ़ती मौत पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया था कि बाइडन और नेतन्याहू की बातचीत मुख्य रूप से गाजा में हमास द्वारा रखे गए शेष 132 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए चल रहे प्रयासों पर केंद्रित रही थी।

हाल के हफ्तों में बंधकों की रिहाई की दिशा में अच्छी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा था कि बंधकों की रिहाई के लिए समझौता काफी हद तक सहमति बन चुकी है। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति बाइडन ने चर्चा के दौरान जल्द से जल्द सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए इस प्रगति को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHI/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129